श्रावण कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 29 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 125, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत को हराकर श्रीलंका बना चैंपियन 17
ठिठुरती ठंड में तमन्ना ने शूट किया था स्त्री 2 का गाना 18



## मनु ने रचा इतिहास, जीता कांस्य

**शेटराउ (फ्रांस)।** स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने 12 साल के इंतजार को खत्म किया और पेरिस ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोला। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज भी बनीं। कांस्य पदक जीतने के बाद मनु भाकर ने कहा, टोक्यो ओलंपिक के बाद मैं बहुत निराश थी और मुझे इससे उबरने में बहुत लंबा समय लगा। सच कहूं तो मैं यह नहीं बता सकती कि आज मैं कितना अच्छा महसूस कर रही हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए पहला पदक जीतने के लिए मनु भाकर को बधाई। यह सफलता इसलिए और भी खास है क्योंकि वह भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं। कमाल की उपलब्धि। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, भारत ने अपने ओलंपिक अभियान की शुरुआत सुयोग्य पदक के साथ की है। महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर को हमारी बधाई। उन्होंने कहा, आपकी उपलब्धि आपके असाधारण कौशल और दृढ़ता का प्रमाण है। हमें आप पर बेहद गर्व है।

**10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल**

**ओलंपिक में खुला भारत का खाता**

- प्रधानमंत्री मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने जीत पर बधाई दी

## सीयूईटी-यूजी का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के परिणाम रविवार को घोषित कर दिए, जिससे स्नातक दाखिला प्रक्रिया शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया। दाखिला प्रक्रिया में इस वर्ष विलंब हो गया है। एनटीए ने सात जुलाई को सीयूईटी-यूजी 2024 की उत्तर कुंजी जारी कर दी थी, जिससे नतीजों की घोषणा का रास्ता साफ हो गया है। लगभग एक हजार अभ्यर्थियों की शिकायत सही पाये जाने पर उनकी दोबारा परीक्षा 19 जुलाई को आयोजित की गई थी। नीट-यूजी और यूजीसी-नेट परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर विवाद के बीच सीयूईटी-यूजी के नतीजों में देरी हुई।

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव 2027 में विजयश्री का सौंपा गया लक्ष्य**

## योगी के नेतृत्व को हाईकमान की हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में मोदी ने की तारीफ, अर्थव्यवस्था सुशासन पर फोकस

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद अपनों के निशाने पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नई दिल्ली में मुख्यमंत्री परिषद की बैठक के बाद और मजबूत होकर उभरे हैं। हाईकमान ने योगी के नेतृत्व को प्रदेश के लिए उपयोगी मानते हुए दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव के साथ वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की बागडोर भी सौंपी है।

दिल्ली रवाना होने से पहले प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक से मतभेद को लेकर तमाम राजनीतिक अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन, ईमानदार व कुशल प्रशासक की पहचान बना चुके मुख्यमंत्री योगी ने अपनी साख बनाये रखी। उनकी स्वच्छ व पारदर्शी कार्यशैली को हाईकमान का पूरा साथ मिला है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने भाजपा मुख्यालय में रविवार को भी मुख्यमंत्री के साथ मिलकर दोनों उप मुख्यमंत्रियों को एकजुटता दिखाने का संदेश दिया। इस बात पर भी जोर दिया गया कि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सम्मान किया जाए। मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में मुख्यमंत्री योगी के समग्र प्रयासों की सराहना की। विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ सुशासन को लेकर मिशन मोड में काम करने वाले योगी को ऊर्जावान भी बताया।

### एक नजर

**मणिपुर में यूएनएलएफ के चार उग्रवादी गिरफ्तार**

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पंबेई) के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस नियंत्रण कक्ष द्वारा जारी बयान में कहा गया कि इंफाल पश्चिम जिले के चिंगमेइरोंग इलाके से शुक्रवार को चारों उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। चारों पर गोलीबारी करने, नागरिकों पर हमला करने सहित अन्य आरोप हैं। पुलिस ने शनिवार को काकचिंग जिले के तेजपुर आईवीआर से प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनगांबा) के एक सदस्य को भी गिरफ्तार किया है।

**दंतेवाड़ा में नक्सलियों का शहीद स्मारक किया ध्वस्त**

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) बस्तर फाइटर्स ने नक्सलियों के 'शहीद सप्ताह आयोजन' के पहले ही उनके 'स्मारक' को ध्वस्त कर दिया है। नक्सली हर साल 28 जुलाई से तीन अगस्त तक अपने मारे गए नक्सली साथियों की याद में 'नक्सल शहीद स्मृति सप्ताह' मनाते हैं। थाना बारसूर क्षेत्र के ग्राम कोसलनार मंगनार में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना व कोसलनार क्षेत्र में 'शहीद सप्ताह' के आयोजन किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर डीआरजी बस्तर फाइटर्स नक्सल गश्त तलाश अभियान चलाया गया।

# सत्र आज से, सरकार को घेरने की तैयारी

## विधानमंडल के दोनों सदनों में गूंजेंगे कानून-व्यवस्था, जाति जनगणना, बिजली, बेरोजगारी समेत कई मुद्दे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार 29 जुलाई से शुरू होगा। विपक्ष ने कानून-व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी की है। ऐसे में दोनों सदन विधानसभा व विधान परिषद के हंगामेदार होने की संभावना है।

लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश विधानमंडल का पहला सत्र शुरू हो रहा है। इस सत्र में सरकार करीब 25 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट लाने के साथ ही कई विधेयक पारित कराने की तैयारी में है।

इस बार विधानसभा का सदन कुछ बदला हुआ दिखेगा, क्योंकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव नेता प्रतिपक्ष के तौर पर नहीं होंगे, पर मुख्य विपक्षी दल सपा के साथ ही कांग्रेस व बसपा ने सरकार को घेरने की रणनीति तैयार कर ली है। पूरे विपक्ष ने कानून-व्यवस्था, जाति जनगणना, बिजली, बेरोजगारी, महंगाई, बाढ़, कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानदारों के लिए नेम प्लेट लगाने, बस्तियों पर बुलडोजर चलाने जैसे मुद्दे उठाने की तैयारी कर ली है।

**30 जुलाई को पेश होगा अनुपूरक बजट :** राज्य सरकार विधानमंडल में 30 जुलाई को अनुपूरक बजट पेश करेगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बजट पेश करेंगे। बजट के जरिए राज्य सरकार प्रयागराज में प्रस्तावित कुंभ मेला, प्रदेश की औद्योगिक व विकास परियोजनाओं, नए बिजली उत्पादन घरों के निर्माण व विस्तार, पर्यटन विभाग की योजनाओं को गति देने के लिए अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था करेगी।



विधानमंडल का सत्र शुरू होने से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक में भाग लेते विधायकगण। ● अमृत विचार

### सर्वदलीय बैठक में महाना ने दी सलाह-शालीनता व संसदीय मर्यादा में करें बहस

मानसून सत्र को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सदस्य शालीनता व संसदीय मर्यादा में रहकर बहस करें। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सार्थक चर्चा करने व जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने की अपील की। उन्होंने सत्र के सुचारू संचालन के लिए सभी दलों के नेताओं से सहयोग का अनुरोध किया। इस दौरान विपक्षी दलों के नेताओं ने प्रदेश में सूखा, बाढ़ की विभीषका और अघोषित बिजली कटौती समेत जनता से जुड़े मुद्दों पर सदन मे चर्चा कराने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने उठाए गए मुद्दों पर उचित कार्यवाही करने को कहा। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आश्वस्त किया कि सरकार सभी मुद्दों पर सकारात्मक कार्यवाही के लिए प्रतिबद्ध है।

### कमाल अख्तर बनाए गए सपा के मुख्य सचेतक



मुरादाबाद में कांठ सीट से विधायक पूर्व मंत्री कमाल अख्तर को विधानसभा में पार्टी का मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बड़े वर्ग को साथ रखने का संदेश दिया है। सपा में कमाल अख्तर की कद्दावर नेताओं में गिनती है, वे सपा सरकार में दो बार मंत्री रह चुके हैं, साथ ही 2004 में राज्यसभा सदस्य भी रह चुके हैं। हालांकि 2017 में हसनपुर सीट से विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। 2014 की मोदी लहर में अमरोहा सीट पर कमाल अख्तर की पत्नी हुमेरा अख्तर 3 .70 लाख मत प्राप्त कर दूसरे नंबर रही थीं। इसके अलावा विधायक महबूब अली व ओम प्रकाश सिंह को अधिष्ठाता मंडल में शामिल किया गया है।

### विधानसभा में माता प्रसाद पांडेय बने नेता प्रतिपक्ष



सपा विधायक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडे विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए गए हैं। मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी की ओर से माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने का पत्र भेजे जाने के बाद विधानसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर दी। माता प्रसाद सिद्धार्थनगर की इटवा सीट से विधायक हैं। वह प्रदेश विधानसभा के दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सपा विधायक दल की बैठक में सदन में विभिन्न जिम्मेदारी निभाने वाले नेताओं के नामों पर सहमति दी। इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव नेता प्रतिपक्ष थे। कन्नौज से सांसद चुने जाने के बाद उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

## कॉलेजों के बारे में अभ्यर्थी स्वयं जानकारी करें

- नीट-यूजी काउंसिलिंग के लिए निर्देश जारी

**लखनऊ।** राज्य सरकार के निर्देश के बाद चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय (डीजीएमई) ने नीट यूजी 2024 की काउंसिलिंग की तैयारी शुरू कर दी है। एमबीबीएस व बीडीएस सीटों पर दाखिला प्रक्रिया ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू करने के लिए डीजीएमई ने शनिवार देर रात दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईए) से कराई जाने वाली काउंसिलिंग को लेकर डीजीएमई ने अभ्यर्थियों को सलाह देते हुए कहा कि अभ्यर्थी जिस कॉलेज में दाखिला लेना चाहते हों, संबंधित कॉलेज के बारे में स्वयं संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। इसके अलावा सरकारी मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज व विश्वविद्यालयों की 85 प्रतिशत सीटों पर उप्र. के अभ्यर्थियों को दाखिले लिए जाएंगे। वे अभ्यर्थी, जिन्होंने अन्य प्रांतों से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की हैं, उन्हें डोमिसाइल व सामान्य निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आरक्षण प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप पर मान्य होगा।

# कोचिंग के मालिक और समन्वयक गिरफ्तार

- बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से हुई थी तीन छात्रों की मौत

**नियम का उल्लंघन : बेसमेंट में स्टोर रूम की थी अनुमति, बना रखा था पुस्तकालय**

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने रविवार को उस कोचिंग सेंटर के मालिक और समन्वयक को गिरफ्तार कर लिया, जिसके 'बेसमेंट' में शनिवार को पानी भर जाने के कारण तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत हो गई। इस घटना को लेकर इलाके में विरोध-प्रदर्शन हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि कोचिंग सेंटर को 'बेसमेंट' का उपयोग 'स्टोर रूम' के रूप में करने की अनुमति थी, लेकिन इसका इस्तेमाल पुस्तकालय के रूप में किया जा रहा था, जो नियमों का उल्लंघन है। दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय ने दिल्ली नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिया कि ऐसे सभी कोचिंग संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें, जो 'बेसमेंट' में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि संस्थान अग्निशमन विभाग के मानदंडों का उल्लंघन कर काम कर रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कोचिंग सेंटर के मालिक अभिषेक गुप्ता और सेंटर के समन्वयक देशपाल सिंह के रूप में की गई है।

### लोग जान देकर चुका रहे लापरवाही की कीमत : राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस घटना पर शोक जताया और कहा कि आम लोग असुरक्षित निर्माण, खराब नगर नियोजन और हर स्तर पर संस्थानों के गैर-जिम्मेदाराना रुख की कीमत अपनी जान गंवाकर चुका रहे हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इस घटना को मानव निर्मित आपदा करार दिया। उन्होंने कहा कि अवैध ढांचों को वैध ढांचों से अलग करने की क्या व्यवस्था है? क्या एमसीडी इस पर गौर कर रहा है? जल निकासी व्यवस्था की क्या स्थिति है? क्या हमें दिल्ली आने वाले छात्रों के साथ ऐसा व्यवहार करना चाहिए? कार्रवाई की जानी चाहिए, जवाबदेही तय की जानी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घटना को बेहद दुखद बताया।

### श्रेया यादव के परिजनों को बंधाया ढांढस



**अंबेडकरनगर।** दिल्ली के राव आईएएस स्टडी सेंटर में शनिवार शाम हुए हादसे में अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हासिमपुर बरसावा की श्रेया यादव की भी मौत हो गई। श्रेया इसी साल आईएएस की तैयारी करने दिल्ली गई थी। रविवार की सुबह एसडीएम सौरभ शुक्ला ने श्रेया के घर पहुंच कर परिजनों को संभव मदद का भरोसा दिया। श्रेया के चाचा धर्मेंद्र यादव सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता है।

## रामदेव के खिलाफ याचिका पर आज आएगा फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट 'कोरोनिल' से कोविड-19 के उपचार के दावे को लेकर योग गुरु रामदेव के खिलाफ कई चिकित्सक संघों की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को फैसला सुनाएगा। यह याचिका चिकित्सक संघों द्वारा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ 2021 में दायर एक मुकदमे का हिस्सा है। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने पक्षकारों की दलीलें सुनने के बाद 21 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका के अनुसार, रामदेव ने 'कोरोनिल' के बारे में निराधार दावे करते हुए कहा था कि यह कोविड-19 के इलाज में कारगर है।

# डीआईजी ने 70 किलोमीटर साइकिल चलाकर लिया कांवड़ मार्ग का जायजा

- कांवड़ियों से बात कर उनकी परेशानी भी जानी

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के डीआईजी मुनिराज जी ने 70 किलोमीटर साइकिल चलाकर कांवड़ मार्ग का जायजा लिया। उन्होंने कांवड़ियों से बात कर उनकी परेशानी भी जानी। वहीं डीआईजी के आने की सूचना पर पुलिस अधिकारी सतर्क रहे। डीआईजी रविवार सुबह करीब 6 बजे साइकिल से हाईवे पर कांवड़ियों की सुरक्षा का जायजा लेने निकले। मुरादाबाद से बृजघाट तक 70 किलोमीटर वे साइकिल से गए। जगह-जगह कांवड़ियों से बात की। वहीं पुलिसकर्मियों से फीडबैक लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। करीब छह घंटे से अधिक समय तक डीआईजी साइकिल से हाईवे पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। दोपहर 12.30 बजे वह मुरादाबाद लौटे। डीआईजी के साथ पुलिस अधिकारी भी हाईवे पर दौड़ते रहे। गजरौला क्षेत्र में डीआईजी ने सीओ श्वेताभ भास्कर और प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह को निर्देश दिए।



कांवड़ यात्रा को लेकर मातहतों को निर्देश देते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

# गोशाला के केयर टेकर की सिर कूंचकर की हत्या, परिजनों ने किया रंजिश से इनकार

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)



- दत्तक पुत्र की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- पशुओं के पानी की हौदी में शव फेंककर भाग निकले हत्यारे

**अमृत विचार :** अस्थायी गोशाला के बुजुर्ग केयर टेकर की ईंट से सिर कूंचकर हत्या कर दी गई और शव पशुओं के पीने के लिए बनी हौदी में फेंक दिया। रविवार सुबह गोशाला पहुंचे दूसरे केयर टेकर ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने किसी से भी रंजिश से इनकार किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बमनपुरी में अस्थायी गोशाला है। इसमें गांव के ही लालमन (62) केयर टेकर थे। शनिवार को ड्यूटी के दौरान उनकी हत्या कर दी गई। सुबह पड़ोसी गांव जाहिदपुर निवासी दूसरा केयर टेकर जगदीश गोशाला पहुंचा तो लालमन का शव पानी की हौदी में पड़ा देख सन्न रह गया। उसने तत्काल सूचना गोशाला के जिम्मेदारों को दी। जानकारी मिलने पर सीओ संगम कुमार और कोतवाल प्रिंस शर्मा भी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने भी मौका मुआयना किया। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए और ग्रामीणों तथा परिजनों से पूछताछ भी की। पुलिस ने मृतक के दत्तक पुत्र की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

> गोशाला के केयर टेकर की सिर कूंचकर हत्या कर दी गई है। मृतक के दत्तक पुत्र की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। केस का जल्द ही खुलासा करने के आदेश दिए गए हैं।
>
> –विद्या सागर मिश्र, एसपी

**कवायद** — वर्ष 2024–25 के लिए सभी जिलों से मांगे प्रस्ताव, बिजली, आरओ, ईसीसीई व एलईडी से होंगे लैस

# हाईटेक होंगे सभी आंगनबाड़ी केंद्र, एलईडी से क्लास

**अमृत विचार विशेष**

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्र हाईटेक बनेंगे। इसके लिए बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग बिजली, पानी, किचन, शौचालय की व्यवस्था बेहतर करेगा। केंद्रों पर आरओ, रेनवाटर, पोषण वाटिका, हार्वेस्टिंग सिस्टम के साथ एलईडी स्क्रीन भी लगाई जाएंगी।

पोषाहार, अन्नप्रासन के अलावा विभागीय कार्यक्रम संबंधित गतिविधियां महिला, धात्री, किशोरी और उनके अभिभावकों को एलईडी पर दिखाई और समझाई जाएंगी। बच्चों की क्लास भी एलईडी से लगेगी। इससे बच्चे पढ़ाई-लिखाई और अन्य चीजें आसानी से समझ सकेंगे। ईसीसीई यानी बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराकर बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास किया जाएगा। निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने वर्ष 2024-25 के लिए जिलाधिकारी से केंद्रों के प्रस्ताव मांगे हैं।

### एक लाख में सामग्रियों पर यह दरें निर्धारित

- पोषण वाटिका पर 10 हजार रुपये, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर 16 हजार रुपये
- आरओ यूनिट पर 10 हजार, एलईडी पर 25 हजार, ईसीसीई सामग्री पर 39 हजार रुपये




### 2022-23 में 2,349 और 2023-24 में 17,845 केंद्र

पहले चरण 2022–23 में प्रदेश के आठ आकांक्षात्मक जिलों के 2349 केंद्र चयनित हुए थे। दूसरे चरण 2023–24 में 72 जिलों के 17,845 केंद्र चयनित किए गए। केंद्र सरकार ने 2024–25 में सभी जिलों के केंद्र सक्षम बनाने के निर्देश दिए हैं। 2024–25 के प्रस्ताव में पूर्व में चयनित केंद्रों का चयन नहीं किया जाएगा। इसका सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएंगे।

### 17,845 केंद्र भी होंगे सक्षम

वर्ष 2023–24 में चयनित 17,845 केंद्रों को सक्षम बनाने के लिए बजट की मांग की गई है। बजट मिलते ही इसी वर्ष केंद्रों को विकसित किया जाएगा। पहले चरण के कुछ चयनित केंद्र मानकों के फंसे हैं। इन्हें भी विकसित करने की प्रक्रिया की जा रही है। इन कार्यों के लिए एक लाख रुपये बजट निर्धारित किया गया है।


श्रावण मास के दूसरे सोमवार की
हार्दिक शुभकामनाएं
नीलांशु वार्ष्णेय
जेल पर्यवेक्षक जिला कारागार मुरादाबाद
अपराध निरोधक समिति उत्तर प्रदेश
सीयूजी नंबर- 9454458913


सभी नगरवासियों को
श्रावण मास के दूसरे सोमवार की
हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद अग्रवाल
महापौर, मुरादाबाद
प्रिया अग्रवाल
प्रदेश कोषाध्यक्ष
महिला मोर्चा भाजपा


सभी क्षेत्रवासियों को
श्रावण मास के दूसरे सोमवार की
हार्दिक शुभकामनाएं
भरत पोरवाल
वरिष्ठ अधिवक्ता


श्रावण मास के दूसरे सोमवार की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुदेश यादव
जिला उपाध्यक्ष
उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल


श्रावण मास के
दूसरे सोमवार की
हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश सिंह
पूर्व जिलाध्यक्ष, मुरादाबाद
लोकसभा प्रभारी भाजपा
सम्भल
राहुल कुमार सिंह
मैनेजर
मनीष कुमार सिंह
ब्लॉक प्रमुख, मुरादाबाद सदर
भाजपा
GURUKUL INSTITUTE OF PARAMEDICAL
SHRI RAMKANTI GURUKUL SEN. SEC. SCHOOL
Vill. Bhoora, Sirsi-Bilari Road, Teh. Bilari Moradabad.
Contact : 9548975730, 7060270662


सभी क्षेत्रवासियों को श्रावण मास के
दूसरे सोमवार की
हार्दिक शुभकामनाएं
दीक्षा गंगवार
अध्यक्ष
नगर पालिका मिलक


सभी क्षेत्रवासियों को श्रावण मास के
दूसरे सोमवार की
हार्दिक शुभकामनाएं
चित्रक मित्तल
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद
रीतू कुमारी
सभासद वार्ड नंबर 11
बाजार कला बिलासपुर रामपुर


श्रावण मास के दूसरे सोमवार की
हार्दिक शुभकामनाएं
विपिन विश्नोई
मो. 8077016446
स्कन्ध ज्वैलर्स, सब्जी मण्डी हरथला


श्रावण मास के दूसरे सोमवार की
हार्दिक शुभकामनाएं
निपुण चौधरी
मो. 8006826271
LOVE CONSTRUCTION

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
ISO Registration
• 12A Registration
• 80G Registration
• Nielit Registration
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• Labour Department Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

आज का मौसम

उमस भरी गर्मी रहेगी।

| 36.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:34 | सूर्यास्त 07:09 |

# भतीजे को न मिले संपत्ति, इसलिए कर दी हत्या

## अबूजर हत्याकांड का खुलासा: कांठ पुलिस ने आरोपी चाचा जीशान को गिरफ्तार किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/कांठ

**अमृत विचार:** कांठ थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती ईदगाह निवासी पांच वर्षीय बच्चे की हत्या उसके सगे चाचा जीशान ने संपत्ति के लालच में की थी। एसपी देहात ने रविवार को इस वारदात का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरोपी का पिता उसे यह कहकर धमकाता था कि मैं सारी संपत्ति अपने पोते के नाम कर दूंगा। इसी कारण आरोपी ने हत्या कर दी। आरोपी ने बताया कि बच्चे को बहाने से खेत पर ले जाकर पहले उसका गला दबाया और फिर ब्लेड से गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

थाना कांठ के मोहल्ला नई बस्ती ईदगाह निवासी बैंडेज कारोबारी नसीमुद्दीन उर्फ भूरे का पांच वर्षीय इकलौता बेटा अबूजर नर्सरी का छात्र था। बीते 25 जुलाई को वह घर के पास से लापता हो गया था। शनिवार को डॉग स्क्वायड की मदद से पुलिस ने बच्चे का शव उसके घर से कुछ दूरी पर स्थित गन्ने के खेत से बरामद किया था। पोस्टमार्टम में उसकी हत्या की पुष्टि हुई थी। रविवार को एसपी देहात संदीप कुमार मीणा और सीओ कांठ अपेक्षा निंबाड़िया ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर हत्याकांड का खुलासा किया।

एसपी देहात ने बताया कि इस मामले में जांच पड़ताल के बाद एसएचओ कांठ योगेंद्र कुमार सिंह की टीम ने अबूजर के चाचा मोहम्मद जीशान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी जीशान ने बताया कि उसके पिता अलीमुद्दीन और भाई नसीमुद्दीन उर्फ भूरा नशे की लत के कारण उसके साथ मारपीट करते थे। बात-बात पर टोकाटाकी करते थे। यह भी बताया कि पिता अलीमुद्दीन बार-बार कहते थे कि मैं अपनी पूरी संपत्ति पोते अबूजर के नाम कर दूंगा, तुम लोगों को कुछ नहीं दूंगा। इसी कारण उसने भतीजे अबूजर को मारने का फैसला कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी जीशान ने योजनाबद्ध तरीके से 25 जुलाई को अपने भतीजे अबूजर को बहला फुसला कर गन्ने के खेत में ले गया। घर से निकलने से पहले उसने घर की बिजली सप्लाई बंद कर दी थी जिससे बिजली कटने से सीसीटीवी कैमरे बंद हो जाएं और उसे अबूजर को ले जाते हुए कोई देख न सके। गन्ने के खेत में ले जाकर आरोपी ने पहले बच्चे का गला दबाया और जब वह अचेत हो गया तो जेब से ब्लेड निकाल कर उसका गला काट दिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। एसपी देहात ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने कहा कि वह नशे का आदी हो गया था। अपने परिवार वालों को सबक सिखाने और उनके तानों का बदला लेने के लिए उसने भतीजे की हत्या करने की बात स्वीकार की। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ब्लेड, घटना स्थल से आरोपी के बाल और उसके शर्ट का टूटा हुआ एक बटन भी बरामद किया है।


कांठ में हुई बच्चे की हत्या के आरोपी के बारे में जानकारी देते एसपी देहात संदीप मीना।

### खुलासे में मदद करने वाले डॉग दमन को मिलेगा सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीओ कांठ अपेक्षा निंबाड़िया ने बताया कि बच्चे की तलाश में पुलिस टीमें पूरे गांव और आसपास तलाश कर रही थी, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सीसीटीवी कैमरे में भी कुछ नजर नहीं आ रहा था। ऐसे में एसपी देहात संदीप कुमार मीणा ने दो दिन खोजने के बाद शनिवार को डॉग स्क्वायड की टीम को बुला लिया। टीम में शामिल ट्रैकर डॉग दमन को बच्चे का पहना हुआ बिना धुला कपड़ा सुंघाया गया। जिसके बाद दमन खेत की ओर चल दिया, जो मां और परिजनों द्वारा बताए गई दिशा से ठीक उल्टा था। पुलिस टीम भी उसके पीछे चल दी। बाद में दमन गन्ने के खेत के पास जाकर रुक गया। टीम ने गन्ने के खेत में सर्च ऑपरेशन चलाया तो शव बरामद हो गया। घटना स्थल पर सूंघने के बाद डॉग दमन लौटा और बच्चे के चाचा जीशान के आसपास ही मंडराने लगा। जिसके बाद पुलिस ने जीशान को हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। पकड़े जाने से पहले आरोपी पुलिस के साथ घूम-घूम कर बच्चे को खोजने का नाटक कर रहा था। वह पुलिस को गुमराह करके उस दिशा में जाने से भी रोक रहा था, जिधर शव बरामद हुआ है। एसपी देहात ने बताया कि इस हत्याकांड के खुलासे में ट्रैकर डॉग दमन ने बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसलिए उसे सम्मानित किया जाएगा।

# चंडीगढ़ एक्सप्रेस 4 और 3 घंटे की देरी से पहुंची अमरनाथ सुपरफास्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एक बार फिर से ट्रेनों का संचालन बेपटरी हो गया है। जिसके चलते यात्रियों को दुश्वारियों भरा सफर तय करना पड़ रहा है। ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते यात्रियों को गर्मी के बीच स्टेशन पर ही समय बिताना पड़ रहा है। रविवार को मुरादाबाद में कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंचीं, जिससे यात्री परेशान हुए।

गर्मी की छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में जहां एक तरफ यात्रियों की भीड़ थी तो वहीं ट्रेनों का संचालन पूरी तरह बिगड़ा हुआ था। यह स्थिति दो महीने तक बनी रही। लेकिन, जुलाई की शुरूआत में ट्रेनों के संचालन में कुछ सुधार हुआ था। मुरादाबाद में सभी ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर पहुंच रही थीं, लेकिन पिछले दो-तीन दिन से ट्रेनों का संचालन एक बार फिर से गड़बड़ हो गया है।

प्रमुख ट्रेनें कई घंटे की देरी से चल रही हैं। रविवार को मुरादाबाद में छह ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंचीं। जिसमें चंडीगढ़ एक्सप्रेस चार घंटे व गोरखपुर अमरनाथ सुपरफास्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से तीन घंटे की देरी पहुंची।


स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 15903 | चंडीगढ़ एक्सप्रेस | 4 घंटे 2 मिनट |
| 12588 | गोरखपुर अमरनाथ सुपरफास्ट | 3 घंटे 18 मिनट |
| 13009 | दून एक्सप्रेस | 1 घंटा 18 मिनट |
| 04652 | जयनगर क्लोन स्पेशल | 2 घंटे 46 मिनट |
| 12554 | न्यू जलपाईगुड़ी सुपरफास्ट | 1 घंटा 13 मिनट |
| 15013 | काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस | 43 मिनट |

श्री माधव
आई एवं हार्ट केयर सेन्टर
healthy Eye is the main source of your strength.
डॉ. उपमा अवस्थी
एम.एस ऑफ्थैल्मोलॉजी जी.एस.वी.एम. कानपुर पूर्व फेलो इन फेको (श्रॉफ आई, दिल्ली) पूर्व फेलो इन विट्रियो-रेटीना (दिल्ली) पूर्व विट्रियो रेटीना कंसलटेन्ट सी.एल. गुप्ता, मुरादाबाद यू.पी.एम.सी. रजि. नं. 56677
ओ.पी.डी.समय
सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
श्री माधव आई सेन्टर
अन्य सुविधाएं:- पैथोलॉजी, फार्मेसी, ऑप्टीकल्स
पता- MIG 14, आशियाना फेज-1, कांठ रोड, मुरादाबाद- 244001
अपाइंटमेंट के लिए कॉल करें
Mob. 9528466434
Email:smehcc@hotmail.com

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।
भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

# ओलंपिक में मनु भाकर की जीत पर झूमे महानगर के शूटर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रविवार का दिन देश के लिए खुशियों की बहार लेकर आया। जैसे ही भारतीय शूटर मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता देश खुशी से झूम उठा। महानगर के शूटर भी उनकी जीत पर खूब झूमे। अन्य खिलाड़ियों व लोगों ने भी इस जीत का जश्न मनाया।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय शूटर मनु भाकर ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में कांस्य पदक जीता। ओलंपिक के इतिहास में शूटिंग में मेडल दिलाने वाली मनु पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। उन्होंने फाइनल में 221.7 पॉइंट्स के साथ कांस्य पदक जीता। मनु भाकर ने पदक भले ही पेरिस में जीता। लेकिन, इसकी चमक पूरे देश में देखने को मिली। महानगर में भी इस जीत का जमकर जश्न मनाया गया। प्रशंसकों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करके बधाई दी। पूरे दिन सोशल मीडिया पर बधाई का सिलसिला चलता रहा। अधिकांश के व्हाट्सएप स्टेटस पर शूटर मनु भाकर पूरी तरह छाई रहीं। महानगर में भी कई शूटर खिलाड़ी अपना भविष्य निखार रही हैं। दो बहनों अंशिका और वंशिका ने अपने घर इस जीत का खूब जश्न मनाया। उन्होंने अपने तिरंगा लहराकर इस जीत की महत्ता बताई। उन्होंने आसपास में सभी को मिठाई खिलाकर जीत की अहमियत बताई।

अंशिका विश्नोई ने कहा कि यह भारत के लिए इस ओलंपिक का पहला पदक है। हमारे 117 खिलाड़ी पूरे जोश के साथ इस रण में उतरे हैं। यह शुरुआत है। हमारे खिलाड़ी अभी हमें झूमने के बहुत मौके देंगे। वहीं वंशिका ने कहा कि मैं खुद एक शूटर खिलाड़ी हूं। इसलिए उनका यह पदक मेरे लिए प्रेरणादायक है। इस तरह की जीत हमारे अंदर नया जोश पैदा करती हैं। इस जीत का हमारे लिए बहुत महत्व है। मेरा भी सपना है कि में ओलंपिक में अपने देश के लिए पदक जीतकर पुरी दुनिया में भारत का नाम रोशन करूं।


मनु भाकर के पदक जीतने पर कांशीराम नगर में खुशी मनाते शूटर व उनके परिजन।

> आज मनु भाकर ने इतिहास रचते हुए ओलंपिक में शूटिंग में पहला महिला मेडल जीता। अभी तक किसी भी महिला ने शूटिंग में ओलंपिक मेडल नहीं जीता था। मेडल आने से महानगर के बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। यह पदक खिलाड़ियों में नया जोश पैदा करेगा। महानगर में भी बहुत से खिलाड़ी इस खेल में अपना भविष्य बना रहे हैं।
>
> – **मुकुल टंडन**, शूटिंग कोच



# विशेषज्ञों ने रिपोर्ट देने के मांगे 19 लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **लोक निर्माण विभाग के विशेषज्ञ दोबारा करेंगे परीक्षण**
- **20 दिन में शुरू हो जाएगा पुल की मरम्मत का कार्य**

**अमृत विचार:** रामगंगा पुल के खराब बेयरिंग का परीक्षण करने आए मुंबई से तकनीकी विशेषज्ञों ने परीक्षण रिपोर्ट देने की एवज में 19 लाख रुपये मांगे हैं। मरम्मत की कीमत बाद में बताने को कहा है। लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता ने इस पर असहमति जताई है। उन्होंने बताया कि पुल की मरम्मत विभाग के वित्तीय कॉरपोरेशन के पैनल के ठेकेदारों से कराई जाएगी। उनके मुताबिक 20 दिन में पुल की मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा।

रविवार को लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता संजय सिंह ने बताया कि रामगंगा पुल के दो पिलर के बेयरिंग खराब हो गए हैं। विभाग के पास तकनीकी विशेषज्ञ न होने की दशा में मुंबई से तकनीकी विशेषज्ञ बुलाए गए थे। उनके परीक्षण के बाद दो पिलर के दो बेयरिंग खराब होने की पुष्टि हुई थी। हालांकि उन्होंने परीक्षण की कोई रिपोर्ट नहीं भेजी है। उनसे संपर्क करने पर उन्होंने परीक्षण करने के बाद उसकी रिपोर्ट फीस 19 लाख रुपये मांगी है। जिसकी जानकारी विभाग के वित्तीय कॉरपोरेशन में दी गई। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग के पैनल में कार्य करने वाले ठेकेदारों से पुल की मरम्मत का कार्य कराए जाने का निर्णय लिया गया है। 20 दिन के भीतर पैनल के ठेकेदार अपने निजी तकनीकी विशेषज्ञ से पुल का परीक्षण कर मरम्मत का कार्य शुरू कर देंगे।


रामगंगा पुल के एक पिलर का क्षतिग्रस्त बेयरिंग। • अमृत विचार

## एक नजर

### मंडी सचिव का हरदोई तबादला हुआ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नवीन फल सब्जी मंडी समिति की सचिव का पद अब रिक्त हो गया। मंडी सचिव ज्योति सिंह का तबादला शासन ने हरदोई फल सब्जी मंडी समिति के सचिव के पद पर कर दिया है। मंडी सभापति सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव ने बताया कि अभी मंडी सचिव का पद खाली है। जल्दी ही निदेशालय से मुरादाबाद नवीन फल सब्जी मंडी के पद पर किसी को भेजा जाएगा। तब तक उनकी देखरेख में मंडी संचालित होगी।

### रोडवेज बस में बिना टिकट मिलीं नौ सवारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीतलनगरी डिपो की बस बदायूं से मुरादाबाद आ रही थी, बस को चालक गौरव रुहेला चला रहा था। जबकि कंडक्टर नीलेश कुमार यात्रियों को टिकट बांट रहे थे। शाम पांच बजे जब बस मुरादाबाद के पास पहुंची तो मेरठ प्रवर्तन दल ने बस की चेकिंग की। बस में सवारियां गिनी गई तो 22 निकली, लेकिन ईटीएम में 13 टिकट ही कटे मिले। ऐसे में टीम ने नौ सवारियां बिना टिकट ले जाने पर कंडक्टर की शीट पर अंकित किया और व्हाटसएप से आरएम और एआरएम को इसकी सूचना दी।

### किसान से की मारपीट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बैल द्वारा फसल नष्ट करने का विरोध किसान को भारी पड़ गया। बैल के मालिक सलमान ने अपने भाइयों अरमान व दूल्हा के साथ मिलकर देवापुर निवासी किसान नूरहसन की पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# पिता के बाद बेटे मनोज ने भी तोड़ दिया दम, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **चार दिन पहले बेटे को बचाने के प्रयास में गई थी पिता की जान**

**अमृत विचार:** ट्रेन के आगे कूद गए बेटे को बचाने को के दौरान जान गंवाने वाले अमरनाथ के बेटे ने रविवार सुबह उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पिता की मौत के बाद बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना कटघर क्षेत्र के मोहल्ला महबुल्लागंज निवासी अमरनाथ (61) मोची का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी लक्ष्मी, चार बेटे शंभू, रॉबी, मनोज उर्फ मोनू व रोहित और एक बेटी मनोरमा हैं। बताया गया कि मनोज उर्फ मोनू हलवाई का काम करता था। वह अक्सर शराब पीकर घर आकर हंगामा करता था। बीते बुधवार की रात भी मनोज शराब पीकर घर पहुंचा तो पिता ने उसे डांट दिया था। जिससे क्षुब्ध होकर वह खुदकुशी करने की बात कहकर घर से निकल गया। बेटा कुछ गलत कदम न उठा ले यह सोच कर पिता अमरनाथ भी उसके पीछे चल दिए। इस बीच मनोज गोविंदनगर क्रॉसिंग के पास बने पुल के नीचे रेलवे ट्रैक पर चला गया। पिता अमरनाथ उसे बचाने दौड़ पड़े तो अचानक ट्रेन आ गई। जिससे दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए थे। इस हादसे में पिता अमरनाथ की मौत हो गई थी। जबकि बेटा मनोज घायल हो गया था। जिसके बाद घायल मनोज का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा था। रविवार को मनोज ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पिता की मौत के बाद मनोज की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने नम आंखों से मनोज का अंतिम संस्कार कर दिया।

संगोष्ठी

उत्तर प्रदेश को इस बजट में 2.44 लाख करोड़ रुपये की धनराशि मिली : राज्यमंत्री

# केंद्र सरकार का बजट विकसित भारत व रोजगार की गारंटी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी जिला एवं महानगर इकाई की ओर से रविवार को बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय में केंद्रीय बजट पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी रहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का बजट विकसित भारत की गारंटी है। संगोष्ठी में प्रोजेक्टर से बजट के प्रावधानों के बारे में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं आदि को समझाया गया।

माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि यह बजट विकसित भारत की गारंटी का बजट है। इसमें युवा, गरीब, किसान, महिला, पिछड़ा, एससी-एसटी को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए व्यवस्था की गई है। यह बजट देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। केंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश को 2.44 लाख करोड़ रुपये की धनराशि मिली है। रेलवे के विकास के लिए 19,848 करोड़ दिए गए हैं। उप्र उद्योग स्थापित करने में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है।

भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया हैं। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए की गई घोषणाओं से पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इसमें सभी वर्ग की भावनाओं का ध्यान रखा गया है।

अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने कहा कि यह बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की टॉप 5 अर्थव्यवस्थाओं में पहुंची हैं, वहीं इस बजट के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगी। संचालन महानगर महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक श्याम बिहारी शर्मा ने किया। इस दौरान महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल, नत्थूराम कश्यप, जिला महामंत्री राजेंद्र विश्नोई, ब्लॉक प्रमुख मनीष कुमार सिंह, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी निमित जायसवाल, राजीव शर्मा, हरीश प्रजापति, अमित सिंह, डॉ. संजीव चौहान, मंगल सेन राजपूत, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, सुरेंद्र विश्नोई, दिनेश सिसोदिया, सुनीता शर्मा, शशि किरण, दीक्षांत चौधरी, अभिषेक चौबे, अरविंद सिंह, दिनेश शुक्ला, चेतन चौहान, विवेक शर्मा, कुलदीप, अनिल चौधरी, चंद्र प्रजापति, राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे।


भाजपा कार्यालय पर केंद्रीय बजट पर आयोजित संगोष्ठी में जानकारी देतीं मंत्री गुलाब देवी। • अमृत विचार

## शहर में आज



☞ रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी इंस्टालेशन सेरेमनी रामगंगा विहार में रात 8 :30 बजे।

☞ लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे।

## एक नजर

### चौरासी घंटा व झारखंडी मंदिर पर तैनात रहेगी अतिरिक्त फोर्स

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सावन के दूसरे सोमवार को महानगर समेत जनपद के प्रमुख शिवालयों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरे जिले को नौ जोन और 24 सेक्टर में बांटा गया है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि सभी मंदिरों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। महानगर के किसरौल स्थित चौरासी घंटा मंदिर और झारखंडी मंदिर पर सुरक्षा के मद्देनजर सीओ कोतवाली सुनीता दहिया के नेतृत्व में 150 पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई। इनमें महिला सिपाही भी शामिल हैं। इन दोनों मंदिरों और उसके आसपास के इलाके में सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। इसके लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। मझोला के ऋणमुक्तेश्वर मंदिर, नया मुरादाबाद के महाकालेश्वर मंदिर, नगर क्षेत्र के गंगा मंदिर, ढाप वाला मंदिर, सीताराम मंदिर समेत अन्य शिवालयों में भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई है।

# महानगर की सड़कों पर दिखा कांवड़ियों का उत्साह

## सावन के दूसरे सोमवार पर आज होगा जलाभिषेक, दिल्ली व कांठ रोड पर गूंजे बम-बम भोले के जयकारे

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक होगा। ऐसे में हरिद्वार एवं बृजघाट से गंगाजल लेकर आ रहे कांवड़ियों के उत्साह से महानगर की सड़कें शिवमय रहीं। कांठ और दिल्ली रोड पर दिनभर भगवान शिव के जयकारे गूंजते रहे। सोमवार को भोर होते ही जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो जाएगा। शिवालयों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट है। व्यवस्था को दुरुस्त करने में अधिकारी लगे हुए हैं। रामपुर, मुरादाबाद, संभल, बदायूं आदि जनपदों के शिवभक्त बृजघाट से कांवड़ में गंगाजल भरकर मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं।

महानगर के शिवालयों में जलाभिषेक की तैयारियां पूरी हैं। सोमवार तड़के से ही शिवालयों में जलाभिषेक होगा। रविवार को महानगर की सड़कों पर भोलेनाथ के भजनों और जयकारों की गूंज रही। दिल्ली व कांठ रोड पर भक्तों की भीड़ रही। रविवार सुबह से ही कांवड़ियों के आने का सिलसिला तेज हो गया, तो कुछ कांवड़िये रविवार तड़के हरिद्वार व बृजघाट के लिए रवाना हुए। खासकर महानगर के कांवड़िये सुबह बृजघाट व हरिद्वार के लिए रवाना हुए। सुबह मंदिरों पर परिजनों ने कांवड़ियों का तिलक कर गंगाजल लाने के लिए रवाना किया। इस दौरान पूरे दिन डीजे पर बजते भोलेबाबा के भजन कांवड़ियों के उत्साह को बढ़ा रहे थे। दोपहर में भीषण गर्मी होने के बावजूद उनके कदमों में थकान नहीं थी। हर 10 से 15 मीटर की दूरी पर एक भोले का बेड़ा था। प्रत्येक बेड़े में 50 से 60 सदस्यों का जत्था था। कंधे पर कांवड़, पैरों में घुंघरू और तन पर भगवा वस्त्र पहने भक्त भोले की भक्ति में झूमते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे। कांवड़ियों के नंगे पैरों में कंकड़-पत्थर चुभ रहे हैं, लेकिन भगवान शिव की भक्ति में वह यह दर्द भी हंसते-हंसते सहकर आगे बढ़ रहे हैं। बरेली के रहने वाले कांवड़िया विपिन ने बताया कि समय के साथ कांवड़ लाने के तरीकों में बदलाव हो गया है। आजकल लोग पैदल कम और बाइक से ज्यादा कांवड़ ला रहे हैं। महानगर निवासी मनोज ने कहा कि हम रविवार शाम हरिद्वार के लिए रवाना हो रहे हैं। 3 बजे वहां से गंगाजल लेकर वापस लौटकर सुबह जलाभिषेक करेंगे।



दिल्ली रोड पर बृजघाट गंगाजल लेने जाते शिवभक्त। ● अमृत विचार



हरिद्वार से कांवड़ लेकर आते कांवड़िये। ● अमृत विचार

### तिरंगा और भगवा झंडे के संगम ने मोहा मन

कांवड़ियों के जत्थे इन दिनों आस्था व देशभक्ति का प्रतीक बने हुए हैं। कांवड़ पर भगवा ध्वज के साथ तिरंगा का संगम माहौल देशभक्ति का बना रहा है। कंधे पर कांवड़ और उसमें लगा तिरंगा सभी का मन मोह रहा है। डीसीएम, ट्रैक्टर ट्राली और बाइक पर कांवड़िये तिरंगा फहराकर देशभक्ति का जज्बा बढ़ा रहे हैं।

### इन मंदिरों पर कांवड़िये करेंगे जलाभिषेक

सावन माह के दूसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ के भक्त गंगाजल से शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए मंदिरों के कपाट तड़के से ही खुल जाएंगे। महानगर में झारखंडी मंदिर, चौरासी घंटा मंदिर, दुर्गा मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, शिवमंदिर, प्राचीन शिवमंदिर समेत अन्य मंदिरों में जलाभिषेक होगा।

### महानगर में बाइकों पर दिख रहा आस्था का संगम

सावन माह में बाइक पर आस्था का संगम दिख रहा है। पहले अधिकांश कांवड़िये पैदल गंगाजल लेकर आते थे लेकिन, इन दिनों महानगर की सड़कों पर अधिकांश कांवड़िये बाइक से गंगाजल ला रहे हैं। एक-एक जत्थे में 50 से 60 बाइक लेकर चल रहे हैं। हर एक बाइक पर भगवा ध्वज यात्रा की शोभा बढ़ा रहा है।

### यातायात व्यवस्था में मदद कर रहे शिवभक्त

कांवड़िये सिर्फ कांवड़ लेकर ही नहीं आ रहे हैं, बल्कि यातायात व्यवस्था में भी मदद कर रहे हैं। 50 से 60 कांवड़ियों का बेड़ा ट्रक, ट्रैक्टर आदि के पीछे लाइनों में चलता है तो ट्रक-ट्रैक्टर के सामने आकर चार से पांच कांवड़िये मार्ग में आने वाले वाहनों को लाइन में लगवाते हैं, जिससे अव्यवस्था की स्थिति पैदा न हो।

# कांठ तक कांवड़ पथ की हुई साफ-सफाई

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/छजलैट**

**अमृत विचारः** पंचायत राज विभाग की ओर से इस बार कांवड़ पथ की सफाई कराई जा रही है। यही नहीं कांवड़ियों को रात्रि में दिक्कत न हो इसके लिए पथ प्रकाश की व्यवस्था भी की गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने विकासखंड छजलैट के क्षेत्र में पड़ने वाले कांवड़ यात्रा मार्ग पर सफाई कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था में लगाया है। छजलैट से कांठ तक पथ प्रकाश की व्यवस्था 25 ग्राम पंचायतों की निधि से कराई गई है।

इस वर्ष पहली बार हरिद्वार जाने वाले मार्ग की पंचायत राज विभाग की ओर से हाईवे पर कांवड़ पथ की साफ-सफाई कराई गई। इसमें छजलैट से कांठ तक 25 ग्राम पंचायतों के सफाई कर्मचारियों ने शनिवार से रविवार तक सफाई की। पंचायत राज विभाग की ओर सभी सफाई कर्मचारियों को सोमवार को जलाभिषेक होने तक बनाए गए प्वाइंटों पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। छजलैट ब्लॉक से कांठ तक 14 किलोमीटर तक सफाई की गई। 25 ग्राम पंचायतों की निधि से मार्ग पर छजलैट ब्लॉक से कांठ तक सभी ग्राम पंचायत सचिवों ने प्रकाश व्यवस्था में पेड़ों पर लाइटें लगवाई हैं। इस कार्य की निगरानी का कार्य एडीओ पंचायत दुजेंद्र सिंह को सौंपा गया है। इसमें कांवड़ पथ से संबंधित मार्ग पर पढ़ने वाली ग्राम पंचायत के सचिवों की भी सोमवार तक ड्यूटी लगाई गई है।



छजलैट ब्लॉक क्षेत्र में कांवड़ पथ पर सफाई कराते एडीओ पंचायत। ● अमृत विचार

## संस्कारों से ही पवित्र होती है मनुष्य की वाणी

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** आर्य समाज स्टेशन रोड पर रविवार को साप्ताहिक सत्संग यज्ञ से प्रारंभ हुआ। वैदिक यज्ञ पं. वीरेंद्र आर्य ने अरविंद आर्यबंधु की यजमानी में संपन्न कराया।

इस दौरान निहाल सिंह और ज्ञानप्रकाश शर्मा ने भजन प्रस्तुत किए। आचार्य सूर्य प्रकाश द्विवेदी ने ऋग्वेद के मंत्र की व्याख्या की। वैदिक संन्यासी धर्ममुनि क्रांतिकारी ने कहा कि संस्कारों का मनुष्य के जीवन पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। संस्कारों से ही वाणी पवित्र होती है। वेद ज्ञान के बिना व ब्रह्मचर्य को व्यवहार में लाए बिना कोई व्यक्ति ब्राह्मण, आचार्य नहीं होता। इस अवसर पर डॉ. राम मुनि, डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. अभय श्रोत्रिय, डॉ. अर्जुन वीर वर्मा, रमेश सिंह आर्य, निर्मल आर्य, राकेश कुमार, राजेश नारंग, यशपाल आर्य आदि मौजूद रहे।



स्टेशन पर यात्री से पूछताछ करती राजकीय रेल पुलिस। ● अमृत विचार

## जीआरपी ने चलाया चेकिंग अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** सावन माह के दूसरे सोमवार के मद्देनजर राजकीय रेल पुलिस अलर्ट हो गई है। जिसके तहत रविवार को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन समेत मंडल के अन्य स्टेशनों पर पर चेकिंग अभियान चलाकर चप्पा-चप्पा खंगाला गया।

सावन माह के दूसरे सोमवार के तहत रेलवे स्टेशन परिसर और ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ अधिक होती है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत आरपीएफ व जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान सुरक्षाबलों ने सरकुलेटिंग एरिया, बुकिंग काउंटर, वाहन स्टैंड, आरक्षण केंद्र, खानपान स्टॉल और प्लेटफार्म के साथ ही यात्रियों के सामान की तलाशी ली। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक राजन शर्मा ने बताया कि सावन के तहत दौरान यात्रियों की भीड़ ज्यादा रहती है। इसलिए रेलवे स्टेशन पर चौकसी बढ़ा दी गई है।





नगर निगम के कांवड़ सेवा शिविर में बैठे कांवड़िये। ● अमृत विचार

## कांवड़ियों को बांटे फल व शिकंजी

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** श्रावण महीने में कांवड़ियों की सेवा के लिए नगर निगम की ओर से शिविर लगाया गया है। रविवार को शिविर में गंगाजल लेने जा रहे और लौट रहे कांवड़ियों की निगम के कर्मचारियों ने सेवा की। कांवड़ियों ने शिविर में आराम कर राहत पाई। उन्हें फल और शिकंजी वितरित की गई।

कांठ रोड व दिल्ली रोड पर चल रहे शिविरों में शिवभक्त कांवड़ियों की निगम के कर्मचारियों ने सेवा की। दूसरे सोमवार को जलाभिषेक के लिए गंगा जल लेकर लौटने और जाने वाले कांवड़ियों को शिविर में विश्राम कराया गया। उन्हें फल व शिकंजी वितरित कर सेवा की गई। वहीं निगम के स्वास्थ्य अनुभाग की ओर से कांवड़ पथ पर सफाई कराई गई। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि सेवा शिविरों में कांवड़ियों के विश्राम के लिए व्यवस्था है। उन्हें फल और अन्य प्रसाद सामग्री वितरित की जा रही है।

## अस्थायी बस अड्डे से होगा बसों का संचालन

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** कांवड़ में डायवर्जन के चलते रोडवेज बसों का संचालन अस्थायी बस अड्डे से शुरू किया गया है। जिसको लेकर रोडवेज ने रविवार को अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली। जिसके चलते सोमवार सुबह छह बजे से रोडवेज की बसें अस्थायी बस अड्डे से चलेंगी।

एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार के डायवर्जन प्लान के बाद रोडवेज ने दिल्ली-बरेली रूट की बसों का संचालन आरटीओ कार्यालय के पास टीपीनगर पर बनाए गए अस्थायी बस अड्डे से होगा। वहीं देहरादून-हरिद्वार रूट की बसें काशीपुर तिराहे से होकर तय रूट से होकर चलेंगी। डायवर्जन के ऐलान के चलते रविवार को रोडवेज बस अड्डों पर बसों के कम आने से सवारियों को ई-रिक्शा और आटो का सहारा लेना पड़ा।

# 251 जोड़ों ने किया रुद्राभिषेक

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महानगर की ओर से रविवार को दिल्ली रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। इसमें 251 जोड़ों ने मंत्रोच्चार के साथ रूद्राभिषेक किया। भक्तों ने विश्व में शांति एवं जन कल्याण के लिए रुद्र देवता से प्रार्थना की। अयोध्या और कानपुर से पधारे आचार्य पं विशाल ब्राह्मण और बाल विद्यालय के बटुकों द्वारा पूजन कराया गया। रुद्राभिषेक के मुख्य यजमान धर्मेंद्र यादव, आलोक चौधरी आदि रहे।

251 जोड़ों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक के दौरान मंदिर शिव भजनों से गूंज उठा। राजेश शर्मा ने भोलेनाथ के भजन गाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कि भगवान शिव को प्रसन्न करने का एक मात्र विकल्प रुद्राभिषेक ही है। रुद्राभिषेक करने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और समस्त पापों का अंत कर देते हैं। महानगर मंत्री अविनाश गुप्ता ने बताया कि जब भोलेनाथ रुद्र रूप में होते हैं तो वह भक्तों के दुख हर लेते हैं।



राधा-कृष्ण मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक में भाग लेते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में भवनीश सेंगर, नीरज सिंघल, घनश्याम, गौरव भटनागर, अभिनव भटनागर, योगेश त्यागी, अंजलि गुप्ता, गौरव कुमार, नवदीप कुमार, अनिल कठेरिया, मोहित सक्सेना, आचार्य धीरशांत दास, रोहित मदान, रजत, नवनीत, अश्वनी सूद, सोनू, गौरव कश्यप, संतोष पंडित, शशांक द्विवेदी, सुनील सैनी, नितिन यादव, रवि सक्सेना, जितेंद्र देवाशीष, कनक सिंह, नवनीत शर्मा आदि शिव भक्त मौजूद रहे।

**अवरोध** नगर आयुक्त ने कार्य में अड़चनों को दूर करने का दिया था निर्देश, अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी

# अतिक्रमण बना पुराने बाजारों के सौंदर्यीकरण में बाधा

**127.76** करोड़ रुपये की लागत की है स्मार्ट रोड नेटवर्क परियोजना

**69.04** करोड़ रुपये से कराया जा रहा पुराने बाजारों का सौंदर्यीकरण

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** स्मार्ट सिटी की दो बड़ी परियोजनाओं में अतिक्रमण बाधा बना है। जीएमडी रोड से इम्पीरियल तिराहा, बुध बाजार क्षेत्र में नाले पर किया गया अतिक्रमण महानगर को पूरी तरह स्मार्ट बनाने में अड़चन है।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने निरीक्षण में व्यापारियों से जल्द अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था। इसके बाद स्मार्ट रोड नेटवर्क का काम इन क्षेत्रों में शुरू होना है।

स्मार्ट सिटी मिशन लिमिटेड की ओर से 127.76 करोड़ रुपये की लागत से महानगर के बुध बाजार, जीएमडी रोड आदि क्षेत्रों में स्मार्ट रोड नेटवर्क का काम कराया जाना है। इसकी कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड है। साथ ही इसी कार्यदायी संस्था को बुध बाजार आदि क्षेत्रों में 69.04 करोड़ रुपये की लागत से रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया के अन्तर्गत सौंदर्यीकरण कार्य करना है। इन दोनों परियोजनाओं के रास्ते में अतिक्रमण अड़चन है। व्यापारियों के समन्वय से अतिक्रमण हटाने के लिए नगर आयुक्त ने शनिवार को इन क्षेत्रों का निरीक्षण भी किया था।

जिसमें पाया गया था कि ताड़ीखाना चौराहे के समीप लगभग 100 मीटर की लंबाई में सड़क के दाहिनी ओर दुकानदारों द्वारा नाले के ऊपर अवैध निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। सड़क की पटरी पर भी अतिक्रमण है। इसके अलावा बुध बाजार चौक के पास भी सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण मिला है। ऐसे में अतिक्रमण महानगर को पूरी तरह स्मार्ट बनने में अड़चन बना है।

स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक (तकनीकी) अनिल कुमार मित्तल का कहना है कि जीएमडी रोड पर 100 मीटर तक नाले पर अतिक्रमण है, जबकि बुध बाजार क्षेत्र में नाले पर 100-125 तक अतिक्रमण चिह्नित हो चुका है। व्यापारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण में अतिक्रमण हटाने की मोहलत दी गई है। यदि वह स्वयं से नहीं हटाएंगे तो निगम प्रशासन इस पर कार्रवाई करेगा। अतिक्रमण हटने के बाद इन दोनों परियोजनाओं में तेजी आने पर सितंबर तक काम पूरे हो जाएंगे।



बुधबाजार में काम करते कारीगर। ● अमृत विचार

## गैर ऑडिट रिटर्न की तारीख बढ़ाने की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव गुफरान मजीद व शाहवेज मलिक ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भेजा है। उनसे गैर ऑडिट रिटर्न की तारीख बढ़ाने का अनुरोध किया है। जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि व्यवसायी अधिवक्ता, सीए और कानूनी सलाहकार व्यक्तिगत आईटीआर और अन्य गैर-ऑडिट आईटीआर दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय देने का अनुरोध करते हैं। क्योंकि हम पोर्टल और अधिक बोझ वाली आईटी साइट की नियमित गड़बड़ियों का सामना कर रहे हैं। बताया कि टीडीएस अद्यतन ट्रेस डेटा आदि की जानकारी जून तक उपलब्ध हो पाई थी। बड़ी संख्या में रिटर्न दाखिल करने का वास्तविक समय एक महीना ही है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल

RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC

यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।



BRACHYTHERAPY
24 Channel



PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन



FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)

द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है

Immunotherapy & Chemotherapy

Dedicated Cancer Modular OT's

आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज

हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### युवक को दी जान से मारने की धमकी, तहरीर दी

**अगवानपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला रेलवे स्टेशन निवासी युवक ने कुछ लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए सिविल लाइंस थाना प्रभारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार की रात्रि हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर रोहित कुमार पुत्र स्व. राजेंद्र सिंह के खेत में गिर गया था। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया था। इस दौरान बिजली कर्मचारी से युवक का विवाद हो गया था। वहीं कुछ लोगों ने रोहित से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। रोहित ने इस संबंध में रविवार को थाना प्रभारी को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### समिति की बैठक में हुई विकास के मुद्दों पर चर्चा

**अगवानपुर, अमृत विचार :** कावड़ पथ रोड स्थित परी गार्डन में विकास के मुद्दों को लेकर जनता सेवा कल्याण समिति हुई। इस दौरान वक्ताओं ने अगवानपुर नगर पंचायत को पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर का दर्जा प्राप्त होने पर हर्ष जताया गया। इस दौरान नगर के पूर्व प्रधान हाजी फराहीम ने कहा कि नगर में डिग्री कॉलेज, अस्पताल व रुके हुए विकास कार्यों को पूरा कराने की बात कही। इसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष से बात की जाएगी। इस दौरान पूर्व प्रधान हाजी फराहीम, हाफिज उस्मान, सरताज अली, हसीन नक़वी, इरशाद हुसैन, कामेश सिंह लोधी, अरशद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### दीवार फांदकर घर में घुसे चोर, हजारों का माल चुराया

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदात बढ़ रही हैं। जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। मैनाठेर क्षेत्र के ग्राम मंडी मिलक में अकील अहमद के घर में चोर दीवार फांदकर घुस गए। चोरों ने किसान के घर से कमरे में रखे 2000 की नकदी समेत सोने की बाली आदि चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के लोग आंगन में सो रहे थे। सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

### वाटिका को लिया गोद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब ऑफ मुरादाबाद एसेंस ने रविवार को विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों नगर क्षेत्र में जाकर पौधरोपण किया। अध्यक्ष रुचि सिंघल ने बताया कि पूरे वर्ष संस्था पर्यावरण के संरक्षण के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। विद्यालय में 51 पौधे रोपित किए गए हैं और इस वाटिका को गोद लिया गया है। यहां नेहा कोठीवाल ने बताया कि कस्तूरबा गांधी की छात्रों के द्वारा सुंदर पोस्टर्स बनाए गए, जिसमें उत्तम तीन पोस्टर्स को पुरस्कार दिए गए।

# 10 को दिल्ली में करेंगे धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददता, मुरादाबाद



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में पत्रकारों से वार्ता करते जीशान हैदर मलिक।

**अमृत विचारः** महानगर के कंपनी बाग स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में कारवां-ए-इत्तेहाद के राष्ट्रीय संयोजक जीशान हैदर मलिक ने बताया कि 10 अगस्त को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दिया जाएगा।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि 10 अगस्त 1950 को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के द्वारा एक आदेश पारित कराकर देश के अनुसूचित मुसलमानों को आरक्षण से वंचित कर दिया था। जिसके बाद 28 जुलाई 1959 को नेहरू जी ने एक और शर्त रखी, जिसमें कहा कि मुसलमान तो कभी हिंदू थे, वो दोबारा हिंदू बन जाते है तो उन्हें आरक्षण का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 14,15,16 और 25 समानता की बात करता है। अनुच्छेद 341 पर धार्मिक प्रतिबंध हमारे मौलिक अधिकार का हनन है। अगर कांग्रेस 1950 में 341 पर धार्मिक प्रतिबंध न लगाती तो मुस्लिम समाज शैक्षिक व आर्थिक रूप से पिछड़ा न होता।

अनुच्छेद 341 पर धार्मिक प्रतिबंध मुसलमानों और ईसाइयों के लिए अधिक समस्या पैदा कर रहा है। इतना ही नहीं अनुच्छेद 341 पर धार्मिक प्रतिबंध लगाने से मुस्लिम अनुसूचित जाति जैसे अंसारी, धोबी, तेली, लोहार व अन्य मुस्लिम अनुसूचित जातियों का आरक्षण समाप्त हो गया है। इसलिए कांग्रेस मुसलमानों की सबसे बड़ी दुश्मन है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार को सबको बराबर का हक दिलाकर सबका साथ, सबका विकास वाले नारे को सच साबित कर देना चाहिए। हम अनुच्छेद 341 पर धार्मिक प्रतिबंध लगाने के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर 10 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान एडवोकेट वसी अहमद, नसीर इदरीसी, डॉ.अनवर सलीम, साहिल शम्सी, फिरोज खान, अमजद सैफी व निजामुद्दीन सैफी शामिल रहे।

### रविवार को अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहा

# बारिश के आसार नहीं, अभी और बढ़ेगी गर्मी-उमस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


रविवार को दिल्ली रोड पर लोकोशेड पुल का नजारा। ● अमृत विचार

| पांच दिनों का अधिकतम तापमान | |
|---|---|
| 28 जुलाई | 36.5 डिग्री सेल्सियस |
| 27 जुलाई | 35.0 डिग्री सेल्सियस |
| 26 जुलाई | 32.5 डिग्री सेल्सियस |
| 25 जुलाई | 33.0 डिग्री सेल्सियस |
| 24 जुलाई | 32.0 डिग्री सेल्सियस |

**अमृत विचारः** सावन के महीने में भीषण गर्मी और उमस से लोग बेहाल हैं। जुलाई में मई-जून जैसी गर्मी पड़ रही है। इस महीने का सर्वाधिक गर्म दिन रविवार रहा। जब अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिक अभी गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं जता रहे हैं। उमस और गर्मी अभी और बढ़ेगी।

रविवार को सूरज की तपिश बढ़ने से अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जुलाई में इस साल यह सबसे अधिक गर्म दिन रहा। पूरे दिन गर्मी और उमस से लोग बेहाल रहे। वहीं बिजली की अघोषित कटौती और फाल्ट से लोगों की परेशानी और बढ़ गई। लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। कूलर और पंखे बेमतलब साबित हुए। न घर में लोगों को चैन मिला न बाहर आने पर राहत। शाम तक तेज धूप ने लोगों को पसीने से तरबतर कर दिया। अधिकतम तापमान 36.5 और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बारिश न होने से लोग बेहाल हो गए। सबकी नजरें बारिश के लिए आसमान की ओर टिकी हैं। बारिश न होने की वजह से किसान भी अब परेशान हैं। धान की पौध की रोपाई हो चुकी है, इसलिए किसानों को फसल की सिंचाई की चिंता सता रही है। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक प्रोफेसर आरके सिंह ने बताया कि अभी गर्मी और उमस से राहत नहीं मिलने वाली है। तेज धूप के चलते गर्मी और तापमान बढ़ रहा है। रविवार को 69 प्रतिशत आर्द्रता रही। 4.3 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दक्षिण दिशा से हवा चलने से उमस से राहत नहीं मिली। आने वाले दिनों में अभी बारिश के आसार नहीं है। कहीं-कहीं बूंदाबादी या बौछार पड़ सकती है। मानसूनी बारिश के लिए फिर इंतजार करना पड़ेगा।

# पार्टी पदाधिकारी लोगों से रखें जमीनी जुड़ाव

## रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा- बूथ स्तर पर मेहनत करें कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



दिल्ली रोड स्थित होटल में राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष (रुहेलखंड) रामवीर सिंह ने दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूती प्रदान करने व लोगों के संपर्क में रहने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के विस्तार को लेकर मेहनत करें। अध्यक्षता पूर्व विधायक हाजी जाहिद और संचालन जिलाध्यक्ष चौधरी मनोज ने किया।

रविवार को राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ता सम्मेलन में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द जिला कमेटी का विस्तार करके बूथ स्तर तक संगठन मजबूत किया जाएगा।

कार्यकर्ता पार्टी को मजबूती देने के लिए बूथ स्तर पर रात- दिन मेहनत करें। पार्टी के कार्यकर्ता हर वक्त गरीबों, मजदूरों, किसानों की मदद करने के लिए तत्पर रहें। जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव के लिए कार्यकर्ता तैयार रहें। विधानसभा क्षेत्र में अपने रिश्तेदारों और सगे संबंधियों से अभी से संपर्क करना शुरू कर दें। जो कार्यकर्ता कुंदरकी क्षेत्र से हैं वह अभी से अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को उठाकर उसका समाधान कराने में जुटें। जिससे गठबंधन में रालोद के प्रत्याशी के उतरने पर आसानी से जीत हासिल की जा सके। बाकी फैसला पार्टी हाईकमान का होगा। अंत में जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

- **बोले- जल्द से जल्द जिला कमेटी का विस्तार करके बूथ स्तर तक संगठन मजबूत किया जाएगा**

कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व विधायक हाजी जाहिद हुसैन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल चौधरी, योगेंद्र चौधरी ,केसर अब्बास, मोहम्मद अनवार मलिक, राजवीर सिंह गुर्जर, मांगू त्यागी, मोहम्मद शाहनवाज मलिक, सैयद राशिद अली, पार्षद राजेंद्र सिंह, डॉक्टर नफीस जाबर, खान शकील अहमद, शाहरुख अल्वी, किरण पाल सिंह, काविंद्र सिंह कसाना, यावर अली, समी सैफी, राहुल चौधरी और हिमाचल सिंह तेवतिया, हिमांशु राजपूत, राहुल चौधरी, सुनील मुखिया, रणवीर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दफन से लौट रहे भाइयों पर किया हमला

**मुरादाबादः अमृत विचारः** दफन से लौट रहे भाइयों पर मामूली कहासुनी के चलते हमला कर दिया गया। मारपीट में दो भाइयों समेत तीन घायल हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना गलशहीद क्षेत्र के असालतपुरा निवासी जीशान उल्ला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 27 जुलाई को वह अपने भाइयों के साथ अपने रिश्तेदार राहत जान के दफन में शामिल होने के लिए डबल फाटक गया था। आरोप है कि लौटते समय ईदगाह के निकट जीशान उल्ला की शरीफ उल्ला से कुछ कहासुनी हो गई। जिसके बाद शरीफ उल्ला ने अपने साथी दानिश, राहत, शुऐब उर्फ फैजान व कुछ अज्ञात लोगों के साथ मिलकर धारदार हथियार व सरिये से हमला कर दिया। जिसमें पीड़ित जीशान उल्ला, सुहैल रजा उल्ला व मोहम्मद अजीम घायल हो गए। जिसमें सुहैल व अजीम को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व अन्य।

# 15 अगस्त को त्रिशूल दीक्षा लेंगे 1000 बंजरग दल के कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर की जिला स्तरीय बैठक रविवार को महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज में हुई। 15 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की योजना बनाई गई।

राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि 15 अगस्त को महानगर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल एक विशाल कार्यक्रम करेगा। जिसके अंतर्गत मुरादाबाद में 1000 कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय बजरंग दल त्रिशूल दीक्षा कराएगा। महानगर के अंदर 10000 कार्यकर्ताओं की साथ अखंड भारत तिरंगा यात्रा निकालने जा रहा है। संगठन का इस कार्यक्रम के पीछे उद्देश्य है कि भारत में रहने वाला प्रत्येक हिंदू सुरक्षित रहना चाहिए। हमारा जो हिस्सा भारत से टूट कर बिखर गया। वह पुनः एकजुट होकर खंडित भारतीय अखंड भारत बनना चाहिए। 15 अगस्त का दिन भारत की स्वतंत्रता का दिन है। भारत का राष्ट्रीय पर्व है। तो भारत के प्रत्येक नागरिक को उस पर्व को धूमधाम के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 200 कार्यकर्ताओं की प्रमुख समितियां बनाई गई हैं। बैठक की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता ने की। बैठक में अमित अग्रवाल, आनंद कुमार, चरण सिंह, जय किशन, गौरव सैनी, अमन सैनी, ललित कुमार, अनुज आर्य, रमेश, रामपाल, अनुराग, राकेश आदि मौजूद रहे।



सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की मासिक बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# बैठक में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की मासिक बैठक रविवार को महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज में हुई। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डीके गुप्ता ने और संचालन सचिव कामेंद्र सिंह ने किया।

संस्था के महासचिव एसपी सिंह, सदस्य मन्नू रस्तोगी और उपाध्यक्ष डॉ. शंभु मिश्रा ने गुरुपूर्णिमा के संदर्भ में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि गुरु अज्ञान से ज्ञान की ओर लेकर जाते हैं। हमारे अंदर सुरक्षा का भाव पैदा करते हैं। बुराई पर अच्छाई की जीत का भाव सिर्फ गुरु के पास है।

इस अवसर पर संस्था के जिन सदस्यों का इस माह जन्मदिन व शादी की सालगिरह रही, उन्हें बधाई दी। साथ ही केक काटकर शुभकामनाएं दीं। साथ ही संस्था के सम्मानित सदस्य राम मुकुंद गुप्ता के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान एसपी शर्मा, सुशील यादव, नीरज कुमार, हरपाल सिंह, श्याम सिंह, सुरेंद्र सिंह, आनंदी आदि मौजूद रहे।

### लालपुर गंगवारी में तुर्क फाउंडेशन ने ईदगाह मैदान में किया पौधरोपण

**मैनाठैर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव लालपुर गंगवारी में सामाजिक संस्था तुर्क फाउंडेशन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ईदगाह मैदान में पौधरोपण किया। साथ ही उनके सरंक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डॉ. मुहम्मद जावेद ने बताया कि कदम, नीम, बकान और जामुन के दो दर्जन से अधिक पौधे लालपुर गंगवारी के ईदगाह मैदान में रोपित किए गए। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे साथी है यह हमें जीवन जीने के लिए कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर के प्राण वायु ऑक्सीजन उपलब्ध करवाते हैं। अगर हमें पृथ्वी को बचाए रखना है तो अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ लगाने होंगे।

इसलिए हमें लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए जागरूक करना होगा। पौधरोपण करने वालों में रुकने आलम, ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि मोहम्मद रजा, इकरार हुसैन, मोहम्मद इमरान, मोईनुल हक, फिरोज आलम, हाजी इलियास, अंसार पाशा, मौहम्मद बिलाल, मुन्नन, डॉ. मिशकल मुजल्ला, मोहम्मद इकबाल, राम बहादुर, मोहम्मद शावेज़, डॉ. शाने आलम सैफी, जाने आलाम सैफी, जुबेर आलम सैफी, अरमान सैफी आदि मौजूद रहे।


मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना से वार्ता करते जिला पर्यावरण एवं गंगा समिति के नामित सदस्य प्रदीप सक्सेना व अन्य।

# प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री से मिले पर्यावरण समिति के सदस्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** रविवार को लखनऊ जाते समय रेलवे स्टेशन के अतिथि गृह में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना से जिला पर्यावरण एवं गंगा समिति के नामित सदस्य एडवोकेट प्रदीप सक्सेना आदि ने मुलाकात कर स्वागत किया। डीएफओ सूरज कुमार आदि भी मौजूद थे। वन एवं पर्यावरण मंत्री ने जिले में पौधरोपण अभियान के बारे में जानकारी ली। कितने पौधे रोपे गए और उनके संरक्षण की क्या व्यवस्था है इसकी जानकारी लेकर इसे सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस दौरान वन रेंजर मुरादाबाद जीसी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### बाईपास रोड पर पिकअप की टक्कर से एम्बुलेंस चालक समेत पांच घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाईपास पर गिन्नौर दी माफी के पास रविवार दोपहर एम्बुलेंस और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में एंबुलेंस चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जनपद अमरोहा के किशनगढ़ निवासी उदय अपनी पत्नी राममूर्ति, रिश्तेदार सचिन और प्रमोद के साथ तीन माह की बच्ची को एंबुलेंस से बरेली अस्पताल दिखाने के लिए गए थे। रविवार की दोपहर सभी एम्बुलेंस में ही सवार होकर घर लौट रहे थे। जब एम्बुलेंस मझोला थाना क्षेत्र में हाईवे बाईपास पर गांव गिन्नौर दी माफी के आगे पेट्रोल पंप के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे पिकअप वाहन ने एम्बुलेंस में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे की सूचना पाकर मझोला और पाकबड़ा दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आनन फानन में हादसे में घायल हुए एंबुलेंस चालक अमरोहा के ओमनगर पुराना रोडवेज निवासी पवन और उसमें सवार किशनगढ़ निवासी उदय, उसकी पत्नी राममूर्ति, सचिन, प्रमोद व तीन माह की बच्ची को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। जहां पता चला कि एम्बुलेंस चालक पवन की टांग टूट गई है। हादसे के बाद बाईपास पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से सड़क से हटवाया।

**आस्था** — भगवान जगन्नाथ रथयात्रा यूथ फोरम की ओर से हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# धूमधाम से निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भगवान जगन्नाथ रथयात्रा यूथ फोरम की ओर से रविवार को 30वीं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव धूमधाम से आयोजित हुआ। संयोजक माखन दास, वृंदा देवी दासी, मुकुल अग्रवाल एडवोकेट, राजीव सहाय, आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी ने भगवान को छप्पन भोग अर्पण कर पूजन किया।

गवर्नमेंट कॉलेज से रथयात्रा आरंभ हुई जो पान दरीबा, मण्डी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखा पुल, टाउनहाल, गुरहट्टी, ताड़ीखाना, गुलजारीमल धर्मशाला से होते हुए एसएसके कॉलेज बुधबाजार में विसर्जित हुई। इस दौरान वृन्दावन, दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मलय-कोटला, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरिद्वार, बहजोई, चन्दौली, बवराला, अलीगढ़ आदि से पधारे भक्तों ने दिव्य हरिनाम संकीर्तन एवं भावपूर्ण नृत्य से उपस्थित जनसमूह का मनमोह लिया।

#### ये लोग रहे मौजूद

रथयात्रा में माखन दास, वृंदा देवी दासी, महाजन प्रेमी दास, आश्रय दर्शन दास, राधिका माधव दास, सोनू गुप्ता, जगदीश यादव, कृष्ण अग्रवाल, निखिल प्रभु, सौरभ अग्रवाल, हिमांशु प्रभु, आदि भक्तों ने सहभागिता की।

#### भगवान को कराया जाता है महानगर का भ्रमण

इस अवसर पर कथा व्यास धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि उड़ीसा के पुरुषोत्तम क्षेत्र पुरी में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा विगत पांच सौ वर्षों से निकलती है। जिसमें लाखों भक्तों द्वारा भगवान के तीन विशेष रथों को हाथों से खींचने की परंपरा है। उसी परंपरा का निर्वहन विगत 29 वर्षों से मुरादाबाद में भी हो रहा है। भगवान जगन्नाथ, बल्देव एवं सुभद्रा जी की मूर्तियां जिन्हें प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात श्रीविग्रह कहा जाता है। उनका निर्माण लकड़ी से किया जाता है। वर्ष में एक बार पूर्ण विधि विधान से भगवान जगन्नाथ जी को मंदिर से बाहर रथ पर विराजमान कर संपूर्ण नगर का भ्रमण कराया जाता है।

### अधिकारी बनकर जांच करने पहुंचा सफाईकर्मी

**पाकबड़ा, अमृत विचारः** नगर पंचायत का एक सफाई कर्मचारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी बनकर समोसे बनाने वाले की दुकान पर पहुंच गया। जहां उसने कहा कि यह समोसे मीट के क्यों बनाये जा रहे हैं। दुकानदार ने कहा कि समोसे मीट के नहीं हैं सोयाबीन के हैं। दोनों की नोकझोंक की किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी।

नगर पंचायत सफाई कर्मचारी शनि राज अंगूर वाली मस्जिद के पास एक दुकान पर पहुंचा। उसने कहा कि यहां मीट के समोसे क्यों बनाये जा रहे हैं जबकि दुकानदार ने कहा कि यह समोसे सोयाबीन के हैं और तुम कौन हो जो मुझसे यह पूछ रहे हो। जब लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई तो उन्होंने कहा तुम कोई खाद्य सुरक्षा अधिकारी हो क्या? तो उसने कहा कि हां मैं अधिकारी हूं। इसी की बहस करते हुए लोगों ने वीडियो बना ली। बाद में उसे वायरल कर दिया।


मल्लपुर कृषि विज्ञान केंद्र पर पौधरोपण के बाद मौजूद उद्यान व अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी। ● अमृत विचार

# मल्लपुर में लगाए 500 फलदार पौधे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** कृषि विज्ञान केंद्र मल्लपुर ठाकुरद्वारा के परिक्षेत्र में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन उद्यान विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान 500 फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद ने पौधरोपण करने के साथ लोगों का आह्वान किया कि हर व्यक्ति को एक महीने में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

रविवार को उद्यान विभाग, अर्थ एवं संख्या विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने कृषि विज्ञान केंद्र मल्लपुर ठाकुरद्वारा के परिक्षेत्र में एक-एक फलदार पौधे का रोपण किया। डीएचओ व उनकी पत्नी सरिता बौद्ध, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक दिलीप कुमार, मोहम्मद परवेज एवं प्रदीप कुमार जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, डॉ.अर्चना सिंह अर्थ एवं संख्याधिकारी बरेली, दिव्या अपर संख्याधिकारी बरेली, तिलक राम, भारत भूषण, गीतेश प्रताप, सीमा रानी गुप्ता, पूनम शर्मा, नीरज शर्मा, अनु सिंह, सोनम, सरिता, डिम्पल, हरक सिंह समेत सभी अधिकारियों ने भी पौधे लगाए। कृषि वैज्ञानिक दीपक कुमार ने बताया कि पौधरोपण करने से ज्यादा उनकी देखभाल का कार्य महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### प्रधान के पुत्र पर झूठे मामले में फसांने का आरोप लगाया

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सरथल में प्रधान पद के प्रत्याशी रहे व्यक्ति ने मौजूदा प्रधान के पुत्र पर झूठे मुकदमे में फसांने का आरोप लगाया है। सरथल गांव के मोनू सिंह ने मुख्यमंत्री व अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा है। इसमें बताया कि गांव के प्रधान के पुत्र सूचित शर्मा के विरुद्ध शिकायत की गई थी। इसे लेकर ग्राम प्रधान का पुत्र षड्यंत्र में फंसाने की धमकी दे रहा है। इससे पहले एक महिला से छेड़खानी के आरोप में फंसाया था। इसके अलावा एक हत्या का मामला भी दर्ज कराया था।

### कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पुलिस ने शनिवार शाम गश्त के दौरान फैजुल्लागंज मंदिर के निकट से दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से कच्ची शराब की केन बरामद हुई। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम महेंद्र पुत्र जागन शर्मा, फूल सिंह पुत्र तुलसी निवासी रामनगर खागूवाला बताए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

### महिला ने जेठ के बेटे से किया निकाह

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में दो बच्चों की मां ने जेठ के बेटे से निकाह कर लिया। गांव निवासी युवती के पति की दो वर्ष पहले बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। महिला के दो छोटे बच्चे हैं। एक ही घर में रहने के दौरान महिला जेठ के बेटे से प्रेम प्रसंग करने लगी। कुछ दिन बाद दोनों एक-साथ रहने की जिद करने लगे। शनिवार रात गांव के लोगों को एकत्र कर महिला ने निकाह कराने के लिए कहा। इससे लोग चौंक गए। बाद में लोगों ने दोनों का निकाह करा दिया।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** खेत पर रखे पंपिंग सेट चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांव रामनगर खागूवाला निवासी नफीस अहमद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि मौजा नगलिया नारायन स्थित खेत पर उसका पंपिंग सेट रखा था। यहां से पंपिंग सेट चोरी हो गया था। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर रितिक व हिमांशु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने हिमांशु चौधरी को गिरफ्तार कर उसके पास से पंपिंग सेट बरामद कर लिया।

# पेट्रोल से दुकान में लगी आग जलकर महिला की जान गई

## मासूमपुर में मोमबत्ती जलाते समय पेट्रोल ने पकड़ी आग

**दर्दनाक**

- सामान भी जलकर हुआ राख बिना कार्रवाई के ही महिला का किया गया अंतिम संस्कार

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मासूमपुर में शनिवार रात माचिस की तीली से मोमबत्ती जलाते समय पेट्रोल ने आग पकड़ ली। इससे परचून की दुकान में आग लग गई। आग की लपटों में घिरी महिला की जलकर मौत हो गई। रविवार को परिजनों ने बिना कार्रवाई के ही महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

बताया गया कि गांव मासूमपुर में दुकानदार मुन्नू सिंह का परिवार रहता है। घर में ही उनकी परचून की दुकान है। शनिवार रात आठ बजे बिजली नहीं आने से दुकान में अंधेरा था। इस बीच दुकानदार की पत्नी भगवती (60) ने रोशनी करने के लिए माचिस की तीली से मोमबत्ती जलाई तो दुकान में रखे पेट्रोल ने आग पकड़ ली। इससे दुकान में आग लग गई। लपटों में महिला घिर गई। उसने अपनी जान बचाने का काफी प्रयास किया। शोर मचाने पर परिजन और मोहल्ले वालों ने आग बुझाने की कोशिश की। पानी और रेत डालने से भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इस दौरान कई ग्रामीणों के हाथ-पैर भी झुलस गए। दुकान में रखा सामान जल गया। लपटों में घिरी महिला की जलकर मौत हो गई।

सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों ने पूछताछ की, लेकिन उन्होंने कार्रवाई कराने ने इनकार कर दिया। थाना प्रभारी प्रदीप सहरावत ने बताया कि थाने में कोई शिकायत नहीं आई है।

### संदिग्ध हालात में किशोरी की मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में शनिवार देर शाम संदिग्ध हालात में 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। इसके बाद रविवार को घर में फंदे पर लटककर आत्महत्या करने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी व्यक्ति की छोटी बेटी की मौत हो गई थी। मृतका किशोरी के परिजनों का कहना था कि उनकी पुत्री काफी समय से बीमार चल रही थी और बीमारी के चलते उसकी मौत हुई है। इस बारे में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि परिजनों के अनुसार बीमारी से किशोरी की मौत हुई है। परिजनों ने किशोरी को गांव के ही कब्रिस्तान में दफना दिया।

# कालेवाला में मंदिर व स्कूल के ताले तोड़कर सामान चोरी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कालेवाला में शनिवार रात चोरों ने शिव मंदिर की दान पेटी और प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़ कर नकदी सहित हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। ग्रामीणों और प्रधानायाध्यापक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कालेवाला स्थित शिव मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर पांच हजार रुपये और स्कूल के ताले तोड़कर एक गैस सिलेंडर, बर्तन चोरी कर लिए गए। रविवार सुबह जब ग्रामीण मंदिर में पूजा करने गए तो दान पेटी का ताला टूटा देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने स्कूल की रसोई का गेट का ताला टूट देखा। इसके बाद उन्होंने ग्राम प्रधान को सूचना दी। ग्राम प्रधान रेवेंद्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को जानकारी दी।

### जेवर और नकदी चुराई

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** चोरों ने घर में घुसकर जेवर व नकदी चोरी कर ली। गृहस्वामी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के फैजुल्लागंज निवासी प्यारे सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर पर परिवार के सदस्यों के साथ सोया था। शनिवार रात चोरों ने घर में घुसकर सेफ अलमारी का ताला तोड़ दिया। उसमें रखे आठ तोले सोना, 10 तोला चांदी के जेवर और 25 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया।

### चोरी के मामले में रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पुलिस ने एक सप्ताह पहले प्राथमिक विद्यालय में सामान चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रधानाध्यापिका बबीता रानी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 21 जुलाई की सुबह सात बजे ग्रामीणों से सूचना मिली थी। उन्होंने बताया था कि स्कूल के कमरों के ताले तोड़कर चोरी कर ली गई। विद्यालय में देखा तो दो गैस सिलेंडर, दो सीलिंग फैन, तीन बड़े भगोने आदि सामान गायब था।



मजलिस को खिताब करते मौलाना। ● अमृत विचार

# अहलेबैत की जिंदगी नमूना-ए-अमल

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** हजरत इमाम हुसैन के बेटे जैनुल आबेदीन की शहादत की याद में मजलिसों का सिलसिला चल रहा है। इमामबाड़ा शोहदा-ए-कर्बला में हुई मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना सय्यद गुलाम हुसैन ने कहा कि इस्लाम इल्म हासिल करने का पैगाम देता है। इसलिए रसूल-ए-करीम और अहलेबैत ने इल्म हासिल करने पर जोर दिया है। इनकी जिंदगी हमारे लिए नमूना-ए-अमल है। हमें उनकी सीरत पर चल कर जिंदगी गुजारनी चाहिए।

कमर अब्बास काजमी, गुलाम मेहंदी रिजवी, परचम अब्बास रिजवी, अमन नकवी, आमिल काजमी ने मरसिया पढ़ा। अंजुमन अकबरी, अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अलमूर्तजा ने नोहाख्वानी की। चौधरी हाशिम अली के आजाखाने में गुलाम मेहंदी रिज़वी ने मरसिया पढ़ा और अंजुमन शाने हैदरी ने नोहाख्वानी की। मजलिस में मौलाना नय्यर अब्बास जलालपुरी ने कहा कि इस्लाम इत्तेहाद का पैगाम देता है।

# आज होगा भोले का जलाभिषेक

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** सावन के दूसरे सोमवार को आज शिवभक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए शिवालयों में युवाओं की टोली विशेष रूप से तैयारी में जुटी हुई है।

तहसील क्षेत्र में आज सावन माह के दूसरे सोमवार को महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके लिए मंदिरों और शिवालयों पर तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। लाडलाबाद और छजलैट के ढ़ाकी स्थित महादेव मंदिर में श्रद्धालु उमड़ेंगे। जल चढ़ाने के लिए हरिद्वार से कांवड लेकर शिवभक्त आए। सोमवार को कांठ नगर व क्षेत्र के सभी मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक किया जाएगा। इसके लिए रविवार को मंदिरों पर व्यवस्थाएं पूरी की गईं। थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ योगेन्द्र कुमार सिंह ने लाडलाबाद के प्रकटेश्वर शिव मंदिर व अन्य मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।



नगर से गुजरते कांवड़िये। ● अमृत विचार

### सड़कों पर गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र में देर शाम तक भजनों पर थिरकते हुए कांवड़िये हरिद्वार से जल लेकर आते रहे। भगवान शिव शंकर के जयकारे गूंजे। बारिश में भी शिवभक्तों के कदम नहीं रुके। सावन के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये बढ़ रहे हैं। हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे कांवड़ियों के जत्थे भगवान शंकर के जयकारे लगाते हुए अपने-अपने गंतव्यों की ओर जा रहे हैं। सुबह और दोपहर को बारिश के बीच भी शिवभक्तों के कदम नहीं रुके। रामपुर एवं शाहबाद की ओर जा रहे जत्थे में शामिल शिवभक्तों का कहना था कि वे रविवार शाम तक अपनी मंजिल पर पहुंच जाएंगे। मुरादाबाद, बरेली और पीलीभीत की ओर जाने वाले शिवभक्त भी हरिद्वार से लौटना शुरू हो गए थे।

# रोगों की रोकथाम के उपाय बताए

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रानीनांगल चीनी मिल परिसर में जिला गन्ना अधिकारी राम किशन की अध्यक्षता में किसान गोष्ठी आयोजिक की गई। इसमें शाहजहांपुर से आए पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजीत प्रताप सिंह, डॉ. अरविंद सिंह ने लाल सड़न, पोक्का बोइंग रोगों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लाल सड़न रोग लगे पौधों को उखाड़कर ब्लीचिंग पाउडर डालें। हैक्सास्टॉप, एमिस्टार टॉप का छिड़काव करें।

जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि किसान अपना गन्ना क्षेत्रफल, आधार कार्ड संख्या, मोबाइल नंबर, खाता खाता, बेसिक कोटा के बारे में जानकारी कर लें। इसके बाद संशोधन नहीं हो सकेगा। उन्होंने बताया कि कृषकों को जो उन्नतशील गन्ना प्रजाति का बीज वितरित कराया गया है, उसे उनके बेसिक कोटा में जोड़ दिया जाएगा।

महाप्रबन्धक (गन्ना) टीएस यादव ने चीनी मिल की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान गन्ना फसल की उपज बढ़ाने के लिए माइक्रो न्यूट्रेट व एमिडा का छिड़काव करे। इसके बाद वैज्ञानिकों व चीनी मिल अधिकारियों ने बेगमपुर, मोढी हजरतपुर, तिगरी, वीरूवाला, होशपुरा, भाईपुर समेत अन्य गांवों में गन्ना फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान चीनी मिल के सहा महाप्रबन्धक (गन्ना) सुनील कुमार बालियान, सुशील कुमार, हरिओम शुक्ला, हसमूल हसन, गजेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह चंद्रकिशो सिंह, भूप सिंह, राजपाल सिंह, किरनपाल सिंह उपस्थित रहे।




चीनी मिल में गोष्ठी में जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

# देवर पर दुष्कर्म और बच्ची को मारने की धमकी देने का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाभी ने देवर पर दुष्कर्म करने और दो वर्षीय बच्ची को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती की शादी थाना डिलारी के गांव में हुई थी। आरोप है कि तभी से महिला पर उसका देवर गंदी नजर रखने लगा। मौका मिलने पर देवर उससे छेड़खानी करता था। देवर की हरकतों से परेशान होकर वह दो वर्ष की बच्ची को साथ लेकर अपने मायके आ गई। आरोप है कि 27 जुलाई को माता-पिता बाहर गए थे। इस दौरान आरोपी देवर मायके में घर में घुस आया। आरोपी ने दो वर्ष की बच्ची को उठाकर जान से मारने की धमकी दी। इस पर वह बुरी तरह घबरा गई। इसके बाद आरोपी उसे कमरे में ले गया। यहां मारपीट और दुष्कर्म किया।



कार्यक्रम सुनते भाजपाई। ● अमृत विचार

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कुतुबपुर अज्जू में बूथ संख्या 378 पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम रेडियो पर सुना। इस दौरान नसीम खान, नक्शे अली, ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, हाजी मजलूम पाशा, डॉ. मुकीम पाशा, सुनेपाल सिंह, प्रथ्वीपाल सिंह, पुंडीर, रूद्र पुंडीर, राहुल कुमार, महा सिंह, किरनपाल पुंडीर, अरुन ठाकुर, राजकुमार सिंह, सतीश सिंह, मनोज कुमार पुंडीर, राजू सिंह, प्रमोद कुमार पुंडीर, आकाश ठाकुर, लव ठाकुर, बलजीत पुंडीर, नीतू सिंह, चमन सिंह आदि उपस्थित रहे।



हनुमान चालीसा का पाठ कराते अरविंद चौधरी। ● अमृत विचार

# चामुंडा मंदिर में किया गया हनुमान चालीसा का पाठ

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** गांव मिश्रीपुर मढ़ैया के चामुंडा मंदिर पर श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान के सदस्यों ने हनुमान चालीसा के पाठ की प्रतियोगिता कराई।

संस्था के संस्थापक अरविंद चौधरी ने बताया कि वे श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान के सदस्य व सम्मानित लोग व क्षेत्रवासी मंदिर पहुंचे। प्रियंका बिश्नोई ने हनुमान चालीसा का पाठ सुनाया। महिलाओं ने पटका पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। इसके अवाला योगेश सैनी, अक्षय बिश्नोई व अनुराग सिंह ने भी हनुमान चालीसा का पाठ सुनाया। अरविंद चौधरी ने बताया कि यह संस्था दान चंदा, चढ़ावा या भेंट नहीं लेती है। इस मौके पर स्वामी जगदेवानंद, मास्टर राजवीर बिश्नोई, महेश कुमार, सौरभ बिश्नोई, जबर सिंह, चंचल चौहान, विपिन चौधरी, उदय चौधरी, अनुज आदि रहे।

**सौंदर्यीकरण** करीब 170 वर्ष पुराना है प्राचीन शिव मंदिर का इतिहास

# 1.5 करोड़ रुपये से होगा शिव मंदिर मढ़ी का जीर्णोद्धार

- श्रावण मास में हजारों श्रद्धालु मंदिर में करते हैं जलाभिषेक
- मनुष्य व पशुओं को नहीं काटने की मांगी जाती थी मनौती

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मुरादाबाद रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर मढ़ी के जीर्णोद्धार के लिए शासन से वंदन योजना के तहत 1.5 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। इन रुपयों से मंदिर में सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इससे क्षेत्रके लोगों में हर्ष है। मंदिर का जीर्णोद्धार करने के लिए बढ़ापुर से भाजपा के विधायक सुशांत सिंह ने मुख्यमंत्री से मिलकर प्रयास किए थे।

मुरादाबाद रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर का करीब 170 वर्ष पुराना है। मंदिर सेवा ट्रस्ट के प्रबंधक राकेश गोयल व महामंत्री संजय सिंघल ने बताया कि इस देवस्थान की बहुत मान्यता है। मंदिर की स्थापना 1855 में ठाकुर रामसुख मल ने की थी। जहां कान्यकुंज ब्राह्मण शिवलाल गिरी ब्रह्मचारी रहते थे। इनके ब्रह्मलीन होन के बाद उनकी समाधि बनाई गई थी। 1910 में परम सिद्ध बाबा रामगिरि ने यहां आकर पूजा पाठ का कार्यभार संभाला था।




इस प्राचीन शिव मंदिर का होना है जीर्णोद्धार। ● अमृत विचार

उन्होंने यहां कुएं की स्थापना भी कराई थी। कुछ समय बाद वह तीर्थ यात्रा पर चले गए थे। तब कुआं सूख गया था। लेकिन जब वह तीर्थ यात्रा से वापस आए तो उस कुएं में फिर पानी आ गया था।

शिवमंदिर पर भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी, कृष्ण जन्माष्टमी के बाद नवमी के दिन मेला लगता था, जहां सांपों की जात लगती थी। इसमें सांपों की कुशलता मनाई जाती थी। उन्हें प्रसन्न करने व उनसे मनुष्य एवं पशुओं को न काटने की मनौती मांगी जाती थी। शिव मंदिर की भूमि पर ही वैश्य समुदाय की पहल पर श्री शिव हरी राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की स्थापना हुई थी।

महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से गंगाजल लाकर हजारों शिवभक्त यहां जलाभिषेक करते हैं। इस अवसर पर मेला लगता है। पूरे वर्ष में यहां कई मेलों का आयोजन किया जाता है। धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं। श्रावण मास में हजारों श्रद्धालु मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। काफी समय पहले से इस मंदिर की देखभाल एवं प्रबंधन वैश्य समुदाय के लोग कर रहे हैं।

## सार संक्षेप




पौधरोपण करतीं अलका दीदी व अन्या। ● अमृत विचार

### राजा का सहसपुर में किया पौधरोपण

**बिलारी, अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र बिलारी की ओर से ग्रीनवुड फार्म हाउस राजा का सहसपुर में पौधे लगाए गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा भारती के जिलाध्यक्ष व जीवन धारा नमामि गंगे फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित विनोद कुमार मिश्रा के प्रयास राजकीय उद्यान विभाग पौधशाला की ओर से 1000 फलदार पौधे दिए गए थे। इनमें बेल, नींबू, कटहल, जामुन, अमरुद, आलू बुखारा, अर्जुन के पौधे मिले थे। खेत, बाग, बगीचा व धर्मस्थल, मोक्ष धाम पर लगाने के लिए पौधे मिले थे। ग्रीनवुड फार्म हाउस में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी जोनल प्रभारी बहन अलका दीदी ने पौधरोपण किया। इस दौरान चौधरी राजेंद्र भाई, देवेंद्र गांधी, ठाकुर पान सिंह, मानसिंह, सुखेंद्र पाल सिंह, मोहर सिंह आदि रहे।




विद्यालय में पौधा लगाते प्राचार्य व शिक्षक। ● अमृत विचार

### जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ पौधरोपण

**ठाकुरद्वारा अमृत विचार :** जवाहर नवोदय विद्यालय कालेवाला में पौधरोपण किया गया। प्राचार्य संतोष कुमार गौड़, उप प्राचार्य अजय कुमार ने पौधे लगाए। इस दौरान संजीव यादव, हर्षवर्धन, आशीष शुक्ला, रत्ना शर्मा, सरिता आर्या, वैशाली, नेहा मिश्रा व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।



पौधरोपण के दौरान बिश्नोई समाज के लोग। ● अमृत विचार

### बिश्नोई महासभा युवा मोर्चा के सदस्यों ने लगाए पौधे

**कांठ, अमृत विचार :** अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भानू बिश्नोई और जिला महासचिव दिव्यांश बिश्नोई ने रविवार को गांवों में जाकर खेजड़ी के पौधे लगाने के अभियान की शुरुआत की। भूड़ टीबा बिश्नोई मंदिर कांठ, पट्टीवाल विश्नोई धर्मशाला, गांव महमूदपुर माफी, गांव सलेमपुर, गांव मुख्तयारपुर नवादा व अन्य गांवों में खेजड़ी के पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि यह कार्य उन्होंने गुरु जम्भेश्वर भगवान के आशीर्वाद से और स्वामी राजेंद्रानंद, स्वामी प्रणवानंद महाराज के मार्गदर्शन में किया। बिश्नोई महासभा के संरक्षण कुलदीप बिश्नोई, सदस्य विधान परिषद सलिल विश्नोई, प्रदेश अध्यक्ष प्रखर बिश्नोई के नेतृत्व में पौधे लगाए गए। जिला महासचिव ने बताया कि जितने भी बिश्नोई आबादी के गांव हैं, सभी गांवों में टीम खेजड़ी के पौधे लगाएगी। इस दौरान प्रदेश महासचिव मोनू बिश्नोई, शौर्य बिश्नोई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्की बिश्नोई, देवराज बिश्नोई, जिला उपाध्यक्ष शेखर बिश्नोई, अर्पित बिश्नोई, जिला सदस्य गौतम बिश्नोई, इलू बिश्नोई, अरुण, मणिदीप, यश, वंश, विवेक और अनमोल बिश्नोई उपस्थित रहे।

### हवन में आहुति देकर समृद्धि की कामना की

**कांठ, अमृत विचार :** प्राचीन आर्य समाज के परिसर में पुरोहित नैपाल आर्य ने हवन कराया। इसमें आहुति देकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। रविवार को आर्य बंदुओं ने हवन शुरू किया। आर्य समाज के मंत्री तिलक राम की बहन का आकस्मिक निधन होने पर शोक संवेदना व्यक्त की। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान अशोक कुमार बिश्नोई, छुन्नू सिंह, मास्टर सुभाष कुमार, भानु प्रताप सिंह, कुलदीप सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### मारपीट के आरोप में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** खाद्य वस्तुओं के वितरण के दौरान पानी पीने के लिए रुके कर्मचारियों के साथ कुछ लोगों ने मारपीट व गाली गलौज की थी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने चार अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मुरादाबाद में थाना गलशहीद क्षेत्र के गांधीनगर निवासी गौरव रस्तोगी ने कोतवाली पुलिस को बताया था कि वह खाद्य वस्तुओं का वितरण करता है। 20 जुलाई को साढ़े चार बजे वह कमलापुरी रोड स्थित पेट्रोल पंप पर अपने चालक व सप्लाई करने वाले के साथ पानी पीने के लिए रुका था। तभी वहां दो बाइक सवार चार व्यक्ति आए। चालक अमित निवासी कुंदरकी और सप्लाई करने वाले गौरव निवासी कटघर, जतिन से सप्लाई न करने की बात कहते हुए गाली गलौज की।

### मारपीट के मामले में कई लोगों पर हुई कार्रवाई

**कुंदरकी, अमृत विचार :** रास्ते के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में एक पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। चतुपुर निवासी इमरान थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोसी वाजिद, असलम व राहिल से रास्ते को लेकर उसका विवाद चल रहा है। ये लोग रास्ते पर कब्जा करना चाहते हैं। 20 जुलाई की सुबह सभी लोग अपने काम से गए हुए थे। उसके घर महिलाएं और उसके पिता अब्दुल सत्तार अकेले थे। तभी इन लोगों ने घर में घुसकर गाली गलौज की। उसकी पत्नी मेहराब जहां ने विरोध किया तो इन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। शोर शराबा होने पर अब्दुल सत्तार भी वहां आ गए। आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की।

### टांडा व गदापुर में बजरंग दल ने किया टीम का गठन

**कांठ, अमृत विचार :** गांव टांडा और गदापुर में रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठकें हुईं। इनमें बजरंग दल के जिला प्रमुख मोनू बजरंगी ने संगठन और सनातन धर्म के बारे में जानकारी दी। हिंदुत्व की रक्षा करने के लिए रूपरेखा तैयार की। बजरंग दल की ओर से एक टीम का गठन किया गया। इस दौरान गजेंद्र पाल, ग्राम प्रधान संजय पुजारी, विवेक बिश्नोई, कपिल प्रजापति, अभिषेक बिश्नोई, सत्यवीर सिंह, डॉ. केशव सैनी, प्रशांत चौहान, बंटी चौहान, दिनेश सैनी, बरुन आदि मौजूद रहे।

### शादी में बुलेट की मांग पूरी न होने पर तोड़ा रिश्ता

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शादी में बुलेट व तीन लाख दस हजार रुपये की नकदी की मांग पूरी नहीं करने पर युवक के परिजनों ने युवती से रिश्ता तोड़ दिया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने महिला सहित छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बांकावाला निवासी अब्दुल सलाम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने अपनी बेटी का रिश्ता 23 जून को डिलारी के मोहल्ला हिमगिरी कॉलोनी में रहने वाले फिरोज के साथ किया था। लेकिन युवक के परिजन इससे खुद नहीं थे। मांग पूरी नहीं करने की बात कहने पर आरोपियों ने रिश्ता तोड़ दिया। इसके बाद पीड़ित युवती के पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद अहमद, इरशाद, फैजान, जीशान, शहाना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 44 घंटे बाद तालाब में मिला बच्ची का शव, कोहराम

## परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इन्कार, शुक्रवार को नाले में गिर गई थी बच्ची

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** बारिश के पानी में बही दो साल की बच्ची का शव रविवार की सुबह दस बजे तालाब में मिल गया। बच्ची का शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।



मिलक थाना क्षेत्र के गांव करीमगंज में निवासी देवेंद्र की दो वर्षीया पुत्री ओमसुधा शुक्रवार को अपनी मां नीतू के साथ सड़क पर खड़ी थी। नीतू घर के बाहर नाले की सफाई कर रही थी। इस दौरान बारिश के पानी के तेज बहाव के सात बच्ची नाले में बहकर तालाब में पहुंच गई थी। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने रात दस बजे तक उसकी खोजबीन की थी, लेकिन उसका पता नहीं लगा सका था। शनिवार को तहसीलदार सीमा गंगवार के नेतृत्व में सर्च अभियान चलाया गया था। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह व एसपी विद्यासागर मिश्र ने भी घटना स्थल का जायजा लिया था और बच्ची को शीघ्र तलाशने को कहा था। शनिवार को भी सुबह से शाम तक बच्ची को खोजा गया। रविवार को एसडीएम राजेश कुमार के नेतृत्व में धनोरा गांव स्थित एक हैचरी पर काम करने वाले युवकों को सर्च ऑपरेशन के लिए बुलाया गया। सुबह आठ बजे पुरैनिया खुर्द के ग्राम प्रधान मनप्रीत सिंह के निर्देशन युवकों ने सुबह आठ बजे फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। मात्र दो घंटे में ही युवकों ने 44 घंटे बाद बच्ची को तलाश कर लिया। बच्ची का शव मिलते ही परिवार में हाहाकर मच गया। सूचना पर सीओ आरएस परिहार भी पहुंच गए। बच्ची का पंचनामा भरवाया गया। बच्ची की शव देख माता-पिता, दादी, नानी, मामा आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



बच्ची का शव मिलने के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार



स्कूल में लोगों से बात करते सीओ मिलक। ● अमृत विचार

### तालाब की सफाई के बाद होगी चहारदीवारी

बच्ची के तालाब में डूबने के बाद शनिवार को गांव पहुंचे जिलाधिकारी ने एसपी के साथ घटना स्थल का जायजा लिया था। उन्होंने तालाब की सफाई एवं चहारदीवारी कराने के निर्देश दिए थे। ग्राम सचिव प्रवेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर तालाब की सफाई व चहारदीवारी कराई जाएगी।

### तालाब के किनारे मिला बच्ची का शव

नाले से बहता हुआ बच्ची का शव तालाब के किनारे पर चिपक गया था। टीम ने जब किनारों की सफाई की तो शव ऊपर आ गया। शव को तलाशने में अरुण, भुवन, देव सिंह, रवि दीपक, नरेशपाल, संतोष कुमार शामिल रहे।

### परिजनों ने नहीं कराया पोस्टमार्टम

परिजनों ने बच्ची का पोस्टमार्टम कराने से साफ मना कर दिया। अधिकारियों ने इसकी सूचना जिलाधिकारी को दी। उन्होंने बिना पोस्टमार्टम कराए ही अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस पर पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## एक नजर



पुलिस कर्मियों की बैठक लेते एसपी।

### एसपी ने मसवासी चौकी का किया निरीक्षण

**मसवासी, अमृत विचार :** एसपी विद्यासागर मिश्र ने शनिवार देर रात मसवासी चौकी का निरीक्षण किया। उन्होंने चौकी कार्यालय में दस्तावेज एवं उनके रख रखाव तथा उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चेक किया। चौकी परिसर में बनी बैरक व मालखाना आदि की साफ-सफाई को चेककर संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के बाद पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं के विषय में पूछकर संबंधित को निर्देशित किया।

### अपहृत हुई इंटर की छात्रा तीन दिन बाद बरामद

**भोट, अमृत विचार :** तीन दिन पूर्व अपहृत हुई इंटर की छात्रा को पुलिस ने बरामद कर लिया है। अपने मामा के घर रह रही छात्रा दवा लेने बिलासपुर गई थी। इस दौरान उसका अपहरण कर लिया गया था। छात्रा के मामा ने पड़ोसी गांव रायपुर निवासी गौरव, मुकेश, लोकीराम व राजकुमारी के खिलाफ अपनी भांजी को बहला- फुसला कर भगाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को पुलिस ने छात्रा को थाना क्षेत्र से ही बरामद करके मेडिकल के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह ने बताया कि छात्रा को बरामद कर लिया गया है। जल्दी ही आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अलग-अलग सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**शाहबाद, अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी विक्की और सोहन लाल किसी काम से जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर निवासी सलमान भी सड़क हादसे में घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



महिला के परिजनों से जानकारी लेते सीएमओ डॉ. सत्यपाल सिंह। ● अमृत विचार

# कॉपर-टी मामले में महिला के घर पहुंचे सीएमओ

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** महिला को प्रसव के दौरान नर्स द्वारा जबरन लगाई गई कॉपर-टी के आरोप के मामले में मुख्य चिकित्साधिकारी पीड़िता के घर पहुंचे। उन्होंने मामले की जानकारी ली।

क्षेत्र के धनेली पूर्वी गांव निवासी इस्माइल ने न्याय न मिलने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को आत्महत्या की धमकी दी थी। आरोप था कि मिलक के सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद नर्स ने उसकी पत्नी शमीम को बिना अनुमति के कॉपर टी लगा दी। इससे उसकी पत्नी के शरीर में इन्फेक्शन हो गया। उसने निजी अस्पताल में पत्नी का इलाज कराया, जिसमें दो लाख रुपये खर्च हो गए। उसकी पत्नी मौत और जिंदगी की जग लड़ रही है। उसने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए परिवार सहित आत्महत्या करने की धमकी दी थी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह, मिलक सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डॉ. बासित अली के साथ रविवार को पीड़िता के घर पहुंचे। उन्होंने इस्माइल को मदद का आश्वासन दिया। सीएमओ ने बताया कि मामले की जांच करने महिला के घर थे। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी गेटपास से परिवहन करने वाले दो ट्रक चालकों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** फर्जी गेटपास के आधार पर यूकेलिप्टस की लकड़ी ले जा रहे दो ट्रकों को सीज कर दिया। इसके बाद कृषि उत्पादन मंडी समिति मिलक के मंडी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने एफआईआर दर्ज कराई है।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कर-चोरी की घटनाओं को रोकने के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। 23 जुलाई को मिलक के मंडी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार बरेली-दिल्ली हाईवे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान यूकेलिप्टस की लकड़ी लदे दो ट्रकों को उन्होंने रोका। लोडिंग से संबंधित कागजात मांगे। जांच के दौरान पाया कि फर्म रॉयल इंटरप्राइजेज को सीतापुर जिले के अंतर्गत मंडी समिति हरगांव से इन दोनों वाहनों के कृषि उत्पाद लकड़ी जलौनी के गेट पास जारी किए थे। मगर दोनों ट्रकों में गोल लकड़ी मिली। जांच में पता चला कि मूल गेटपास में कंप्यूटर से एडिटिंग कराकर जलौनी शब्द हटाकर लकड़ी यूकेलिप्टस के रूप में गेट पास तैयार कराया गया। गेटपास प्राप्त करने वाली फर्म रॉयल इंटरप्राइजेज का लाइसेंस सीतापुर स्थित मंडी समिति हरगांव में पंजीकृत है। इस फार्म के प्रोपराइटर सत्यम गुप्ता है। चेकिंग के दौरान पता चला कि लकड़ी के संबंध में जिस फर्म का जीएसटी ई-वे बिल प्रयुक्त किया गया है, उस फर्म का जीएसटी पंजीकरण मुरादाबाद में है। उसके प्रोपराइटर मोहम्मद असीर हैं। इस फर्जीवाड़े की पुष्टि होने पर मंडी निरीक्षक ने थाना मिलक में चालक तथा फर्म रॉयल इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### महिला के फोन पर बेटे को जान से मारने की धमकी

**मसवासी, अमृत विचार :** युवक ने महिला को फोन पर उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला धीमरखेड़ा निवासी सरोज देवी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि पड़ोसी महिला का क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। मामूली कहासुनी पर महिला झूठे आरोप लगा देती है। उसने फोन करके अपने प्रेमी को उकसा दिया। इसके बाद वह उन्हें फोन करके उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर जांचकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने बताया कि जांच की जा रही है। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

# अजीजिया क्लीनिक को किया सील

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** नोडल अधिकारी ने टीम के साथ नरपतनगर में अजीजिया क्लीनिक पर छापामार कार्रवाई की। अभिलेख नहीं मिलने पर टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया। इस कार्रवाई से अन्य क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मचा रहा। वह क्लीनिकों के शटर गिरा कर फरार हो गए।

नगर पंचायत नरपतनगर निवासी डॉ. रिजवान अजीजिया क्लीनिक चलाते हैं। पिछले हफ्ते डाक्टर की कार ने स्वार-बाजपुर मार्ग स्थित मोतीपुरा पर मसवासी निवासी दादा-पोते की स्कूटी को रौंद दिया था। इसमें पोते की मौके पर ही मौत हो गई थी। तीन दिन पूर्व दादा की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर डॉ. रिजवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कुछ दिन से नोडल अधिकारी केके चहल को बिना डॉक्टर के अजीजिया क्लीनिक चलाने की सूचना मिल रही थी। शनिवार की देर शाम स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने टीम के साथ क्लीनिक पर छापा मारा। नोडल अधिकारी को बिना डाक्टर के क्लीनिक संचालित होता मिला। छापामार कार्रवाई से क्लीनिक के स्टाफ में हड़कंप मच गया। नोडल अधिकारी ने स्टाफ से अभिलेख मांगे, लेकिन वह नहीं दिखा सके। इस पर नोडल अधिकारी ने अजीजिया क्लीनिक को सील कर दिया। नोडल अधिकारी ने बताया कि नरपतनगर में संचालित अजीजिया क्लीनिक की काफी दिन से शिकायतें मिल रहीं थी। क्लीनिक को सील कर दिया है।




स्वार स्वास्थ्य विभाग द्वारा सील किया गया अजीजिया क्लीनिक। ● अमृत विचार

● कार्रवाई से अन्य क्लीनिक संचालकों में मचा हड़कंप

### मां-बेटियों पर टिप्पणी करने वाले गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शनिवार की रात 10 बजे एक मोहल्ला निवासी मां-बेटी नैनीताल हाइवे किनारे लगी नुमाइश देखकर आंबेडकर पार्क में टहल रही थीं। तभी दो युवक उन पर अश्लील टिप्पणियां करने लगे।

महिला द्वारा शोर-शराबा करने पार्क के समीप टहल रहे विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार और नगर मंत्री प्रदीप कुमार मौके पर पहुंच गए। देखते-देखते लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने दोनों युवकों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। हिंदू संगठनों के पदाधिकारी पीड़िताओं को लेकर कोतवाली पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर मोनिश व इरशाद उर्फ छोटू निवासी मोहल्ला शीरी मियां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।



कार्यक्रम में मौजूद मुख्य संरक्षिका नीलम रानी टम्टा एवं अन्य। ● अमृत विचार

# कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने किया पोषक तत्वों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में शैक्षिक सप्ताह चल रहा है। इसमें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में रविवार को ईको क्लब मिशन व सामूहिक सहभागिता कार्यक्रम हुआ।

इसमें डॉयट के प्रशिक्षुओं ने पोषक तत्वों का प्रदर्शन किया। हर्बल पौधों का रोपण भी हुआ। गीत- कविता वाचन, चार्ट-पोस्टर-स्लोगन आदि कार्यक्रम भी हुए। वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार, राजेश कुमार, तृप्ति चंद्रा, लता गंगवार, रोहित दुबे और प्रयोगशाला प्रभारी जफर अतीक मौजूद रहे। अध्यक्षता मुख्य संरक्षिका नीलम रानी टम्टा ने की।

### वन कर्मियों पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने वन कर्मियों पर फायरिंग करके घायल करने के मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त बंदूक भी बरामद की है।

वन रक्षक एवं बीट प्रभारी श्यामलाल, वन कर्मी रूपचंद और आले हसन तथा एक अन्य के साथ 13 जुलाई को जंगल में गश्त कर रहे थे। इस दौरान पहले से घात लगाए बैठे वन तस्करों ने जान से मारने की नियत से उन पर फायरिंग कर दी थी। इसमें वन कर्मी रूपचंद और आले हसन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि विवेचना में सिकंदर निवासी गांव बेरखेड़ा, गोल्डी निवासी गांव मनुनगर का नाम प्रकाश में आने इन्हें भी मुकदमे में शामिल कर लिया था। रविवार दोपहर आरोपी सिकंदर को माटखेड़ा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।

# अस्पताल संचालक से ब्लैकमेलिंग करने में महिला सहित पांच गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अस्पताल संचालक से ब्लैकमेलिंग करने के मामले में एक महिला सहित पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

● पुलिस ने सभी को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेजा

> बरेली के अस्पताल संचालक से ब्लैकमेलिंग करने के मामले में एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला हनी ट्रैप से जुड़ा हो सकता है। जांच की जा रही है।
>
> -अजय मिश्रा, सिविल लाइन प्रभारी

बरेली जनपद के शांति विहार निवासी अस्पताल संचालक विजय कुमार शर्मा ने शनिवार को सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनका कहना था कि एक लड़की ने नाम अनन्या बताते हुए खुद को दवा कारोबारी बताया था। अनन्या ने 16 जुलाई को उन्हें अपने दोस्त के घर दवा का सैंपल दिखाने बुलाया था। वह अपने साथी सौरभ शर्मा के साथ उसके बताए स्थान पर पेट्रोल पंप के सामने बिजली कालोनी पहुंचे। तभी वहां कुछ लोग आ गए। उन्होंने विजय और उनके दोस्त की गर्दन पर चाकू रखकर जान से मारने की धमकी देते हुए विजय से सोने की चैन, अंगूठी, ब्रेसलेट और जेब में रखे 25 हजार रुपये लूट लिए। आरोपियों ने 87 हजार रुपये एक मोबाईल नंबर पर गूगल पे भी करा लिए थे। इस दौरान आरोपियों ने कुछ कागजों पर उनसे हस्ताक्षर भी कराए थे। आरोपियों ने उनकी चेकबुक से एक सादा तथा एक चेक पर 50 हजार रुपये की रकम भरकर ले लिया था।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी बब्लू पुत्र ओमप्रकाश निवासी विष्णु विहार कालोनी, राहुल पुत्र राजीव निवासी रामनाथ कालोनी, शिवम पुत्र रमेशचन्द्र निवासी गंगापुर आवास विकास, सचिन पुत्र ओमप्रकाश निवासी विष्णु विहार तथा मनीषा उर्फ अनन्या पत्नी मुकेश निवासी फैजुल्लानगर को आश्रम पद्धति मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से 3250 रुपये, साइन किए हुए 50-50 हजार रुपये के दो एक्सिस बैंक के दो चेक व अजय के हस्ताक्षर किए हुए दो सादा कागज बरामद किए हैं।

## सार संक्षेप

### अवैध खनन में दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ीं

**टांडा, अमृत विचार :** शनिवार की रात नायब तहसीलदार ने मिट्टी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ लिया। जबकि चालक फरार हो गए। शनिवार की रात करीब दस बजे तहसील प्रशासन को क्षेत्र के गांव रामनगर लतीफपुर में जेसीबी की मदद से मिट्टी का अवैध खनन करने की सूचना मिली। इस पर नायब तहसीलदार अमित कुमार और अंकुर अत्तल लेखपाल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्राली में मिट्टी भरकर ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को पकड़ लिया। उन्हें देख चालक वाहनों को छोड़कर भाग गए। नायब तहसीलदार ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मंडी समिति में खड़ा करा दिया है।

### भाखड़ा नदी किनारे घूमती मिली बच्ची



**मिलक, अमृत विचार :** भाखड़ा नदी के तट पर डेढ़ साल की लावारिश बच्ची मिली है। उसकी पहचान नहीं हो सकी। रविवार की सुबह भाखड़ा नदी के तट पर राहगीरों को करीब डेढ़ साल की बच्ची रोते हुए मिली। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के गांवों में बच्ची की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने बच्ची को चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम को सौंप दिया।

### असपा के विधानसभा अध्यक्ष बने जागीर दास

**मिलक, अमृत विचार :** रविवार को पुरैनिया खुर्द गांव में पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल गौतम के नेतृत्व में आजाद समाज पार्टी की बैठक हुई। इसमें पार्टी व सांसद चंद्रशेखर आजाद की नीतियों के बारे में बताया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष ऋषि गौतम ने पार्टी में आस्था जताने वाले लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई। इसके बाद जागीर दास फौजी को विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। अन्य कई कार्यकर्ताओं को भी विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी। इस दौरान चंद्रपाल सिंह, सुखनंदन फौजी, समीर खान, वीरेंद्र सिंह, प्रभु दयाल, सुखदेव, गोविंद सिंह, कृष्णपाल, मनोज, आलोक सिंह, अनिल सागर आदि मौजूद रहे।

### मानव कल्याण के लिए हैं 12 ज्योतिर्लिंग : पवन

**रामपुर, अमृत विचार :** संत पवन कौशिक ने श्री शिवमहापुराण कथा के सातवें दिन 12 ज्योतिर्लिंगों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सभी ज्योतिर्लिंग मानव कल्याण के लिए ही हैं। कृष्णा विहार कालोनी में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने पूजन कर किया। इसके बाद संत पवन कौशिक ने प्रवचन किए। उन्होंने बारह ज्योतिर्लिंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि इनमें से किसी भी ज्योतिर्लिंग पर कोई भक्त आस्था और सच्ची भक्ति के साथ जाता है तो उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।

### दुष्कर्म में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मिलक, अमृत विचार :** घर में घुसकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। क्षेत्र निवासी एक महिला ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री घर में सो रही थी। इस दौरान रात करीब साढ़े 11 बजे एजनखेड़ा गांव निवासी रविन्द्र उसके घर में घुस गया। उसने कमरे में सो रही उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को रविन्द्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बसपा जिलाध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट

**रामपुर, अमृत विचार :** भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने प्रमोद कुमार निरंकारी के तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर बाबा साहब का फोटो भेंट कर शिष्टाचार भेंट की। जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना ने कमजोर, शोषित व वंचित बहुजन समाज पर हो रहे अत्याचार को लेकर चर्चा की। उन्होंने संगठन को आश्वासन देकर भरोसा दिलाया कि बहुजन समाज के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर भीम प्रिय गौतम, दिनेश बाबू, सतपाल सिंह बादल, राजाराम आंबेडकर, राजीव आंबेडकर, राजेश कुमार, डॉ. मदनलाल, प्रेमचंद, नेपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

योजना — शहरी क्षेत्र में लगाए जाएंगे 90 हजार स्मार्ट मीटर

# जिले में लगेंगे 3 .80 लाख स्मार्ट मीटर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए जनपद में 3.80 लाख स्मार्ट मीटर लगेंगे। शहरी क्षेत्र में 90,000 स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। रविवार को अजीतपुर समेत 45 फीडरों पर मीटर लगाए गए। फीडरों पर मीटर के लगने से डिवीजन वार लाइनलॉस की जानकारी मिल सकेगी। अधीक्षण अभियंता महफूज आलम, एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने अजीतपुर बिजलीघर में लगे फीडर मीटर का निरीक्षण किया।

जनपद में स्मार्ट मीटर लगाने का काम यूमेस इंफ्रा लिमिटेड को मिला है। अधीक्षण अभियंता ने फीडरों पर लगे स्मार्ट मीटर को चेक किया। उन्होंने बताया कि जनपद में 3.80 लाख स्मार्ट मीटर लगने है। फीडरों पर लगे मीटरों को चेक किया जा रहा है। इसके बाद लोगों के घरों के बाहर स्मार्ट मीटर लगेंगे। विभाग का कंट्रोल रूम मंडल में बनेगा। इससे सभी कनेक्शन जुड़े होंगे। बिल देने में आनाकानी करने पर मीटर बंद हो जाएगा। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता जितनी बिजली इस्तेमाल करेगा, उसी यूनिट के हिसाब से बिल देना होगा।

यदि कोई लंबे समय से बिल नहीं देगा तो उसका मीटर बंद किया जा सकेगा। इस दौरान एसडीओ प्रथम सचिन रस्तोगी, सिटी इंचार्ज तकरीर समेत अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।



अजीतपुर प्रथम बिजलीघर में लगे मीटर की जांच करते एसई व एक्सईएन।

### अधिकारी कार्य में नहीं बरतें लापरवाही

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने जनपद के जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। मुख्यमंत्री आवास व प्रधानमंत्री आवासों को निर्धारित समय में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बीडीओ से कहा कि जिन लाभार्थियों के खातों में धनराशि भेजी जा चुकी है, उनके द्वारा अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। उनके आवास का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराने के साथ ही सम्बन्धित सचिवों के कार्य दायित्वों को निर्धारित कर कार्यवाही करें। जिला पूर्ति अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक को खाद्यान्न का नियमानुसार वितरण कराने के निर्देश दिए। अनियमितता पर प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी तथा पूर्ति निरीक्षक का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करने के लिए कहा।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

# विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली से कार्य कराएं : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने अपर जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली को कलेक्ट्रेट के सभी अनुभागों में लागू करा दिया गया है। साथ ही 10 पत्रावलियों का आदान-प्रदान इसी माध्यम से कराकर कार्रवाई शुरू करा दी गई है। जिलाधिकारी ने नगर पालिका, खनन अनुभाग और तहसील स्तर पर ई-आफिस प्रणाली से कार्य शुरू करने के लिए नगर मजिस्ट्रेट, डीआईओ (एनआईसी) को निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि द्वितीय चरण में विकास भवन व अन्य विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली से कार्य कराए जाएं।

## एक नजर

### आवंटन करने वालों पर भी होनी चाहिए थी कार्रवाई

रामपुर, अमृत विचार : जिला प्रशासन के आदेश पर नगर पालिका के अधिकारी और एसडीएम ने शनिवार को खोखे हटवा दिए। आवंटन करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए थी। टांडा में खोखे हटवाने की निंदा करते हुए जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि नगर पालिका ने ही 35 खोखों को 2018 में आवंटित किया। उनसे जमानत राशि भी ली गई। शनिवार को उन खोखों को हटवा दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन को गरीबों के खोखे तोड़ने से पहले नगर पालिका के उन अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई करनी चाहिए थी, जिन्होंने गरीबों से पैसे लेकर छह साल पहले खोखों का आवंटन किया था।

### ननुआ बाबा के भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

रामपुर, अमृत विचार : श्री ननुआ दरबार गोविंद कालोनी की ओर से गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शनिवार को कार्यक्रम हुआ। इसके तहत रात में जागरण किया गया। सुबह 10 बजे से कीर्तन एवं रस्म पगड़ी का आयोजन हुआ। इसके बाद महाभंडारे का आयोजन हुआ। इसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री ननुआ समाधि स्थल रामघाट के महंत राकेश चपरासी एवं ननुआ दरबार गोविंद कॉलोनी के महंत दिनेश कौशिक ने भक्तों को आशीर्वाद दिया।

# सावन का दूसरा सोमवार आज शिवभक्त करेंगे जलाभिषेक

## प्राचीन मंदिरों पर लगाई गई बैरिकेडिंग, पुलिस रहेगी तैनात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सावन के दूसरे सोमवार को काफी संख्या में भक्त जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए पुलिस विभाग सतर्क हो गया है। मंदिरों में बैरिकेडिंग कर दी गई है।

सावन के दूसरे सोमवार को देखते हुए पुलिस विभाग सतर्क हो गया है। सुरक्षा के लिहाज से अधिकारी पहले से ही सक्रिय हो गए थे। कुछ दिन पहले कांवड़िए जल लेने के बृजघाट और हरिद्वार रवाना हो गए थे। धीरे-धीरे करके कांवड़िए जलकर लेकर गतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। सुबह से ही कांवड़िए जत्थों के साथ हाईवे से होकर बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए गुजरे। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस तैनात रही। जल चढ़ाने के लिए सोमवार को भारी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचेंगे। इसके तहत मंदिरों में बैरिकेडिंग कर दी गई है।


हाईवे पर कांवड़ लेकर आते भक्त। ● अमृत विचार

### भारी वाहनों के लिए किया रूट डायवर्ट

कांवड़ यात्रा को देखते हुए शुक्रवार की शाम से ही प्रशासनिक अधिकारियों के आदेश पर रूट डायवर्ट कर दिया गया है। भारी वाहनों को शाहबाद बाईपास से निकाला जा रहा है, जबकि रोडवेज बसें और छोटे वाहन दलपतपुर होकर जाते रहेंगे। टीआई विजेंद्र सिंह ने बताया कि अधिकारियों के आदेश पर रूट डायवर्ट कर दिया गया है। ताकि किसी भी कांवड़ लाने वाले व्यक्ति को कोई परेशानी न हो।

> सावन के सोमवार को मंदिरों में पुलिस तैनात रहेगी। सुरक्षा के लिहाज से हाईवे पर भी थाना पुलिस के अलावा यातायात पुलिस को भी तैनात किया गया है। ताकि शिवभक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो सके।
>
> -आरपी सिंह, सीओ ट्रैफिक


स्वार से कांवड़ लेने जाते शिवभक्त। ● अमृत विचार

# कांवड़ लाने के लिए बृजघाट रवाना हुआ भक्तों का जत्था

संवाददाता, स्वार

● हर हर महादेव के उद्घोषों से गूंजायमान हुआ क्षेत्र

अमृत विचार : शिवभक्तों के जत्थे कांवड़ लाने के लिए बाइकों से हरिद्वार व बृजघाट रवाना हो चुके है। वह सावन के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान हर हर महादेव के उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा।

सावन के पवित्र माह में नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों से शिव भक्त कांवड़ लाने के लिए हरिद्वार एवं बृजघाट कूच कर रहे हैं। रविवार को गांव धनौरी से कांवड़ लाने के लिए दो दर्जन शिवभक्तों का जत्था बृजघाट रवाना हुआ।

इसमें धर्मेन्द्र कुमार, विपिन, अंशु, अरुण, जीतू गुप्ता, अमित कुमार, जीतू कुमार, विकास, राजकुमार, पंकज गुप्ता, सौरव कुमार, प्रदीप सक्सेना, शिवम कुमार, मनीष कुमार आदि शामिल रहे।

## सार संक्षेप

### एड्रिया डन ने नवेद मियां को भेंट कीं पुस्तकें

रामपुर, अमृत विचार : ग्रीस की प्रख्यात लेखिका एड्रिया डन ने पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां को अपनी पुस्तकें भेंट कीं। उन्होंने भारत की रियासतों पर भी लेखन कार्य किया है। उन्होंने यूएसए, ग्रीस और भारत (मुंबई) में स्थित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्राम बनाया है। उनकी पुस्तकों में भारतीय रॉयल्टी, विश्व स्तर पर प्रशंसित व्यवसायियों और कॉरपोरेट्स के अंश शामिल हैं। राजनीतिक गतिविधियों से दूर पूर्व मंत्री नवेद मियां आजकल ग्रीस में हैं। उनके पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि रविवार को एड्रिया डन से नवेद मियां की मुलाकात एथेंस में हुई। एड्रिया डन ने हाल ही में विश्व नेताओं को लेकर द वाइन : मैसेजेस ऑफ होप फ्रॉम अराउंड द वर्ल्ड नामक पुस्तक प्रकाशित की है। इसमें दलाई लामा, जेन गुडॉल, श्री श्री रविशंकर, सिल्विया अर्ल, एंड्रयू जैक्सन यंग, चैतन्य राज सिंह भाटी, इमाम डॉक्टर सैयद रजवी और जिमोन हौंसो शामिल हैं।


एथेंस में पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां को पुस्तकें भेंट करतीं एड्रिया डन।

### बॉक्सिंग में रामलाल ने जीता कांस्य पदक

रामपुर, अमृत विचार : गोवा में 34 से 28 जुलाई तक नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप हुई। इसमें पूरे भारत से करीब 1500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। यूपी टीम के 60 खिलाड़ियों ने भी इसमें प्रतिभाग किया। रामपुर जनपद से वैष्णो मार्शल आर्ट फाइट क्लब के खिलाड़ी रामलाल भारती ने मास्टर कैटेगरी 74 किलोग्राम में तीसरी रैंक हासिल की। इसमें उन्होंने कांस्य पदक जीता। इसके अलावा सीनियर कैटेगरी में 74 किलोग्राम भार वर्ग में प्रेम सिंह ने पांचवीं रैंक हासिल की। दोनों खिलाड़ियों ने जिले का नाम रोशन किया।


गोवा में मौजूद रामपुर के खिलाड़ी।


वृद्ध आश्रम में खाने का सामान देने जाते व्यापारी। ● अमृत विचार

### वृद्ध आश्रम में किया खाद्य सामग्री का वितरण

रामपुर, अमृत विचार : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष कमल किशोर रस्तोगी के नेतृव में तमाम व्यापारी ग्राम ताश्का मझरा स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचे। वहां लोगों का हाल चाल जाना और खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर राज, मोहित ठाकुर, अनुभव चौहान, राजकुमार यादव, हरपाल सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### बिजली कटौती से लोग हुए बेहाल

रामपुर, अमृत विचार : रविवार को उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती ने लोगों को बेहाल कर दिया। शाहबाद गेट, पहाड़ी गेट और डूंगरपुर क्षेत्र में आपूर्ति की दिक्कत आई। कई बार ट्रिपिंग और कटौती हुई। सुबह करीब साढ़े छह बजे हल्की धूप निकली और फिर गर्मी काफी बढ़ गई। इसके साथ ही शाहबाद गेट क्षेत्र में सात बजे बिजली ट्रिपिंग शुरू हो गई। यह सिलसिला नौ बजे तक जारी रही। इसके बाद दोपहर एक बजे एक घंटे के लिए बिजली गुल रही। उधर डूंगरपुर, पहाड़ी गेट क्षेत्र में भी सुबह आठ बजे बिजली कटौती की गई। क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उमस भरी गर्मी में करीब दो घंटे बिना बिजली के रहना पड़ा। इस दौरान महिलाओं और बच्चों को ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ा।

### भंडारे में राहगीरों को बांटा प्रसाद

रामपुर, अमृत विचार : जिला अस्पताल के पास वाटिका एनक्लेव में सावन माह में मैंथा कारोबारी मुकुल अग्रवाल ने भंडारे का आयोजन किया। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भगवान शिव की पूजा के बाद राहगीरों को भी प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर अभिषेक सिंघल, यश राज अग्रवाल, निर्मित राज अग्रवाल, विनोद कुमार, डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह, राजेश कनोजिया, संजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


आंबेडकर पार्क में हनुमान चालीसा का पाठ करते विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी।

# विश्व हिन्दू महासंघ ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : विश्व हिन्दू महासंघ की ओर से आंबेडकर पार्क स्थित पंडित दीनदयाल की मूर्ति के पास भजन कीर्तन हुआ। आरती करके मौलाना तौकीर रजा सहित कुछ अन्य मौलाना एवं मुस्लिम नेताओं को सद्बुद्धि देने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

इसके बाद शिव भक्तों को मीठा जल वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार, मंडल प्रभारी प्रदीप कुमार, जिलाध्यक्ष विष्णु सिंह, मास्टर रोशन लाल, देवकी नंदन, सत्य प्रकाश, जसविन्दर सिंह, धर्मपाल सिंह, सल्वेन्द्र विराट, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, गंगाराम, राकेश कुमार, संतोष कुमार, ठाकुर दास, पूनम, पुष्पा, ललिता, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पड़ोसी से अच्छा व्यवहार बनाकर रहें : नरेन्द्र मनि

बिलासपुर, अमृत विचार : जैन समाज के गुरुदेव नरेन्द्र मनि महाराज ने कहा कि पड़ोसी के साथ अच्छा व्यवहार बनाकर रहना चाहिए। ताकि उसे किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

रविवार को वह माटखेड़ा मार्ग स्थित एसएस जैन सभा में प्रवचन कर रहे थे। कहा कि पड़ोसी के घर आने वाले मेहमान का हमें भी सम्मान करना चाहिए। गुरुदेव जयंत मुनि महाराज ने कहा कि दर्शन से ज्ञान सुनने को मिलता है तथा सुनने से विज्ञान में बदल जाता है। व्यक्ति को अपनी इन्द्रियों पर नियंत्रण करना चाहिए। हर कार्य को विवेक से करना चाहिए। दिल्ली, सितारगंज, रुद्रपुर व अनेक स्थानों से श्रद्धालुओं ने प्रवचन में भाग लिया। इस मौके पर एसएस जैन सभा के अध्यक्ष रामनिवास जैन, संरक्षक धर्मपाल जैन, महामनी विनोद जैन, कोषाध्यक्ष तिलकराज जैन आदि मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक है केंद्र सरकार का बजट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि केंद्र सरकार का बजट ऐतिहासिक है। केंद्र सरकार ने यह बजट 142 करोड़ जनता को समर्पित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से हर वर्ग की बेहतरी के लिए और देश को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने की तरफ यह बड़ा कदम है।

भारतीय जनता पार्टी के राम विहार स्थित कार्यालय पर प्रेसवार्ता में प्रभारी मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार के 2024-25 के बजट में सभी के लिए भरपूर अवसर का सृजन करने के लिए नौ प्राथमिकताओं के संबंध में सतत प्रयासों की परिकल्पना की गई है। इसमें शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, नवाचार अनुसंधान और विकास, अगली पीढ़ी के सुधार का ध्यान भी रखा है। इस साल कृषि और संबद्ध क्षेत्र के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।


प्रेसवार्ता करते प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर व अन्य। ● अमृत विचार

केंद्र सरकार बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को शामिल करते हुए देश के पूर्वी क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए पूर्वोदय नामक योजना तैयार करेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 20 लाख शहरी और 25 लाख ग्रामीण आवास मिलेंगे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 2000 नई सड़कों का निर्माण होगा।

उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि हमारा काम विपक्ष को संतुष्ट करना नहीं, देश को संतुष्ट करना है। समाजवादी पार्टी हो या कांग्रेस दोनों ही झूठ बोलकर और भ्रम फैलाकर प्रदेश की जनता को बहकने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन सच यह है कि जनता बहुत समझदार है। इस बजट की बारीकियों को समझ रही है। इस दौरान विधायक आकाश सक्सेना, जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने चिकित्साधीक्षकों व आशाओं का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का दिया निर्देश

रामपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह सहित जिले में तैनात सभी चिकित्साधीक्षकों व चिकित्सा विभाग से जुड़े अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल सहित जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जनता को बेहतरीन चिकित्सा सुविधायें मुहैया कराई जाएं। चिकित्साधीक्षक तय करें कि आशाओं की प्रोत्साहन धनराशि के भुगतान में किसी प्रकार की अनियमितताएं न हो। चिकित्साधीक्षकों और आशाओं का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं। उसकी मानीटरिंग स्वयं करें। उन्होंने कहा कि जो आशायें ठीक से काम नहीं कर रही हैं, उनके स्थान पर नई आशाओं की नियुक्ति की जाए।



कमेटी का अध्यक्ष बनने पर मुकेश को माला पहनाते समर्थक। ● अमृत विचार

# मुकेश चुने गए त्रिस्तरीय कमेटी के अध्यक्ष

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : क्षेत्र की ग्राम पंचायत किशनपुर मौलागढ़ में ग्राम प्रधान इकबाल हुसैन अंसारी की विकास कार्यों में घपले की रिपोर्ट जांच कमेटी ने जिलाधिकारी को सौंपी थी। इसके बाद ग्राम प्रधान के अधिकार सीज कर दिए थे।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने स्वार के खंड विकास अधिकारी को त्रिस्तरीय कमेटी बनाने के आदेश दिए थे। शनिवार को त्रिस्तरीय कमेटी का गठन किया गया। मुकेश पाल को त्रिस्तरीय कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। इससे मुकेश पाल के समर्थकों में खुशी छा गई। उन्होंने माला पहनाकर मुकेश का स्वागत किया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी सुरेश कुमार, एडीओ महिपाल सिंह, नायब तहसीलदार सचिन कुमार, ग्राम विकास अधिकारी धर्मानन्द, रोजगार सेवक टीका राम आदि मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी 14 को निकालेंगे तिरंगा यात्रा

बिलासपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ और उससे सम्बद्ध ई-रिक्शा यूनियन पदाधिकारियों ने 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया। इसके अलावा सावन के आखिरी सोमवार को शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा करने का निर्णय भी लिया गया।

नैनीताल हाईवे स्थित आंबेडकर पार्क में यूनियन की बैठक हुई।।इसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि ने सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की और पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस मौके पर अमानत रजा, प्रेमकिशन शर्मा, लक्ष्मण राठौर, शहजादे, विक्की राठौर, दिनेश चंद्रवंशी, राहुल शर्मा, जोगिन्दर कश्यप, शिवकुमार, फैजान आदि मौजूद रहे।


नए लेखाधिकारी का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# लेखाधिकारी का यूटा से जुड़े शिक्षकों ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) की टीम जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के कार्यालय पहुंची। उन्होंने नवागत लेखाधिकारी विकास खंडेवाल को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

लेखाधिकारी को शिक्षकों की समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं का समय से निस्तारण करने एवं वेतन भी एक तारीख को दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राघवेंद्र सिंह से मुलाकात कर रिजेक्ट की जा रही सीसीएल, मेटरनिटी लीव के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के आवेदन को कमियों के चलते रिजेक्ट किया गया था। दोबारा आवेदन करें। इस मौके पर यूटा के जिलाध्यक्ष हेमलता सिंह, रामचंद्र, अमित त्यागी, राजीव कुमार कश्यप एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।


पीटीएम के दौरान मौजूद बच्चें एवं अभिभावक। ● अमृत विचार

### सहयोगात्मक वातावरण बनाने के लिए हुई पीटीएम

रामपुर, अमृत विचार : नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सहयोगात्मक वातावरण बनाने के लिए ई-टेक्नो पैरेंट-टीचर (पीटीएम) मीटिंग हुई। बताया कि ई-टेक्नो पीटीएम का उद्देश्य प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर अभिभावक-शिक्षक परस्पर क्रिया को बढ़ावा देना है। अकादमिक प्रदर्शन में सुधार लाने के तरीकों का अन्वेषण करना था। एकेडमिक डीन दिव्यांग सिंघल से अभिभावकों ने वार्ता की। अभिभावक जोनल कोऑर्डिनेटर वेंकटेश और प्रधानाचार्या नगमा खान से सकारात्मक विचार लेकर मिले। शिक्षकों ने प्रत्येक छात्र की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बताया कि पीटीएम से अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलता है। अभिभावकों को अपने बच्चे की ताकत, कमजोरियों और शैक्षिक जरूरतों की जानकारी मिलती है।


नियुक्ति पत्र दिखाते नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### सफाई मजदूर संघ के नगर अध्यक्ष बने रावत वाल्मीकि

दढ़ियाल, अमृत विचार : मोहल्ला भरतपुर वाल्मीकि बस्ती में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के तत्वाधान में नगर पंचायत दढ़ियाल के सफाई कर्मचारिंयों का सम्मेलन हुआ। नगर पंचायत में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की शाखा का गठन किया गया। रावत वाल्मीकि को इसका नगर अध्यक्ष बनाया गया। सम्मेलन में संघ के प्रदेश सचिव दीप सिंह राही ने कहा कि अपने अधिकारों व शोषण के विरुद्ध एकजुट हों। जिलाध्यक्ष बाबूलाल कौशल ने नगर पंचायत में संघ की शाखा का गठन किया। इसमें रावत वाल्मीकि को नगर अध्यक्ष, राकेश वाल्मीकि को सचिव, रवि वाल्मीकि को उपाध्यक्ष, कुंवर सिंह को कोषाध्यक्ष, सुदेश कुमार को संगठन मंत्री, विपिन कुमार को प्रचार मंत्री बनाया गया। अरुण को उपकोषाध्यक्ष, विक्की को उपसचिव, उमेश, रविन्द्र व सुनील कुमार को सलाहकार नियुक्त किया गया।

### समाज की खिदमत करना सभी का फर्ज

रामपुर, अमृत विचार : मोहल्ला पीला तालाब रोड स्थित दिल्लन खां भारत के मकान पर जन सेवा समिति की बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष रेहान खां का रिजवान अहमद सिद्दीकी, बालम खां ने गुलपोशी कर स्वागत किया। रिजवान अहमद सिद्दीकी ने कहा कि अपना ज्यादा वक्त लोगों की खिदमत में लगाएंगे। समाज में जागरूकता और स्वास्थ्य, शिक्षा को लेकर लोगों की खिदमत करेंगे। बालम खां ने कहा कि समाज की खिदमत करना सभी का फर्ज है। इस मौके पर मोहम्मद मियां, सईम मियां, सूफियान हारुन, इफ्तेखार आलम आदि मौजूद रहे।


मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपाई। ● अमृत विचार

# प्रभारी मंत्री ने दी सरकार की योजनाओं की जानकारी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। सभी पदाधिकारियों से योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की अपील की।

रामविहार स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर 112वां मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर रहे। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, नगर विधायक आकाश सक्सेना, सूर्य प्रकाश पाल, घनश्याम सिंह लोधी, बीना भारद्वाज, अनुज सक्सेना, जगपाल यादव, चित्रक मित्तल, अर्जुन रस्तोगी, सतनाम सिंह, महेंद्र सक्सेना, महेश चंद्रवंशी, ओम प्रकाश सैनी, दिनेश शर्मा, प्रमोद आहूजा, देवेंद्र सैनी, राजू शर्मा, गोपाल गुप्ता, देवेश गुप्ता, कुंवर पाल यादव, दिनेश पाल, सुरेश पटेल, प्रेम पाल सैनी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

**समारोह** हाईवे किनारे स्थित भारत गार्डन में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : वीर खालसा सेवा समिति की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन हाईवे स्थित एक गार्डन में किया गया। मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने यूपी और सीबीएसई बोर्ड के टॉपर्स बच्चों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सरदार निर्मल सिंह ने कहा कि बच्चों को सम्मान देना बहुत खुशी की बात है। समिति के जिलाध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि समिति 20 वर्ष से टॉपर्स बच्चों को सम्मानित करती आ रही है। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों का सम्मान करना उनका हौसला बढ़ाना है। वीर खालसा सेवा समिति बधाई की पात्र है जो जरूरतमंदों की सेवा करती है।


मुख्य अतिथि व समिति के पदाधिकारियों के साथ मेधावी। ● अमृत विचार

टॉपर्स बच्चों को सम्मानित करना बहुत खुशी की बात है।

इस अवसर पर समिति की ओर से पूर्व एमएलसी रामबाबू शास्त्री, बलराम सिंह, प्रिंसिपल सुरेंद्र सिंह, प्रिंसिपल गुरप्रीत कौर व अन्य स्कूलों के शिक्षक लखविंदर सिंह, शैलेंद्र शर्मा, रणजीत कौर, सनी अरोरा, नीतू अरोड़ा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में करण दीप सिंह, सेवा सिंह, मोनू सिंह, रणदीप सिंह, सुखविंदर सिंह, मनजीत सिंह, सुरजीत सिंह, गुरजीत सिंह, गुलशन अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### करंट लगने से युवती गंभीर रूप से झुलसी

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव इशाकपुर निवासी ऋषिपाल की 18 वर्षीय बेटी सुधा रविवार को जीने की सीढ़ियों से होकर छत पर जा रही थी। सीढ़ी के ऊपर से निकल रहे बिजली के केबल में कट लगा हुआ था। केबल टच होने की वजह से सुधा करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई और जीने की सीढ़ियों से होकर नीचे गिर गई। मौके पर पहुंचे परिजन सुधा को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### एसडीएम को आज सौंपा जाएगा ज्ञापन

**संभल, अमृत विचार :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की ओर से 29 जुलाई को सुबह 11 बजे राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जाएगा। मोहम्मद मोहसिन खां ने बताया कि देश में दलित, मुस्लिम, पिछड़ों पर अत्याचार चरम सीमा पर हो रहे हैं। इसी के विरोध में आवाज उठाई जाएगी।

### होटल से रोटी खरीदते समय मारपीट, युवक घायल

**संभल, अमृत विचार :** मुहल्ला चौधरी सराय निवासी सुभान शनिवार को देर रात मुहल्ला के पास वाल्मीकि बस्ती में स्थित होटल पर रोटी खरीदने गया। होटल पर रोटी लेते समय मुहल्ला के एक व्यक्ति से सुभान की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद इतना बढ़ गया कि व्यक्ति ने सुभान के साथ मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया।

### कम पेट्रोल देने पर ग्राहक व पंप कर्मियों में मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला हल्लू सराय निवासी अभिषेक पंवार ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि संभल मुरादाबाद मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक में एक लीटर पेट्रोल डाला। मैकेनिक के यहां बाइक की टंकी से बोतल में पेट्रोल निकलवाया। टंकी में पेट्रोल एक लीटर से कम निकला तो अभिषेक पेट्रोल से भरी बोतल लेकर पेट्रोल पंप पर पहुंचा और टंकी में कम पेट्रोल निकलने की शिकायत की। आरोप है कि इसी बात को लेकर अभिषेक व पंप कर्मियों में विवाद होने के बाद लात घूसे चले।

# सिंचाई करने गए किसान की करंट से मौत

## ट्रांसफार्मर पर तार लगाने के दौरान हादसा, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से किया इन्कार

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन



करंट लगने से किसान की मौत पर विलाप करती महिलाएं। ● अमृत विचार



लालाराम की फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में खेत पर धान की फसल की सिंचाई के लिए ट्रांसफार्मर पर तार लगा रहे किसान की करंट की चपेट में आकर मौके पर मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर निवासी लालाराम (27 वर्ष) पुत्र गौरीशंकर गांव के ही साथी बेनामी के साथ शनिवार को रात खेत पर धान की फसल की सिंचाई करने के लिए गया। देर रात लालाराम बिजली आने पर नलकूप का तार ट्रांसफार्मर पर लगाने के लिए पोल पर चढ़ गया। नलकूप के लिए कैला देवी फीडर से 11000 वोल्टेज की लाइन से करंट दौड़ रहा है। ट्रांसफार्मर पर तार लगाते समय लालाराम हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथी बेनामी ने घटना की सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए और शव को घर ले गए। सूचना पाकर कैला देवी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। बाद में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। किसान की मौत से पत्नी नीरेश, दो बच्चों और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

### करंट लगने से पेंटर की जान गई

**संभल, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में ट्रक पर पेंट करते समय पेंटर का पैर वेल्डिंग मशीन के कट लगे हुए केबल से छू गया जिससे वह करंट की चपेट में आ गया और मौत हो गई। बिना पुलिस कार्रवाई के परिजनों ने घर ले जाकर पेंटर के शव को सुपुर्द खाक कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नाला निवासी मुंतजिर (36 वर्ष) मुहल्ला ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित पेंटर की दुकान पर ट्रकों पर पेंट करने का काम करता था। वेल्डिंग मशीन के केबल में कट लगा हुआ था। पेंटिंग के दौरान अचानक से मुंतजिर का पैर केबल के कट पर रखा गया। जिससे उसे करंट लग गया और वह पास में भरे पानी में गिर गया। वेल्डिंग मशीन को बंद कर लोगों ने उसे उपचार के लिए संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बिजली न होने से सिंचाई बिना सूख रहीं फसलें

**संभल/कैला देवी, अमृत विचारः** तहसील संभल क्षेत्र के गांव सैंडा उर्फ सेहरा में स्थित बिजलीघर परिसर में किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू बीआरएसएस के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक की। मौके पर पहुंचे अवर अभियंता ने जल्द ही किसानों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर रविवार को संभल तहसील क्षेत्र के गांव सैंडा उर्फ सेहरा में स्थित बिजलीघर परिसर में बैठक का आयोजन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष कामेंद्र चौधरी ने कहा कि समय पर बिजली नहीं मिलने की वजह से किसानों की खेत में खड़ी धान, गन्ने सहित अन्य फसलें सूख रही हैं। जिसकी वजह से किसानों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है। सूचना मिलने पर अवर अभियंता अतुल कुमार व नोडल राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान कराने का कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व बरामद सामान। ● अमृत विचार

# चोरी का मोबाइल व नकदी बरामद, चार लोग गिरफ्तार

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** हजरतनगर गढ़ी थाना पुलिस ने चोरी किए सामान के साथ पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना क्षेत्र के गांव अतौरी निवासी गोविंद के घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने 13 जून को नकदी, जेवर और एक कुंतल सरसों और एक माह बाद 14 जुलाई को गांव बैटला निवासी भोजपाल की बाइक में लगे बैग से 1200 रुपये की नकदी व मोबाइल चोरी किया था। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव रहटौल के पास नहर की पुलिया पर चार संदिग्धों के खड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और असमोली थाना क्षेत्र के गांव मवई ठाकुरान निवासी जतिन, उपेंद्र, अवनीश इनके साथी मुरादाबाद जिले के गांव धनिया खेड़ा निवासी अर्चित को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर इन लोगों ने चोरी करने की बात कबूल की। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि मोबाइल व नकदी बरामद कर जतिन, उपेंद्र, अवनीश व अर्चित का कानूनी कार्रवाई कर चालान कर दिया।

# घर से नकदी, जेवर समेत ढाई लाख रुपये का सामान समेटा

संवाददाता, संभल/कैलादेवी

**वारदात**
● दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने की चोरी

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने संदूक का ताला तोड़कर नकदी, जेवर समेत ढाई लाख रुपये का माल चोरी किया। चोरी की जानकारी होने पर ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। तहरीर देकर ग्रामीण ने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

थाना क्षेत्र के गांव गौंहत निवासी चंद्रभान यादव शनिवार की रात घेर में बंधे पशुओं के पास सो रहा था जबकि चंद्रभान की पत्नी सर्वेश बच्चों के साथ घर की छत पर बने कमरे में सो रही थी। देर रात किसी समय चोर दीवार फांदकर घर के अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में पहुंचकर संदूक का ताला तोड़ लिया। संदूक में रखे सोने-चांदी के जेवर व 89 हजार रुपये की नकदी चोरी कर चोर भाग गए। रविवार की सुबह सर्वेश ने कमरे में पहुंचकर देखा तो संदूक का सामान कमरे में इधर उधर बिखरा पड़ा था।

सूचना मिलने पर घेर से चंद्रभान व मुहल्ले के लोग भी इकठ्ठा हो गए। आसपास में सामान की तलाश की लेकिन पता नहीं चला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। चंद्रभान ने बताया कि दो दिन पहले दो भैंसों को बेचकर रखे रुपये व पत्नी के जेवर सहित करीब ढाई लाख रुपये का सामान चोरी समेट कर ले गए।



सम्मानित किये गये प्रजापति समाज के बच्चे व मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

# बच्चों को शिक्षित कर उनका भविष्य बनाएं

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** प्रजापति समाज सेवा समिति के तत्वाधान में दक्ष प्रजापति महाराज की जयंती मनाई। जिसमें समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया गया। वहीं मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

एक रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री दयाराम प्रजापति, विशिष्ट अतिथि रमेश प्रजापति, गुन्नौर चेयरमैन खुशबू प्रजापति, रमेश चंद्र प्रजापति, संस्थापक डॉ. जयराम प्रजापति, क्रांति प्रजापति, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश प्रजापति व जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह प्रजापति ने महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। इसके बाद समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं तथा उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री दयाराम प्रजापति ने कहा कि समाज के बच्चों को मेहनत से शिक्षा प्राप्त कर समाज व देश का नाम रोशन करना चाहिए। शिक्षा ही ऐसा हथियार है जिससे आप अपना भविष्य बना सकते हैं। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रमेश प्रजापति ने कहा कि समाज को एकजुट होकर रहना चाहिए। इस दौरान सोमपाल प्रजापति, ओमप्रकाश प्रजापति, राजू प्रजापति, राजपाल प्रजापति, जयराम प्रजापति, त्रिलोकचंद प्रजापति सहित जिले भर के समाज के लोग मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### सांसद से की बाईपास व फ्लाईओवर बनवाने की मांग

**संभल/धनारी अमृत विचार :** बदायूं के सांसद आदित्य यादव को जनक्रांति एकता मंच के राष्ट्रीय संगठन प्रमुख नवनीत गांधी के नेतृत्व में मांग पत्र सौंपा गया। कहा कि जाम की समस्या के समाधान के लिए बबराला-अनूपशहर बाईपास एवं फ्लाईओवर बनाया जाना जरूरी है। गुन्नौर में व्यापारियों और यात्रियों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी बस स्टैंड बनाने की मांग उठाई। सांसद ने कहा कि मांग सदन में उठाई जाएगी। कन्हैया वार्ष्णेय, कैप्टन सर्वेश सिंह यादव, मास्टर रेवती प्रसाद आदि रहे।




शिविर में मौजूद इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### संतान सुख के लिए आईवीएफ तकनीक वरदान

**संभल, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में आयोजित शिविर में महिलाओं को आईवीएफ तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि इस तकनीक से वंचित दंपति को संतान का सुख प्राप्त हो सकता है।सुशीला सक्सेना हॉस्पिटल में आयोजित आईवीएफ कैंप में बताया गया कि जिन दंपत्तियों को माता पिता बनने का सुख प्राप्त नहीं होता है उनके लिए आईवीएफ तकनीक एक वरदान की तरह है। इस दौरान बताया गया कि आईवीएफ क्या है और इस तकनीक से किस तरह संतान का सुख प्राप्त होता है। अध्यक्ष रिया आर्य ने बताया कि कैंप के दौरान रजिस्ट्रेशन कराने पर 20 प्रतिशत की छूट दी गई। कैम्प का आयोजन डॉक्टर निधि सक्सेना की देखरेख में किया गया। इस दौरान सचिव पिंकी ग्रेवाल ,गरिमा रस्तोगी ,नेहा मलय ,श्वेता तिवारी ,स्वाति रस्तोगी ,दीपा रस्तोगी ,गूंजा गुप्ता आदि शामिल रहे।

### बच्चों के विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे व पत्थरबाजी

**ओरछी (बदायूं), अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका में दो पक्ष में लाठी-डंडे चले। एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर फेंके गए। लगभग एक घंटे तक गांव में दशहत का माहौल बना रहा। लाठी-डंडे चलने की वजह से कुछ लोग घायल हो गए। मारपीट का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ। एक पक्ष ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एक पक्ष के मुनब्बर पुत्र मेंहदी हसन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि किसी बात को लेकर उनके बेटे सरताज का नौशे खां के बेटे इशाद से झगड़ा हो गया था। मारपीट हुई थी तो पुलिस को तहरीर दी थी। जिसके बाद टेंपो से सवार कुछ लोग हथियारों से लैस होकर उनके घर पर आ गए। मारपीट और लाठी-डंडे चलाने शुरू कर दिए। उन्होंने बच्चे और महिलाओं को भी नहीं छोड़ा। शोर सुनकर पड़ोसी आ गए। कुछ लोग छत पर जा चढ़े। कुछ समय में पत्थरबाजी शुरू हो गई। टेंपो से आए लोग बिसौली के मोहल्ला कौआ टोला निवासी थे। जो इरशाद के कहने पर उनके घर पर हमला करने आए थे। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची थी। तो मारपीट रुकी। मुनब्बर ने बताया कि पहले भी कहासुनी हो चुकी है। तहरीर देने थाने गए थे लेकिन कार्रवाई की बजाय एक सिपाही ने तहरीर अपने पास रख ली। थाना प्रभारी जवाहर लाल वर्मा ने बताया कि दोनों पक्ष से तहरीर आई थी। शान मोहम्मद और सोनू का चालान किया गया है।

### हरियाणा के युवकों को बंधक बनाकर लूट ली कार

**विजय नगला (बदायूं) , अमृत विचार :** हरियाणा के जिला कैथल के थाना भुल्ला क्षेत्र के गांव अजीमगढ़ निवासी चरन सिंह और तनवीर शनिवार रात लगभग नौ बजे अपनी कार से बरेली-मथुरा राजमार्ग होते शाहजहांपुर से वापस लौट रहे थे। आरोप है कि थाना बिनावर क्षेत्र के मलगांव रेलवे क्रासिंग के पास कुछ बदमाशों ने उनकी कार रुकवा ली। उनकी लग्जरी कार लूट ली और राजमार्ग किनारे बंधक बनाकर डाल दिया। कार लूटकर ले गए। पीड़ितों ने डायल 112 पुलिस को फोन करके सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। कार मालिक को साथ लेकर बदमाशों की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। सूचना मिलने पर एसओजी पहुंची। चरन सिंह और तनवीर को साथ ले गई। प्रभारी निरीक्षक एसके शर्मा ने बताया कि एसओजी कार मालिक को साथ ले गई है। पूछताछ की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### रैली निकालकर पौधरोपण के लिए किया जागरूक

**संभल, अमृत विचार :** समाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता चौधरी रविराज चाहल ने पौधरोपण जागरुकता कार्यक्रम के तहत संभल विकासखंड क्षेत्र के गांव कुरकावली में रविवार को रैली निकालकर ग्रामीणों को पौधरोपण करने के लिए जागरूक किया। कहा कि देश के एक अच्छे नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य बनता है कि हम परिस्थितियों को समझें और धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें। खिलेंद्र चाहल ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है वृक्ष बिना जीवन संभव नहीं है। इस दौरान अमरपाल सिंह, वीरपाल सिंह, कोमल चौधरी, राहुल त्यागी, आसिफ खान, मोहम्मद मोहसिन, अशोक, मोहम्मद अकील, मनदीप चाहल, बलराज सैनी आदि मौजूद रहे।

### सड़क से दूर लगायें भंडारे का टेंट

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना प्रभारी संत कुमार ने रविवार को थाना परिसर में कांवड़ियों के लिए भंडारा करने वाले आयोजकों के साथ बैठक आयोजित की। कहा कि भंडारा करने के लिए टेंट सड़क से 15 मीटर की दूरी पर लगाना है। मुख्य मार्गों पर भीड़ इकट्ठी नहीं करनी है। साथ ही भंडारा वाले स्थान पर कांवड़ियों के लिए शौचालय की व्यवस्था जरुर होनी चाहिए। इसी के साथ ही कहीं भी बिजली के केबिल पर कट नहीं होना चाहिए। अगर केबिल में कट है तो उस पर टेप लगाकर कवर कर दें।

# ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालेंगे किसान

कार्यालय संवाददाता, संभल/धनारी



पंचायत में किसानों को संबोधित करते विजेंद्र यादव। ● अमृत विचार

● भाकियू टिकैत की पंचायत में उठी किसानों की समस्याएं

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत में छुट्टा गोवंश पशु, बिजली नहीं मिलने समेत कई समस्याएं उठाई गईं। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रमुख महासचिव एवं प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र यादव ने नौ अगस्त को जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालने की बात कही। जिसमें किसान बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर आवाज बुलंद करेंगे।

गुन्नौर क्षेत्र के गांव भिरावटी के शांति देवी इंटर कॉलेज में हुई पंचायत में मुख्य अतिथि प्रदेश प्रमुख महासचिव एवं प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह यादव पहुंचे। मुख्य अतिथि का स्वागत हुआ। पंचायत में छुट्टा गोवंश पशुओं की समस्या उठाई गई। कहा कि चकबंदी विभाग से किसान परेशान हैं। मुख्य अतिथि विजेंद्र यादव ने कहा कि किसानों को बिजली की अधिक जरूरत है लेकिन फसल की सिंचाई करने के लिए बिजली नहीं मिल पा रही है। जिससे धान की फसल को नुकसान हो रहा है और किसान फसल जोतने के लिए मजबूर हैं। कहा कि किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर 9 अगस्त को जिला मुख्यालय पर होने वाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में किसान अपने ट्रैक्टर पर झंडा लगाकर पहुंचें। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी जाए। इस दौरान पंचायत के मुख्य आयोजक डॉ. पूरेन्द्र सिंह यादव, उदयवीर सिंह, जवर सिंह यादव, मुकेश यादव, राजपाल सिंह, गायत्री यादव, केपी यादव, शिशुपाल सिंह, अमर सिंह राजपूत, मुनेंद्र, राजू यादव, दुर्गेश, पंकज, साहब सिंह, चन्द्रकेश, हमवीर सिंह, बद्री सिंह, अजय पाल, वेदपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, शालू यादव, हरीश पाल, महिपाल सिंह, राजेश्वर आदि रहे। अध्यक्षता मलखान सिंह ने व संचालन महेश यादव ने किया।

## भीषण गर्मी के कारण लोग हुए बेहाल

**संभल, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते रविवार को लोग बेहाल हो गए। दोपहर में गर्मी असहनीय हो गई और शाम को भी चिलचिलाती धूप की वजह से लोग दिक्कतों से जूझते रहे।

रविवार को सुबह से ही तेज धूप के कारण भी लोग बेहाल रहे। कामकाज वाले स्थानों की तरफ बढ़े लोग पसीना टपकने के कारण परेशान दिखाई दिए। समय बढ़ने पर गर्मी भी तेवर दिखाने लगी तो गला सूखने लगा। लोगों ने शीतल पेय पदार्थों का सेवन किया मगर थोड़ी देर के लिए ही राहत मिल पाई। दोपहर के वक्त तो पंखे और कूलर भी शोपीस बन कर रह गए। लोगों ने सोचा कि शाम के वक्त राहत मिलेगी लेकिन शाम को छह बजे भी तेज धूप की वजह से प्रचंड गर्मी रही। ऐसे में लोग राहत के लिए तरसते नजर आए। संभल के अलावा सिरसी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी भीषण गर्मी के कारण लोग बेहाल रहे।

# दस हजार के इनामी सहित दो लोग गिरफ्तार, नकदी व सामान बरामद

संवाददाता, संभल

● बदमाश पर जिले के थानों में गैंगस्टर सहित डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं

**अमृत विचारः** असमोली पुलिस ने दस हजार रुपये के इनामी बदमाश सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी का सामान व नकदी बरामद की गई है। इनामी बदमाश पर जिले के थानों में गैंगस्टर सहित डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

थाना क्षेत्र के गांव हरथला निवासी टंडन उर्फ सागर थाना असमोली व धनारी के अलग अलग मामलों में वांछित है। पकड़ में नहीं आने पर टंडन पर पुलिस ने दस हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। सीओ असमोली आलोक सिद्धू ने बताया कि टंडन अपने साथी थाना क्षेत्र के गांव सैंधरी मिलक निवासी पवन के साथ चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। रविवार को टंडन व पवन थाना क्षेत्र के गांव मनोटा तिराहा के पास खड़े हुए थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने टंडन व पवन को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में टंडन व पवन ने एक जुलाई को गांव डौंडी में सोनू कुमार के घर से नकदी व जेवर और दस जुलाई को गांव असमोली में मिल बस्ती निवासी विजयपाल के यहां से नकदी, जेवर व इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान चोरी करने की बात कबूली। तलाशी लेने पर पुलिस ने नकदी सहित चोरी का अन्य सामान बरामद किया। पुलिस ने बताया कि टंडन व पवन ने धनारी क्षेत्र से भी चोरी की 1700 रुपये की भी नकदी बरामद की है। कहा कि टंडन पर जिले के अलग अलग थानों में गैंगस्टर सहित 20 मुकदमे दर्ज हैं। जबकि पवन पर थाना असमोली में दस मुकदमे दर्ज किए गए हैं।



सिरसी में जुलूस में शामिल लोग। ● अमृत विचार

# शबीए जुलजनाह जुलूस में अंजुमनों ने किया मातम

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार :** सिरसी में कर्बला मुहल्ला सादात में इमाम हुसैन के दसवें पर शबीए जुलजनाह का जुलूस निकाला गया। जिसमें मुकामी अंजुमनों ने नौहाख्वानी और मातम किया। कर्बला पर ठंडे शर्बत और पानी की छबीलें भी लगाई गईं।

कर्बला मुहल्ला शर्की सादात में स्थित दरगाह जनाबे जैनब पर मजलिसे शुरू हुई। मजलिस में मर्सिया मोहम्मद असगर और उनके हमनवां ने पढ़ा। मजलिस को मौलाना मीसम अब्बास जैदी ने खिताब करते हुए कहा कि कर्बला में इमाम हुसैन ने इंसानियत का पैगाम दिया। कर्बला में उन्हें व उनके भाई, भतीजों और बच्चों को यजीद की जालिम फौज ने शहीद कर दिया था लेकिन उन्होंने जालिम के आगे सर नहीं झुकाया। उन्होंने बताया कि हमें मां बाप के साथ कैसे पेश आना चाहिए। मां, बाप की हमेशा इज्जत करें। उनसे नीची आवाज में बात की जाए क्योंकि मां, बाप का रिश्ता बहुत नायाब रिश्ता है।

**खतरा** एसडीएम ने कहा, अभी बाढ़ के हालात नहीं लेकिन हम चौकन्ने

# गांव के निकट पहुंचा गंगा का पानी, प्रशासन अलर्ट

संवाददाता,बबराला(संभल)

**अमृत विचार :** गुन्नौर तहसील क्षेत्र में गंगा के जलस्तर में तेजी से बढ़त जारी है। अभी गंगा खतरे के निशान से काफी नीचे है लेकिन बाढ़ प्रभावित इलाके के गांवों की दहलीज तक गंगा का फैलाव होने से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। खेतों में गंगा का पानी पहुंच गया है। हालांकि बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।

उत्तराखण्ड के पहाड़ों पर भारी बारिश के चलते गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। रविवार शाम को राजघाट में गंगा का पानी पक्के घाट की सीढ़ियों पर चढ़ चुका था।

गंगा के तटवर्ती गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ने से ग्रामीणों को गंगा नदी से दूर रहने की अपील की गई है।

गंगा की बाढ़ हर वर्ष गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव बझांगी, उदिया नगला, तोतापुर, नरूपुरा, चिरबारा की मढैयां, मैदावली, सालिग की मढैयां, सिंघौला पुख्ता, मैगरा, रघुपुर पुख्ता, मई हुसैनपुर पुख्ता, ताहरपुर, काशीपुर, नगला अजमेरी डांडा ( गैर आबाद बीबीपुर), अहरोला नवाजी, धूमना दीपपुर, महावली मुईउद्दीनपुर, नगला रूखड़ा पुख्ता, खिरकवारी टप्पा वैश्य, रामनगर टप्पा वैश्य, मिठनपुर, भावरू वरखेड़ा, घनसेमर, रसूलपुर, रूकनाबाद, ईसमपुर डांडा, भौनानगला, ईसमपुर सैलाब पुख्ता, असदपुर, हुसैनपुर सैलाब, दिल्लीपुर, बिचपुरी सैलाब, गंगावास, रानीगंज मजरा शाहजहांनाबाद, जमालपुर डांडा, बसंतपुर डांडा, रामपुर खादर सैलाब, भीकमपुर जहांगीर डांडा, चाऊपुर डांडा, सिसौना डांडा, जिजौंडा डांडा और सिकंदरपुर खागी के हजारों ग्रामीणों को प्रभावित करती है।



राजघाट पर किनारे तक तेज बहाव के साथ बहती गंगा। ● अमृत विचार

### एसडीएम ने भ्रमण कर लिया जायजा

**बबराला,अमृत विचार :** एसडीएम दीपक कुमार चौधरी ने क्षेत्र के बाढ़ संभावित गांवों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि रविवार शाम को नरौरा बैराज पर गंगा का जलस्तर 168 .30 मीटर दर्ज हुआ है जो खतरे के निशान से नीचे है। बैराज से नहरों में जल निकासी की जा रही है जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि अभी बाढ़ के हालात नहीं हैं। एसडीएम ने बताया कि बाढ़ चौकियों को हर समय अलर्ट रहने को कहा गया है।

## एक नजर

### घर में घुसकर मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव आर्थल निवासी बब्बू ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि मारपीट करने पर गांव के ही जीशान व सद्दाम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि इसी बात को लेकर जीशान व सद्दाम घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध पर जीशान व सद्दाम ने मिलकर बब्बू के साथ मारपीट की। अन्य परिजन पहुंचे तो जीशान व सद्दाम धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने जीशान व सद्दाम का शांतिभंग में चालान कर दिया।

### गाली गलौज का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव भतावली निवासी शकील अहमद ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि दो दिन पहले हुई बारिश में पड़ोसी के खाली प्लाट में पानी भर गया था। आरोप है कि व्यक्ति ने बाहर निकालने की जगह गड्ढा खोदकर बारिश का पानी शकील अहमद के मकान की नींव की ओर मोड़ दिया। जिसकी वजह से मकान की नींव जमीन में धंस गई । इस बात की शिकायत की तो पड़ोसी व्यक्ति गाली गलौज करते हुए शकील अहमद को धमकी देने लगा।

# दूसरे सोमवार को आज होगा शिव का जलाभिषेक

## एएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने किया पैदल मार्च, शिव मंदिरों पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल की हुई तैनाती

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सावन महीने के दूसरे सोमवार को आज शिव मंदिरों में श्रद्धालु और कांवड़िये भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। शिव भक्तों की सुरक्षा में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। वहीं कांवड़ियों के कई जत्थे हरिद्वार और बृजघाट को रवाना हुए तो लौटते भी रहे। एएसपी की अगुवाई में पुलिस बल ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर पैदल मार्च किया।

संभल के सूर्यकुंड तीर्थ मंदिर, बहजोई मार्ग पर पक्का बाग स्थित सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, गांव फत्तेहपुर भाऊ के प्रकटेश्वर महादेव मंदिर के अलावा जिले के दूसरे शिव मंदिरों पर सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। भक्तों के अलावा कांवड़िये भी गंगाजल से शिव का जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर मंदिरों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इस बीच रविवार को हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लाने के लिए कई जत्थे रवाना हुए तो कुछ जत्थे वापस भी लौटे। मुहल्ला कोट पूर्वी में सरथल चौकी से 40 कांवड़ियों का जत्था ब्रजघाट के लिए रवाना हुआ। बम-बम भोले के जयकारों और डीजे पर गूंज रहे भजनों से माहौल भक्तिमय बन गया।



सावन में प्रशासन ने गंगा घाटों पर सफाई के खास इंतजाम करने का दावा किया है। संभल के राजघाट पर सोमवार को श्रद्धालु जुटेंगे। इससे पहले रविवार को मुख्य घाट के बगल में लोग पशुओं को गंगा में नहलाते नजर आए। लोगों ने प्रशासन के इंतजामों पर सवाल खड़े किए हैं।

### कांवड़ यात्रा मार्ग पर पुलिस का पैदल मार्च

**संभल अमृत विचार :** रविवार को शाम एएसपी श्रीश चंद्र की अगुवाई में कांवड़ यात्रा मार्ग पर पुलिस बल ने पैदल मार्च किया। शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से बाल विद्या मंदिर, मैंथा मंडी, नखासा चौराहा के बाद कोतवाली पर पैदल मार्च संपन्न हुआ। एएसपी ने कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सीओ अनुज कुमार चौधरी, कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर आदि रहे।

### गंगा घाट पर सजी दुकानों पर कांवड़ियों की आमद कम

**बबराला, अमृत विचार :** सावन महीने में कांवड़ यात्रा लेकर को राजघाट गंगा घाट पर कांवड़ और इससे संबंधित अन्य सामान की दुकानें सज गई हैं। हालांकि, अभी कांवड़ियों की आमद काफी कम है। फिर भी दुकानदारों को है कि अगले एक दो दिनों में अच्छी बिक्री होगी।राजघाट गंगा घाट पर शिवभक्त कांवड़ियों की भीड़ रहती है। ऐसे में राजघाट गंगा घाट पर दुकानें सज गई हैं। यहां भोले बाबा से संबंधित टी-शर्ट, कैप, भगवा ध्वज समेत विभिन्न प्रकार के ऐसे सामान उपलब्ध हैं जो कांवड़ियों को काफी पसंद आते हैं। इसी लेकर दुकानों को सजाया गया है। दुकानदारों को उम्मीद है कि अच्छी खासी बिक्री होगी लेकिन अभी सन्नाटे का माहौल नजर आ रहा है क्योंकि कांवड़ियों की आमद बेहद कम है। दुकानदार कृपाल निषाद ने बताया कि सावन को देखते हुए अबकी बार खास तौर पर महाकाल, काशी विश्वनाथ, केदारनाथ मंदिर से संबंधित फोटो वाले टी शर्ट के साथ-साथ मोबाइल कवर, रेनकोट एवं बैग आदि मौजूद हैं। दुकान पर सामग्री को सजाया गया है।


बबराला राजघाट गंगा तट पर खाली बैठा दुकानदार। ● अमृत विचार

## सार संक्षेप


पौधे रोपित करते रोटरी क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार

### पौधे रोपित कर देखभाल का लिया संकल्प

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रोटरी क्लब चन्दौसी की ओर से रविवार को ऑक्सफोर्ड चिल्ड्रेंस एकेडमी मुरादाबाद गेट में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब के सदस्यों ने विद्यालय परिसर में मौसमी, अनार, अमरूद, नींबू, मेंहदी, पत्थरचटा, लेमन ग्रास आदि पौधे रोपित किएए। साथ ही पौधों की देखभाल रखने का संकल्प लिया। क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि पौधे मानव जीवन ही नहीं पशु पक्षियों के लिए लाभकारी हैं और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। आज पेड़ों का कटान तेजी से हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें समय-समय पर पौधरोपण करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष अजय वार्ष्णेय, सचिव अंकित वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, मंगेश वार्ष्णेय, सौरभ वार्ष्णेय, अमित वार्ष्णेय, जतिन वार्ष्णेय, पीयूष वार्ष्णेय एडवोकेट आदि का सहयोग रहा।

### आरोग्य मेले में 2580 मरीजों का मुफ्त इलाज

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। जिसमें 2580 मरीजों का नि:शुल्क उपचार हुआ जबकि 163 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए।स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 38 चिकित्सकों और 110 पैरा मेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 959 पुरुषों, 967 महिलाओं और 654 बच्चों का नि:शुल्क उपचार किया। आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत 163 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श व परिवार नियोजन संबंधी सामग्री के लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था रही। आयुष विभाग के चिकित्सकों ने सहयोग किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर आशाओं ने सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। मेले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरन्नुम रजा और अधिकारियों ने निरीक्षण किया।


मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### पकड़ लो हाथ रघुनाई नहीं तो डूब जाएंगे...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सीएचसी परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में संगीत मय श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. योगेंद्र प्रसाद जोशी ने सभी देवी देवताओं का विधि विधान से पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, राजेश शंखधार, अजय सक्सेना, विशाल शर्मा, जेएन मिश्रा, योगेंद्र कुमार शर्मा, आलोक दुबे, बृजेंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, संजीव शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व श्री सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने पकड़ लो हाथ रघुनाई नहीं तो डूब जाएंगे, कल्पना वार्ष्णेय सजा लो घर को गुलशन सा, अवध में राम आए हैं आदि भजनों की छटा बिखेरी। अंत में आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर राकेश चौबे, टीसी शर्मा, राजकुमार सक्सेना, सच्चिदानंद शर्मा, गोविंद वार्ष्णेय, मनोज शर्मा, रमेश ग्रेवाल, गुलशन अरोरा आदि मौजूद रहे।


बैठक करते ब्राह्मण शक्ति संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### मेधावी सम्मान समारोह सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ब्राह्मण शक्ति संघ की रविवार को गणेश कालोनी में प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा के आवास पर बैठक हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रम मेधावी सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए मंथन किया गया। एक दूसरे को जिम्मेदारी सौंपी। सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने के लिए जोर दिया और विचार व्यक्त किए। बैठक में एसएन शर्मा, डॉ. विवेक शर्मा, विवेक मिश्रा, अभिनव शर्मा, शिवराम वत्स, विनीत शर्मा, विवेक शर्मा, सचिन शर्मा, अविरल शर्मा, अमोल शर्मा, बृजेश शर्मा, नितेन्द्र शर्मा, शरद दुबे, प्रशांत वशिष्ठ, राहुल शर्मा, राजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता को गोली मारने के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- मुरादाबाद के निजी अस्पताल में हो रहा घायल का उपचार
- बैठक में शामिल होने के बाद शनिवार रात 10 बजे लौट रहा था घर

> भाजपा नेता को गोली मारने के मामले में तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ की जा रही है।
> -कुलदीप सिंह गुनावत, एसपी

**अमृत विचार:** भाजपा नेता को गोली मारने के मामले में पीड़ित के बड़े भाई की ओर से तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। घायल का उपचार मुरादाबाद के निजी अस्पताल में हो रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुन्नी निवासी विक्रम सिंह पुत्र स्व. किशन लाल ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि उनका छोटा भाई प्रेमपाल शनिवार की चार बजे व्यापार मंडल की बैठक में शामिल होने बहजोई गया था। बैठक में शामिल होने के बाद बाइक से वह घर लौट रहा था। रात दस बजे जब प्रेमपाल नेहटा व पतरौआ मार्ग पर पहुंचा, तो मोहल्ले के दिलीप व हेमंत पुत्र भागीरथ व श्याम लाल पुत्र रामचंद्र ने पीछे से गोली मार दी। जो उसके दाये कंधे में लगी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस व परिजनों ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। रात को परिजनों ने भाजपा नेता को उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दिलीप, हेमंत व श्याम लाल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## महिला को भगाने के आरोप में दो युवकों पर रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार:** विवाहिता को घर से भगाने के आरोप में पुलिस ने पति की तहरीर पर दूसरे समुदाय के दो युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामला शनिवार की सुबह का है।

महिला के पति ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि उनकी शादी 15 जुलाई को हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। शनिवार की सुबह सात बजे विवाहिता घर से जेवर-नकदी लेकर फरार हो गई। विवाहिता के मोबाइल नंबरों से दूसरे समुदाय के युवक शुएब व अमान से बातचीत होती थी। विवाहिता को वह दोनों ही बहला-फुसलाकर भगा ले गए। पुलिस ने शुएब व अमान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं विवाहिता के घर से जाने के बाद पति ने हिंदू संगठनों के पदाधिकारी कोतवाली पहुंच गए और पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस के सक्रिय होने पर विवाहिता का शाम चार बजे नाटकीय ढंग से अपने मायके पहुंच गई थी ।

# विधिक गोष्ठी में नए कानूनों की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** जगमोहन सरस्वती विद्या मंदिर में मानव के अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूकता फैलाने वाली संस्था मानवाधिकार संघ की ओर से विधिक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीगोपाल शर्मा ने उपस्थित लोगों को वर्तमान में परिवर्तित नई धाराओं एवं अन्य कानूनों के बारे में जानकारी दी।

अधिवक्ता हरीश कठैरिया ने कहा कि एक जुलाई से हत्या, धोखाधड़ी एवं दंगा जैसे अपराधों की धाराओं को परिवर्तित किया गया है। जिससे फरियादी को सुलभ एवं जल्द न्याय मिल सकेगा। शहर के प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. टीएस पाल ने कहा कि भारत का सच्चा एवं सभ्य नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि हमें लोकतंत्र की प्रक्रिया में शामिल होकर परिवार, समाज व राष्ट्र को विकसित करने के कार्य करने चाहिए।



मानवाधिकार संघ की बैठक को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

- मानवाधिकार संघ की जगमोहन सरस्वती विद्या मंदिर में हुई गोष्ठी

मुख्य वक्ता सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरीश सैनी ने कहा कि अंग्रेजों के समय में बनी भारतीय दंड संहिता 1860, सीआरपीसी 1898 एवं आईईए 1872 को क्रमशः भारतीय न्याय संहिंता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नाम से जाना जाएगा। न्यायिक प्रक्रिया सरल होगी। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि देश में जन्मे प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का भाव रखना ही सच्ची राष्ट्र सेवा है।

कार्यक्रम में अतिथि अधिवक्ताओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर एवं पटका पहना कर सम्मानित किया। अध्यक्षता पूर्व सब इंस्पेक्टर जगदीश राणा ने तथा संचालन प्रदेश संयोजक अश्वनी कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान संस्था प्रभारी अनुराग शर्मा, डॉ. डीके अग्निहोत्री, प्रेम प्रकाश मौर्य, कृष्णगोपाल वार्ष्णेय, राजेश कुमार शर्मा, केजी गुप्ता, आशीष पाल, विभुकान्त शर्मा, डॉ. दीपचंद्र अग्रवाल, आदि रहे।


गीता सत्संग भवन में सामूहिक रुद्राभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# 151 जोड़ों ने किया महादेव का रुद्राभिषेक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- श्रावण मास में गीता सत्संग भवन में वेद मंत्रोच्चारण के साथ किया रुद्राभिषेक

**अमृत विचार:** रविवार सुबह सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में महादेव का सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। जिसमें 151 जोड़ों की भागीदारी रही।

गीता सत्संग भवन में श्रावण मास में हर वर्ष महादेव का सामूहिक रुद्राभिषेक किया जाता है। रविवार को भी रुद्राभिषेक किया गया। सुबह आठ बजे रुद्राभिषेक करने के लिए 151 जोड़े गीता सत्संग भवन पहुंचे। जहां सभी जोड़ों को पंक्तियों में बैठा कर महादेव का रुद्राभिषेक कराया गया। आचार्य देवनारायण हरी व उनके सहयोगियों ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ सामूहिक रुद्राभिषेक कराया। मुख्य यजमान समीर बंसल व देशबन्धु शंखधार रहे। पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर संजय अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, रामकिशन रस्तोगी, दीप वार्ष्णेय, झलक वार्ष्णेय, श्याम अरोरा, शुभ रस्तोगी, आरव, वैष्णवी, कृष्णा, वंश, अभिनव अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

## पुलिस ने अवैध खनन कर मिट्टी ला रहे तीन डंपर सीज किए

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर अवैध खनन कर मिट्टी लेकर जा रहे तीन डंपरों को पुलिस ने रुकवा लिया। चालकों द्वारा कागजात नहीं दिखाने पर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर डंपरों को सीज कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर रविवार की सुबह दस बजे वाजिदपुरम के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने मिट्टी लेकर आ रहे तीन डंपरों को चालकों से रुकवा लिया। मांगने पर चालकों द्वारा खनन से संबंधित कोई कागजात पुलिस को नहीं दिखाया गया। जिसके बाद पुलिस ने मिट्टी से लदे तीनों डंपरों को कब्जे में ले लिया और कोतवाली लेकर आ गई।

कार्रवाई कर पुलिस ने तीनों डंपरों को सीज कर दिया और आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस ने खनन अधिकारी को सूचना दी।

# खेत की रखवाली कर रही नाबालिग से किया दुष्कर्म

संवाददाता, सहसवान

**शर्मनाक**
- बेटी को अकेला छोड़कर खाना खाने घर गया था पिता
- परिजन को आता देख आरोपी फरार हो गया

**अमृत विचार :** खेत में रखवाली कर रही नाबालिग बालिका के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़िता के चीखने चिल्लाने पर आस पड़ोस के लोग और परिजन को आता देख आरोपी फरार हो गया। परिजनों ने एक युवक को नामजद करते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित बालिका को परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा।

घटना रविवार की दोपहर कोतवाली सहसवान क्षेत्र के एक गांव की है। गांव निवासी एक व्यक्ति का गांव के पास में ही खेत है। जिसमें मिर्च की खेती की है। रविवार दोपहर में किसान अपनी नाबालिग बेटी को खेत पर छोड़कर खाना खाने घर आ गया। इसी दौरान उसके पड़ोस में ही अतर सिंह का खेत है। अतर सिंह का बेटा ओमवीर नाबालिग बालिका को अकेला देखकर उसकी खेत में आ गया और खेत में लगे टेंट में खींचकर ले गया। उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म कर किया।

बालिका की चीख पुकार पर पड़ोस के खेत में काम कर रहे किसान और परिजनों मौके पर आने लगे। उन्हें आता देखकर आरोपी फरार हो गया। पीड़िता का पिता उसे लेकर जिला अस्पताल गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# श्रीराम के राज्याभिषेक का कथा में किया मार्मिक वर्णन

कार्यालय संवाददाता चन्दौसी

**अमृत विचार:** श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को कथा के पांचवें दिन कथा वाचक अयोध्या दास रामायणी ने सेतु लीला, रामेश्वरम की स्थापना, श्रीराम रावण युद्ध, श्रीराम राज्याभिषेक आदि प्रसंग का वर्णन किया।

कथा वाचक ने कहा कि लंका से हनुमान जी के लौटने के बाद भगवान राम ने सागर पार करने की योजना बनाई। समुद्र में पत्थर डालने पर डूब गए। तब भगवान राम ने सागर से प्रार्थना शुरू की।

सागर ने कहा कि वह पुल निर्माण के लिए फेंके गए पत्थरों को बांधकर रखें। क्रोध आने पर बाण को जैसे ही धनुष पर चढ़ाया तब ही सागर श्रीराम के चरणों में आकर गिर पड़ा और क्षमा मांगने लगा। इसके बाद नल और नील के हाथों पुल निर्माण का कार्य शुरू कराया। लंका पहुंचने के बाद युद्ध शुरू हो गया। जिसमें मेघनाद व कुंभकर्ण के बाद रावण की मृत्यु हो गई। श्रीराम ने विभीषण को लंका का राजा घोषित किया। अयोध्या पहुंचने पर धूमधाम से श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर सतीश अरोरा, महेंद्र अदलक्खा, लवकुश अग्रवाल, आकाश आहूजा, विवेक अग्रवाल, अशोक अरोरा, वेद अरोरा, मधु, पूनम अरोरा, अशोक शर्मा, भूषण अरोरा, तिलक राज आदि मौजूद रहे।


कथा वाचक अयोध्या दास रामायणी।

## हिंदू अपने प्रतिष्ठानों पर लगाएं नाम वाली प्लेट : यतींद्रानंद

**संभल, अमृत विचार:** श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के महंत स्वामी यतींद्रानंद गिरी ने कहा कि सभी हिंदू अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों पर बड़े अक्षरों में नाम लिखकर प्लेट लगायें।

संभल में निजी कार्यक्रम में शामिल होने आये पत्रकार वार्ता में महंत स्वामी यतींद्रानंद गिरी ने कहा कि सभी सरकारी अफसर अपने नाम की प्लेट लगाते हैं। अधिकारी व जज भी अपने कार्यालय और आवास के बाहर नाम की प्लेट लगाते हैं। पुलिसकर्मियों की वर्दी पर भी नाम वाली प्लेट रहती है। दुकानदारों को नेम प्लेट लगाने के आदेश पर अदालत ने रोक लगाई है तो न जाने क्यों ऐसा आदेश दिया है। यतींद्रानंद गिरी ने कहा कि हिंदू अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों पर नेम प्लेट लगाये। मुसलमान अपनी पहचान छिपाते हैं तो छिपाते रहें।

# लोगों को बुनियादी सुविधाएं नहीं दे पा रही सरकार

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र में पहली बार आए बदायूं से सपा सांसद आदित्य यादव का सपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। सांसद ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं का हाल जाना। बैठक कर स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की और समर्थन के लिए आभार जताया। उन्होंने जनता की समस्याओं को भी सुना।

सांसद आदित्य यादव शनिवार को गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। हरि धाम बांध में हरि बाबा मंदिर में दर्शन किए। रविवार को सांसद ने बबराला के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनता की समस्याएं सुनीं और अपने स्तर से निराकरण का भरोसा दिया। भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत), ग्राम पंचायत सहायक संघ और जनक्रांति मंच के पदाधिकारियों ने सांसद को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपे। इसके बाद सांसद ने पार्टी के जिला सचिव विभोर अग्रवाल के यहां आयोजित स्वागत समारोह में भाग लिया। सांसद ने कहा कि सरकार लोगों को बुनियादी सुविधाएं नहीं दे पा रही है। प्रदेश की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह बदहाल है। प्रदेश में सरकार के खिलाफ माहौल है। समाजवादी पार्टी ने जनता के समर्थन और आशीर्वाद से लोकसभा चुनाव में अभूतपूर्व प्रदर्शन करके भाजपा को पीडीए की ताकत का अहसास करा दिया है। प्रदेश में बने सरकार विरोधी माहौल से सरकार पूरी तरह घबरा गई है। सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा समाजवादी समर्थकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी लोग हर परिस्थिति का सामना करने को तैयार हैं। वह जनता की आवाज बुलंद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। इस दौरान विधायक रामखिलाड़ी यादव, पूर्व विधायक राजेश यादव, सपा के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव, अखिलेश यादव, जयपाल सिंह, रामू यादव, पप्पू यादव, विजय यादव आदि रहे।


कार्यकर्ताओं के बीच बोलते सपा सांसद आदित्य यादव। ● अमृत विचार

- बदायूं सांसद ने सुनीं जनता की समस्याएं

## रामगंगा में डूबे बुजुर्ग का शव बरामद

**बदायूं, अमृत विचार :** पशु चराने के लिए जाते समय रामगंगा में डूबे बुजुर्ग का शव दूसरे दिन बरामद हो गया है। बुजुर्ग का शव थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव चितरी के पास नदी किनारे झाड़ी में फंसा मिला। परिजनों में चीत्कार मच गया।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव लाखन नगला निवासी नर सिंह (55) पुत्र नवाब खेतीबाड़ी करके थे। शनिवार को वह पशु चराने के लिए रामगंगा पार करके दूसरे किनारे पर जा रहे थे। नदी में पानी के बहाव में वह डूब गए। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे। लगभग दो घंटों तक तलाश करने के बाद भी बुजुर्ग की जानकारी नहीं हो सकी। तो पास के गांवों के गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों ने भी रामगंगा में बुजुर्ग की तलाश की लेकिन देर शाम तक बुजुर्ग का पता नहीं चला। गोताखोरों ने रविवार सुबह भी रामगंगा में बुजुर्ग को तलाशा। गांव चितरी क्षेत्र से बह रही रामगंगा में बुजुर्ग का शव बरामद हो गया।

# केसरिया रंग से रंगी सड़कें, गूंजा हर-हर महादेव का जयकारा

## बिजनौर रोड, जोया, धनौरा व गजरौला से दिन भर गुजरते रहे कांवड़ियों के जत्थे, नेशनल हाईवे पर दिन भर रही जाम की स्थिति

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कांविड़यों के जत्थों से नेशनल हाईवे समेत जिले की कई सड़कें केसरिया रंग में रंगी हुई हैं। कांवड़िये डीजे की धुन पर नाचते गाते अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। रविवार को बृजघाट से कांवड़ लेकर आए कांवड़िये बड़ी संख्या में नेशनल हाईवे से होकर अपने गंतव्य की ओर बढ़े।

सावन के दूसरे सोमवार को शिवालायों में जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों के कई जत्थे रवाना हुए। डीजे पर नाचते- गाते, बोल बम का जयकारा लगाते कांवड़िये नेशनल हाईवे, बिजनौर रोड से होते हुए जोया रोड, धनौरा गजरौला मार्ग होते हुए दिन भर निकलते रहे। इससे हाईवे व अन्य सड़कों पर भीषण जाम लगा रहा। यातायात व्यवस्था को बहाल करने में पुलिस पसीना बहाती रही। बोलबम के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय बना रहा। रविवार को सड़कों पर आस्था का रेला दिखा। हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल ला रहे कांवड़ियों का हुजूम सुबह से ही निकल रहा था। दिनभर राजमार्ग पर कांवड़ियों की लंबी कतार लगी रही। कांवड़ यात्रा मार्गों पर जगह-जगह कांवड़ियों ने अपना ठहराव बना रखा था। दोपहर बाद कांवड़ियों की भीड़ हाईवे पर बढ़ने लगी। इससे हाइवे पर रुक-रुक कर जाम लगने लगा। दोपहर दो बजे के बाद तो हाईवे पर कांवड़ियों का रेला उमड़ पड़ा। कंधे पर कांवड़ लिए डीजे पर नाचते थिकरते कांवड़ियों की भीड़ शहर में पहुंची तो लोग देखने के लिए घरों से निकल आए। दिनभर बोलबम के नारे गूंजते रहे। कांवड़िये नाचते-गाते रवाना होते रहे।


हसनपुर में नृत्य करते शिवभक्त। ● अमृत विचार


नृत्य करते कलाकार।


हसनपुर में कांवड़ियों पर जेसीबी से फूलों की वर्षा करते लोग। ● अमृत विचार

### हाईवे समेत कांवड़ मार्ग पर पुलिस रही सतर्क

**अमरोहा, अमृत विचार :** हाईवे समेत बिजनौर रोड पर भी रविवार को रूट डायवर्जन का प्लान लागू कर दिया गया। कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर इंतजाम कड़े कर दिए हैं। भारी वाहनों को हाईवे पर आने से रोक दिया गया। छोटे वाहनों को वनवे ट्रैफिक प्लानिंग से पास कराया जा रहा है। बिजनौर मार्ग पर पुलिस ने जगह-जगह नाकाबंदी की है। सीओ, एसडीएम व थाना प्रभारी हाईवे पर नजर बनाए हुए हैं। हादसे से बचाव के लिए हाईवे पर पुलिस टीमों का मूवमेंट लगातार जारी है। हरिद्वार से जल भरकर ला रहे कांवड़ियों के जत्थे बिजनौर मार्ग से होते शहर से होते हुए जोया रोड की ओर जा रहे है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के जवान जत्थों के आगे चल रहे हैं।

### गंगाजल लेकर नगर से गुजर रहे कांवड़ियों के जत्थे

**हसनपुर, अमृत विचार :** थाना सैदनगली के आइडियल शिव भक्त कांवड़ सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष बृजघाट से गंगाजल लाकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाता है। इस बार शिव भक्त सैदनगली से 27 जुलाई को बृजघाट के लिए रवाना हुए थे और रविवार सुबह बृजघाट से कांवड़ यात्रा प्रारंभ की थी। रविवार दोपहर को शिव भक्तों का जत्था हसनपुर में प्रवेश किया, जत्थे में राधा कृष्ण एवं शंकर पार्वती की झांकी भी शामिल थी। वहीं जत्थे में कुछ शिव भक्त जेसीबी पर चढ़कर फूलों की वर्षा कर रहे थे। समिति के अध्यक्ष वीर सिंह सैनी ने बताया कि उनकी यह तीसरी कांवड़ यात्रा है और सोमवार को सैदनगली में भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से जलाभिषेक किया जाएगा।

## एक नजर

### कच्ची शराब ले जाने का वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में एक वीडियो रविवार को वायरल हुआ, जिसमें एक व्यक्ति बाइक से कच्ची शराब ले जा रहा है। बताया जा रहा है कि वीडियो कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा का है। वहीं सावित्री पत्नी महिपाल ने बताया कि गांव में कच्ची शराब का कारोबार हो रहा है। उनके द्वारा कोतवाली में तहरीर भी दी गई थी। लेकिन पुलिस द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए यह वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल की है। आबकारी प्रभारी निरीक्षक रामकुमार यादव ने वीडियो की जानकारी होने से इनकार किया है।

### महिला को बुरी नीयत से पकड़ा, पुलिस से शिकायत

**डिडौली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला रविवार को दोपहर 11 बजे खेत में चारा लेने गई थी। वहीं पास के ही गांव के युवक ने महिला को पकड़ लिया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी युवक महिला को जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। पीड़ित महिला ने आरोपी युवक के खिलाफ कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# बम बम भोले के जयकारे लगाते गुजरे कांवड़िये

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे व स्टेट हाईवे से कांवड़ियों के जत्थे निकले तो शहर का वातावरण भी भक्तिमय हो गया। रविवार को डाक कांवड़ियों की भी काफी संख्या देखने को मिली। आज सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक होगा।

कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। सावन के दूसरे सोमवार पर भगवान शिव के जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार व बृजघाट से कांवड़ियों का आवागमन गुरुवार से हो रहा था। भगवान शिव के जयकारों और डीजे पर बज रहे भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। रविवार शाम तक कांवड़िये अपने-अपने क्षेत्र में स्थित शिव मंदिरों पर पहुंच जाएंगे और सुबह से जलाभिषेक प्रारंभ होगा। दूसरे सोमवार के बाद सावन की शिवरात्रि दो अगस्त शुक्रवार को मनाई जायेगी। शिवरात्रि पर कांवड़ लेने के लिए भी भारी संख्या में शिवभक्त हरिद्वार व बृजघाट जाएंगे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि इस बार रूट डायवर्जन पांच अगस्त तक रहेगा। हाइवे और बिजनौर मार्ग पर यदि कांवड़ियों की संख्या अधिक होगी तो हाइवे पर ट्रैफिक जीरो कर दिया जाएगा।


गजरौला में हाईवे से गुजरते कांवड़िये

### एटीएम कार्ड बदलकर 57 हजार रुपये निकाले

**गजरौला, अमृत विचार :** एटीएम कार्ड बदलकर 57 हजार रुपये निकालने के मामले में पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

होमपाल सिंह पुत्र खचेड़ू सिंह निवासी गांव अहरौला तेजवन 26 जून को इंदिरा चौक के पास पीएनबी के एटीएम से पैसे निकालने गया था। इसी बीच उसे वहां पर कुछ लोग मिले और उन्होंने उससे बातचीत करनी शुरू कर दी और कहा कि तुम्हारा एटीएम कार्ड सही से काम नहीं कर रहा है, दूसरे व्यक्ति ने उससे कार्ड का पिन पूछ लिया और कुछ देर बाद दूसरा एटीएम कार्ड थमाकर चले गए। उसने उस एटीएम से भी कोशिश की तो रुपये नहीं निकले। इसके बाद चारों लोग कहकर चले गए कि तुम्हारा एटीएम कार्ड खराब है। बाद में पता चला कि उसके खाते से उन ठगों ने 57 हजार रुपये उड़ा दिए। पुलिस ने अब इस मामले में अज्ञात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बदले मार्ग से चलीं रोडवेज की बसों को नहीं मिले यात्री

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर रोडवेज बसों को रविवार और सोमवार को मार्ग बदलकर चलाने के आदेश दिए गए हैं। बदले मार्ग से चलाई गईं रोडवेज की बसों को सावरियां नहीं मिलीं।

अमरोहा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए प्रशासन ने रोडवेज की बसों को भी मार्ग बदलकर चलाने के निर्देश जारी किए थे। बिजनौर, चांदपुर, नजीबाबाद, हरिद्वार, देहरादून के लिए जाने वाली बसों को कांठ, ऊमरी, नूरपुर होकर चलाया गया है। मुरादाबाद, बरेली, रामपुर जाने वाली बसों को कैलसा-पाकबड़ा होकर चलाया। उन्होंने बताया कि बदले मार्ग से चलाई गई रोडवेज की बसों को सवारियां नहीं मिल रही हैं।

### कांवड़ यात्रा को लेकर लगाईं स्ट्रीट लाइट

**अमरोहा, अमृत विचार :** हरिद्वार से जल लेकर आने वाले शिव भक्तों को रात में परेशानी न हो इसलिए प्रशासन ने नौगांवा रोड पर रोशनी की विशेष व्यवस्था की है। कांवड़ यात्रा में रोशनी की व्यवस्था नगर पालिका अमरोहा और नौगांवा द्वारा की गई है। पीडब्ल्यूडी द्वारा नौगांवा रोड पर सड़कों के गड्ढे भरे गए हैं। बिजली विभाग ने सड़क किनारे लगे बिजली के खंभों पर पॉलीथिन लगा दी है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए नौगांवा रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाई गईं हैं। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले शिव भक्तों को रात में परेशानी नहीं होगी। नौगांवा रोड रात में जगमग रहेगा। बीच में ग्राम पंचायतों की ओर से हाईमास्ट लाइटें लगाई गईं हैं।

# कल चोटीपुरा आएंगे मोहन भागवत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** आर्य समाज अमरोहा की यज्ञशाला में विधि विधान से यज्ञ किया गया। प्रधान अभय आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत डॉ. दीपक अग्रवाल लिखित 20 प्रेरणा पुंज पुस्तकों को श्रीमद् कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा को भेंट करेंगे।

उन्होंने बताया कि 30 जुलाई को अमरोहा के श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल, चोटीपुरा में 134 कन्याओं का एक साथ उपनयन संस्कार होगा। जनेऊ धारण करने के बाद आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत उन्हें आशीर्वाद देंगे। इस अवसर पर संघ प्रमुख और संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली के कुलपति श्रीनिवास बरखेड़ी नए भवन संस्कृत नीडम का उद्घाटन भी करेंगे। अमरोहा के चोटीपुरा स्थित कन्या गुरुकुल में विभिन्न राज्यों की करीब 1200 छात्राएं अध्ययनरत हैं। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की पोती यहां पढ़ती है। रविवार को यज्ञ आचार्य सोमेश शास्त्री ने यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य यजमान विनय प्रकाश आर्य रहे। हेतराम सागर ने सत्यार्थ प्रकाश का पठन किया। सुभाष दुआ ने संगठन सूत्र का और राजीव यादव ने आर्यसमाज के नियमों का वाचन किया। अंत में आर्यसमाज अमरोहा के मीडिया प्रभारी डॉ. दीपक अग्रवाल को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा भारत विभूति सम्मान प्रदान करने पर अभिनंदन किया गया। 30 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में होने वाले कार्यक्रम में शिरकत का संकल्प लिया। इस मौके पर नत्थू सिंह, विनय त्यागी, डॉ. जीपी सिंह, अंकुर अग्रवाल, यशवंत सिंह, एनके गर्ग, मनोहर लाल खुराना, शिवम रस्तोगी आदि मौजूद रहे।


अमरोहा में यज्ञ करते हुए आर्यसमाज के लोग। ● अमृत विचार

● **मोहन भागवत प्रेरणा पुंज पुस्तकें गुरुकुल चोटीपुरा को करेंगे भेंट**

### ट्रांसफार्मर सही कराने के लिए किया प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** दो महीने से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को सही कराने की मांग करते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

रविवार को गांव मछरई के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में ट्रांसफार्मर दो माह से खराब है। विद्युत विभाग के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई तथा नया ट्रांसफार्मर लगवाने की कई बार मांग भी की गई थी, लेकिन अधिकारियों द्वारा इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। बिना विद्युत आपूर्ति के करीब दो हजार की आबादी को भीषण गर्मी में रहना पड़ रहा है। प्रदर्शन करने वालों में हरदीप सिंह, जय वीरेंद्र, ओमवीर, सोमपाल, सुंदर, अंकित, सतीश, नंदकिशोर, ओमपाल, राजपाल, अशोक, सुखदेव, ज्ञान सिंह, राम केश आदि मौजूद रहे।

# छह अगस्त को होगा तीन ग्राम प्रधान पद पर उपचुनाव

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**तैयारी**

- कुल 16 पोलिंग पार्टियां कराएंगी मतदान, 8 अगस्त को होगी गिनती
- जयतौली में सबसे अधिक 4400 मतदाता करेंगे मतदान

**अमृत विचार :** जिले में तीन ग्राम प्रधानों के रिक्त पदों पर छह अगस्त को मतदान करने के लिए 16 पोलिंग पार्टी लगाई जाएगी। पांच अगस्त को संबंधित ब्लाक कार्यालय से पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया जाएगा।

9929 मतदाता 21 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों ने पूरी ताकत लगा दी है। अमरोहा ब्लाक क्षेत्र के गांव बागड़पुर कलां में ग्राम प्रधान के रिक्त पद पर उपचुनाव कराया जा रहा है। यहां मतदान के लिए दो पोलिंग पार्टियों लगाई गई है। यहां आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। ग्राम पंचायत के 1452 वोटर मतदान करेंगे। वहीं, हसनपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव तरारा में मतदान करने के लिए तीन पोलिंग पार्टियों लगाई गई हैं। यहां के 2032 मतदाता चार प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव जयतौली में मतदान के लिए 11 पोलिंग पार्टियों लगाई गई हैं। यहां पर नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

यहां पर 4400 मतदाता उपचुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पांच अगस्त को संबंधित ब्लॉक से पोलिंग पार्टियों की बूथ के लिए रवाना की जाएंगी। छह अगस्त को मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहेंगे और आठ अगस्त को मतगणना कराई जाएगी।


तिगरी में गंगा में डूबी पुजारियों की झोपड़ियां और दुकानें। ● अमृत विचार

# तिगरी में गंगा का जलस्तर 40 सेमी. घटा

संवाददाता, गजरौला

● **शनिवार को एक दिन में 110 सेमी. बढ़ा था जलस्तर**

**अमृत विचार :** तिगरी में गंगा के जलस्तर में रविवार को 40 सेमी. की कमी हुई। हालांकि खेतों में भरे पानी में कुछ ज्यादा उतार नहीं हुआ है। यदि कुछ दिन और जलस्तर नहीं बढ़ेगा तो खेतों में भरा पानी भी कम हो जायेगा।

शनिवार को गंगा के जलस्तर में 110 सेमी. की बढ़ोतरी हुई थी, जो कि इस सीजन में एक दिन में बढ़ने वाली पानी की सर्वाधिक मात्रा रही। शनिवार को गंगा का जलस्तर 201 मीटर मापा गया था, जो कि खतरे के निशान से एक मीटर दूर था। रविवार को जलस्तर में फिर से कमी आ गई है। यहां पर जलस्तर 200.60 दर्ज किया गया है। जलस्तर घटने से लोगों की चिंता कुछ कम हुई है। लेकिन खेतों और ओसीता जगदेवपुर वाले खेती के मार्ग पर पानी कम नहीं हुआ है। इस कारण पशुपालकों को समस्या हो रही है। रामगंगा पोषक नहर भी काफी भरकर चल रही है, खादर के कई गांवों को लोगों को नावों से आवागमन करना पड़ रहा है। जेई सुभाष कुमार व अनवर बहादुर खान ने बताया कि गंगा के जलस्तर में 40 सेमी की कमी हुई है।

# आरएसएस प्रमुख के कार्यक्रम की डीएम, एसपी ने देखी तैयारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● **व्यवस्थाओं व सुरक्षा को लेकर की बैठक, निर्देश दिए**

**अमृत विचार :** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के आगमन को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने कन्या गुरुकुल चोटीपुरा पहुंचकर तैयारियों व सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात डिप्टी कमांडेंट पुष्पेंद्र सिंह, सीआईएसएफ के जेपी भास्कर से वार्ता की।

30 जुलाई को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत गांव चोटीपुरा के कन्या गुरुकुल महाविद्यालय पहुंचेंगे। जिसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। रविवार को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने कन्या गुरुकुल चोटीपुरा में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत व्यवस्था एवं सुरक्षा के संबंध में बैठक की। जिलाधिकारी ने बैरिकेडिंग, पार्किंग मंच स्वागत व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा कर निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा के तहत खाद्य पदार्थों की चेकिंग और सैंपल लिए जाने तथा सीएमओ को आपातकालीन चिकित्सा एंबुलेंस की तैनाती तथा फायर सेफ्टी ऑफिसर और अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत सुरक्षा के मानकों का ध्यान रखकर सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से निर्देश दिए कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों। इस अवसर पर सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शंकर यादव, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार, एसडीएम सुधीर कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**धर्म** उत्तर प्रदेश समेत दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान से आते हैं प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु

# विश्वनाथ आश्रम बिजनौरा में श्रद्धालुओं की विशेष आस्था

संवाददाता, रहरा/सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनगली से करीब तीन किलोमीटर उत्तर-पश्चिम दिशा में गांव बिजनौरा में बने विश्वनाथ आश्रम का इतिहास करीब 1935-40 का है। उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान समेत कई प्रदेशों से हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष यहां दर्शन करने आते हैं। अपनी कामना पूरी होने के बाद फाल्गुन मास की शिवरात्रि तथा सावन मास में श्रद्धालु यहां हरिद्वार से गंगाजल लाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं।

ग्राम प्रधान हेमराज सिंह गुर्जर ने बताया कि वर्ष 1940 में गांव निवासी स्व. मुख्तियार सिंह का गांव से सटा एक खेत था। जो बैलों के हल से अपने खेत की जुताई कर रहे थे। इसी बीच अचानक उनके हल की नोंक शिवलिंग जैसे पत्थर से टकराई। उन्होंने देखा तो वहां कुछ खून की बूंदे भी पड़ी हुई थीं। इतने में ही ग्रामीणों का वहां तांता लग गया। ग्रामीणों के कहने पर किसान ने अपनी करीब दो बीघा जमीन मंदिर बनवाने के लिए दान कर दी। इसके बाद ग्रामीणों ने वहां विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर आपसी सहयोग से एक छोटे मंदिर का निर्माण हुआ। ग्रामीणों के सहयोग से आज यह विश्वनाथ आश्रम आसपास के कई गांव में विशाल शिव मंदिर के रूप में प्रसिद्ध है। फाल्गुन महाशिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालु यहां हरिद्वार से लाकर जलाभिषेक करते हैं और यहां विशाल मेले का आयोजन भी किया जाता है। ग्राम प्रधान ने बताया कि प्रतिवर्ष यहां महाशिवरात्रि के अवसर पर चार से पांच लाख रुपये का चंदा इकट्ठा हो जाता है।

पूर्व में मंदिर के पुजारी वसुधानंद महाराज ने यहां अपना शरीर त्यागा था। इसके बाद ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में उनकी प्रतिमा का निर्माण कराया था। श्रद्धालुओं ने मंदिर में शिव परिवार, नंदी व हनुमान जी की प्रतिमा का निर्माण कराया गया है। फिलहाल रणवीरपुरी महाराज पुजारी के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं।


सैदनगली के गांव बिजनौरा में बना शिव मंदिर। ● अमृत विचार

### राधा-कृष्ण की मूर्ति की स्थापना कराई

**सैदनगली, अमृत विचार :** गांव निवासी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक मास्टर हेमराज सिंह ने पिछली श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर अपने अध्यापक बनने पर पांच साल की सेवा के बाद वहां अपनी निजी धनराशि से राधा-कृष्ण मूर्ति की स्थापना का कार्य कराया।

# दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** कुलश्रेष्ठ सृष्टि निर्माता ब्रह्मा के मानस पुत्र भगवान श्री दक्ष प्रजापति की जयंती एक फार्म हाउस गजरौला में मनाई गई। इसमें ओमप्रकाश गोला ने जनगणना कराने की मांग की।

शोभायात्रा को माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोला प्रजापति ने अल्लीपुर भूड़ में झंडी दिखाकर कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना किया। ओमप्रकाश गोला प्रजापति ने दक्ष प्रजापति के जीवन पर प्रकाश डाला। बताया कि सृष्टि में निहित प्रत्येक मानव की जरूरत को पूर्ण करते हुए हर क्षेत्र में अतुल्य कार्य के जैसे की मानव के लिए भोजन मिट्टी के बर्तन कल कारखानों के लिए औजार, भारत भूमि पर स्थित वनस्पति के लिए पौधे, मानव को रहने के लिए आवास, अनाज वस्त्र आदि का निर्माण किया। कार्यक्रम में प्रजापति समाज को आर्थिक राजनीतिक सामाजिक रूप में किस प्रकार विकसित किया जाए। इस पर भी चर्चा की गई। प्रजापति समाज ने सरकार से अपील की कि प्रजापति समाज के उत्थान के लिए माटी कला बोर्ड के बजट को बढ़ाया जाए तथा ओबीसी समाज में जिसमें खासकर अति पिछड़ा जातियां आती हैं, उनकी जनसंख्या की गणना कराई जाए। सभी को उनकी भागीदारी के अनुरूप हिस्सेदारी मिले। अध्यक्षता विजय कुमार ने की और संचालन उमेश प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में डॉ. उत्तम सिंह, रजनीश प्रजापति, जोगिंदर प्रजापति, आकाश प्रजापति, इंद्रदेव, रामपाल तोमर, महेंद्र, विजयपाल सिंह, जसपाल सिंह, ओमपाल सिंह, शिवकरण प्रजापति, सूर्यकांत प्रजापति, सचिन प्रधान, हरिओम, अरुण कुमार, रोहित, रूपचंद, धर्म सिंह आदि मौजूद रहे।


गजरौला में भगवान दक्ष प्रजापति की जयंती के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

● **ओमप्रकाश गोला ने माटी कला बोर्ड का बजट बढ़ाने की मांग की**

### किसानों ने की छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** पिपलौती खुर्द में भाकियू असली की मासिक पंचायत हुई। पंचायत में किसान नेताओं ने छुट्टा पशुओं को पकड़ने की मांग की, उनका कहना है कि इन छुट्टा पशुओं के कारण फसलें नष्ट हो रही हैं। कहा कि सहकारी चीनी मिल की पिराई क्षमता को बढ़ाया जाए, जिससे क्षेत्र के किसानों को फायदा मिल सके। पंचायत के अध्यक्षता शाहनवाज ने की तथा संचालन परम सिंह ने किया। पंचायत में तहसील अध्यक्ष समरपाल सिंह, शराफत अली, काले सिंह, उमर, चेतन सिंह, गोवर्धन, अलीमुद्दीन, कमल सिंह, परम सिंह, जय सिंह, शहाबुद्दीन, ब्रह्मपाल, ओमप्रकाश, हरकेश, डूमर सिंह आदि मौजूद रहे।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period
Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

भद्रं भद्रं कृतं मौनं कोकिलैर्जलदागमे ।
दर्दूरा : यत्र वक्तार : तत्र मौनं हि शोभते ॥

वर्षा ऋतु के प्रारंभ में कोयलें चुप हो जाती हैं, क्योंकि जहां मेंढक टरटराते हैं, वहां चुप रहना ही शोभा देता है।


## संपादकीय

# कौशल विकास की स्थिति

आर्थिक विकास की अपार संभावनाओं के बावजूद देश को बेरोजगारी-रोजगार की खाई को पाटने में चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, 2047 तक 'विकसित भारत' के लिए भारत का दृष्टिकोण तेजी से विकसित हो रहे नौकरी बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए अपने युवाओं को प्रभावी ढंग से कुशल बनाने पर निर्भर करता है। नीति आयोग के दृष्टिकोण पत्र में विकसित भारत की अवधारणा को परिभाषित करते हुए कहा गया है कि विकसित राष्ट्र बनने के लिए भारत को 2047 तक 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करना होगा, जिसमें प्रति व्यक्ति आय 18,000 अमेरिकी डॉलर वार्षिक हो। गौरतलब है कि अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ-साथ देश में रोजगार के मौके भी पैदा हो रहे हैं, परंतु बढ़ती शिक्षित बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। बेरोजगारी की समस्या के लिए कौशल विकास की कमजोर स्थिति को कारण माना जा सकता है।

भारत में कौशल विकास तथा बेरोजगारी की समस्या के मूल में स्कूली स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा की अनुपस्थिति तथा विभिन्न कौशल विकास योजनाओं का अप्रभावी क्रियान्वयन है। कौशल विकास को गति देने के उद्देश्य से जुलाई 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महत्वाकांक्षी 'स्किल इंडिया मिशन' प्रारंभ किया था। इस कार्यक्रम ने नौ वर्षों में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल किया है। फिर भी सरकार के स्किल इंडिया कार्यक्रम से भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। कहा जा सकता है भारत के कौशल प्रयास बेहतर रोजगार परिणामों में तब्दील नहीं हो रहे हैं। ऐसे में भारत को चीन, जापान, जर्मनी, ब्राजील, सिंगापुर आदि के व्यावसायिक तथा तकनीकी शिक्षा मॉडल से प्रेरणा लेनी चाहिए। इन देशों के समक्ष भी भारत के समान समस्याएं थीं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भारत को 2030 तक लगभग 2.90 करोड़ कुशल कामगारों की कमी का सामना करना पड़ सकता है। वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा है कि कौशल विकास और शिक्षा व्यवस्था में बेहतरी की जरूरत है। सरकार ने भी वर्तमान वित्त वर्ष के बजट में रोजगार और कौशल विकास को प्रमुखता दी है। बजट में कौशल विकास और समुचित प्रशिक्षण के लिए देश की 500 बड़ी कंपनियों में हर साल 20 लाख युवाओं को इंटर्नशिप उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। ऐसे युवाओं को सरकार की ओर से वृत्ति दी जाएगी और प्रशिक्षण का खर्च कंपनियां उठाएंगी। इस प्रकार सरकार ने रोजगार सृजन और कौशल विकास के प्रयासों को उद्योग जगत से जोड़ने का प्रावधान कर महत्वपूर्ण पहल की है। कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाए रखने के लिए हमें कौशल विकास पर लगातार ध्यान देना होगा।

# निर्माण स्तर तक नहीं पहुंची चांदीपुरा विषाणु वैक्सीन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**पुणे स्थित नेशनल वायरोलॉजी सेंटर के वैज्ञानिकों की टीम ने चांदीपुरा वायरस की होल-जीनोम सीक्वेंस अर्थात इसके भीतर के राइबोन्यूक्लिक एसिड की संरचना, को जानकार ही यह मालूम किया कि पांच किस्म की वायरल प्रोटीनों का निर्माण यह वायरस किस प्रकार से करता है।**

उत्तरी-पूर्वी गुजरात के कुछ क्षेत्र में चांदीपुरा वायरस के संक्रमण के प्रसार की वजह से कुछ रोज पहले 50 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 200 जन, जिनमें से अधिकांश बच्चे हैं, प्रभावित हुए। वायरस से हुए संक्रमण की वजह से एक्यूट एन्केफेलायिटिस सिंड्रोम अर्थात मस्तिष्क में सूजन पैदा होने और तेज बुखार की वजह से या कौमा में चले जाना ही मृत्यु का कारण है।

इसके लक्षण इन्फ्लुएंजा जैसे होते हैं। नदी की रेत में प्रजनन करने वाली मक्खी (सैंड फ्लाई), एडीज एगिप्टी मच्छर (डेंगू फैलाने वाले मच्छर की एक प्रजाति) और पशुओं का खून चूसने वाले पिस्सुओं से चांदीपुरा विषाणु का प्रवेश मनुष्य शरीर में दंश के बाद होता है। इसका प्रकोप मानसूनी वर्षाकाल में होता है। विषाणु के ये तीनों वाहक या इनमें से कोई एक मनुष्य के शरीर पर जब दंश करता है तो लार के साथ विषाणु भी बड़ी संख्या में मनुष्य के शरीर में प्रवेश करते हैं। यह विषाणु रेब्डोविरिडे प्रजाति के विषाणु परिवार से ताल्लुक रखता है। विषाणु विशेषज्ञों ने इस वायरस की जैविक संरचना अर्थात वायरस आर्किटेक्चर को मालूम कर लिया है। यह कि इसके भीतर विशिष्ट प्रोटीन्स की आणविक संरचना का निर्माण कैसे होता है, जिसके प्रभाव से मनुष्य मस्तिष्क की कोशिकाओं में सूजन (इन्फ्लेमेशन) पैदा होती है। चांदीपुरा वायरस सक्रिय और चालाक है, जिससे यह पांच किस्म की प्रोटीन्स संश्लेषित करता है। इनमें से 'पी' किस्म घातक है।

सन 1965 में महाराष्ट्र में चांदीपुरा स्थल पर वायरस की उपस्थिति को आईसीएमआर के वैज्ञानिकों ने नागपुर के जंगली इलाकों से पहली बार दर्ज किया था और इस बाबत इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च के सन 1967 के अंक में एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई थी। इसकी नवीन संरचना की वजह से इसे वायरस डायरेक्टरी में 'चांदीपुरा' वायरस नाम दिया गया। इससे बचाव के लिए वैक्सीन रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए शोधकार्य सन 2011 से शुरू हुआ, लेकिन गति धीमी है। इस संक्रमण के बारे में ब्रिटिश मेडिकल जर्नल लांसेट के 4 सितंबर सन 2004 के अंक में एक छोटी रिपोर्ट, चांदीपुरा वायरसः एन इमर्जिंग ह्यूमन पैथोजन, बेल्जियम के वैज्ञानिक मार्क वैन रैंस्ट ने प्रकाशित की थी। वायरस के संक्रमण-प्रभाव का क्लीनिकल परिदृश्य बदलते रहने से वायरस के विरुद्ध टीका विकास की व्यूह रचना को भी तदनुसार परिवर्तित किए जाने की मांग पैदा होती रही है। ऐसा संकेत इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में जून 2016 के अंक में प्रकाशित स्टडी चेंजिंग क्लीनिकल सीनेरियो इन चांदीपुरा वायरस इन्फेक्शन से मिलता है। स्तनपायी जंतुओं, रेंगने वाले जंतुओं और पक्षियों के रक्तभोज से फ्लेबोटोमाइन सैंडफ्लाई की मादा शर्करा को ग्रहण करती है ताकि प्रजनन कार्य और उड़ने के लिए आवश्यक ऊर्जा ले सके।

**भारत के एंटोमोलॉजिस्ट्स ने इस रोगवाहक मक्खी के बारे में देशव्यापी जानकारी जुटाई है। एक मक्खी एक बार के रक्तभोज के बाद 100 अंडे देकर इन्हें निषेचित करती है। यह मक्खी लीशमेनियासिस, आर्बो-वायरसेस का मनुष्य शरीर में स्थानांतरण करने के अलावा बार्टोनेलॉसिस, जो कि एक प्रकार की बैक्टीरियल बीमारी है, पैदा करती है।**

भारत के एंटोमोलॉजिस्ट्स ने इस रोगवाहक मक्खी के बारे में देशव्यापी जानकारी जुटाई है। एक मक्खी एक बार के रक्तभोज के बाद 100 अंडे देकर इन्हें निषेचित करती है। यह मक्खी लीशमेनियासिस, आर्बो-वायरसेस का मनुष्य शरीर में स्थानांतरण करने के अलावा बार्टोनेलॉसिस, जो कि एक प्रकार की बैक्टीरियल बीमारी है, पैदा करती है। सन 2016 की उपरोक्त रिपोर्ट के अनुसार दो विधियों से बनाई गई वैक्सीन के क्लीनिकल ट्रायल्स शुरू करने की जरूरत तब महसूस की गई थी। इनमें से एक स्माल इंटर्फेरिंग आरएनए के इस्तेमाल से रि-कोम्बिनेंट वैक्सीन है और दूसरी किल्ड वायरस वैक्सीन थी। आरएनए वैक्सीन चांदीपुरा वायरस की 'पी' और 'एम' प्रोटीन्स के विरुद्ध प्रतिपिंड पैदा करने की क्षमता रखती है। बावजूद इसके अभी तक वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। असरदार वैक्सीन के विकास और इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग के लिए वैज्ञानिक अब इम्यूनो-इन्फ़ोर्मेटिक दृष्टिकोण से काम करने का विचार कर रहे हैं, ऐसा नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी के वैज्ञानिकों ने सन 2020 में प्रकाशित पर्चे डिजाईन ऑफ ए मल्टी-एपिटोप पेप्टाइड वैक्सीन कैंडिडेट अगेंस्ट चांदीपुरा वायरस-एन इम्यूनो इम्यूनो-इंफोर्मेटिक्स में कहा। इन सभी स्टडीज से भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद का गोरखपुर स्थित रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर भी सक्रिय रूप से नैदानिकी को लेकर तो संबद्ध रहता ही है, ऐसा सेंटर के पूर्व निदेशक डॉ.रजनीकांत ने बताया।

पुणे स्थित नेशनल वायरोलॉजी सेंटर के वैज्ञानिकों की टीम ने चांदीपुरा वायरस की होल-जीनोम सीक्वेंस अर्थात इसके भीतर के राइबोन्यूक्लिक एसिड की संरचना, को जानकार ही यह मालूम किया कि पांच किस्म की वायरल प्रोटीनों का निर्माण यह वायरस किस प्रकार से करता है। सन 2003 से 2007 के बीच आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में चांदीपुरा वायरस का प्रकोप हुआ था। यह देखना जरूरी था कि इन प्रांतों में भौगोलिक दूरी की वजह से हमला करने वाला विषाणु एक ही है या विभेद के कारण कुछ अलग संरचना का है। इसके बारे में पूरा विवरण जनवरी 2012 में पब्लिक लाइब्रेरी ऑफ साइंस (पीएलओएस) द्वारा ऑनलाइन प्रकाशित किए गए पर्चे होल जीनोम ऑफ चांदीपुरा वायरस आयसोलेट एंड कम्पेरेटिव एनालिसिस विड अदर रेब्डोवायरसेस में विस्तार से मौजूद है। इस शोधपत्र में वायरस के बारे में दी गई जानकारी का विस्तार जटिल है, लेकिन सार यह कि वायरल प्रोटीन्स की पहचान के बिना और शरीर में इन प्रोटीनों की कार्य प्रणाली (एक्टिंग मैकेनिज्म) को जाने बिना न तो दवा और न ही टीके का विकास संभव है।

तंत्रिका तंत्र की कोशिकाओं पर मौजूद किन रिसेप्टर्स से जाकर ये वायरल प्रोटीन्स चिपक जाते हैं और कोशिकाओं में तोड़-फोड़ करते हुए एक कोशिका के फंक्शन को बर्बाद करते हैं, इसका निर्धारण करना जरूरी था। इसके विभेद अगर कोई हैं तो, के विरुद्ध टीका भी असरदार अर्थात क्रॉस-रिएक्टिव होना चाहिए अर्थात टीके का एंटीजेनिक रेस्पोंस सभी वायरल प्रोटीन्स के विरुद्ध प्रतिपिंड निर्माण का होना चाहिए। कारगरता का अर्थ है शरीर मन बायोलॉजिकली एक्टिव इस प्रोटीन की उपस्थिति और सक्रियता को रोकने के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रतिपिंडों का निर्माण करने की क्षमता का होना, जिससे प्रतिपिंड अर्थात एंटीबाडीज, वायरल प्रोटीन्स पर हमला करके इन्हें निष्क्रिय करते हुए मैक्रोफेज एक प्रकार की कोशिकाएं, द्वारा क्लियर कर दें।

गुजरात में चांदीपुरा विषाणु के ताजा हमले के सैंपल्स को परीक्षण के लिए दिल्ली स्थित नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल और पुणे की लेबोरेटरी में भेजा जाता है। चांदीपुरा वायरस से हुए हमले के बाद इलाज के लिए अभी तक एक प्रभावी वैक्सीन और विशिष्ट रूप से कारगर एंटीवायरल दवा उपलब्ध नहीं है। अनुसंधान और विकास कार्य जारी है।

वर्ष 1999 से पहले भारत में वायरोलॉजिकल परीक्षण के लिए उन्नत तकनीकें जैसे कि रिवर्स ट्रांसक्रिप्टेज़ पॉलिमरेज चेन रिएक्शन उपलब्ध ही नहीं थीं। न ही वायरस को हैंडल करने और इस पर रिसर्च करने के लिए बायोसेफ्टी लेवल-3 लैब थीं। अब यह सब है और अब हमारे पास न केवल मोबाइल बायोसेफ्टी लेवल-3 लैब भी हैं, बायो-सेफ्टी लेवल-4 लैब भी स्थापित की जा चुकी हैं। कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि चांदीपुरा वायरस की वैक्सीन बनाने में राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी है। संस्थानिक (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी, आदि) साइंटिफिक एडवाइजरी कमेटी की अनुशंसा या आईसीएमआर के साइंटिफिक एडवाइजरी बोर्ड की अनुशंसा ही वैक्सीन बनाने के लिए तब तक पर्याप्त नहीं जब तक इसके लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की मंजूरी न मिले। अर्थात एक तरह से संसद और प्रधानमंत्री की मंजूरी न हो। मंजूरी न मिलने के पीछे का कारण है चांदीपुरा वायरस आउट ब्रेक का चरित्र अखिल भारतीय न होना। अभी तक के आउट ब्रेक स्थानीय या पॉकेट्स में हुए हैं और इससे निपटने के लिए स्वास्थ्य तंत्र सक्रिय होने के बावजूद मृत्यु को नहीं रोक पा रहा है।

## प्रसंगवश

# बाघों के लिए गंभीर संकट

संपूर्ण विश्व में भारत बाघ संरक्षण का नेतृत्व करता है। आज लगभग 17 देश में बाघों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर रखी है और इन समस्त देशों में पाए जाने वाले बाघों की कुल संख्या के लगभग 70 प्रतिशत बाघ सिर्फ भारत में पाए जाते हैं। यह संभव हो पाया संरक्षण के लिए समर्पित प्रोजेक्ट टाइगर के द्वारा, जिसकी शुरुआत 1973 में की गई थी। उस समय भारत में बाघों की संख्या लगभग 1200 थी, जो कि कालांतर में बढ़कर 5000 तक हो गई। फिर 1990 से 2014 तक इनकी संख्या में निरंतर गिरावट देखी गई। एक समय तो भारत में बाघों की संख्या चिंताजनक स्थिति तक पहुंच गई, लेकिन 2014 के बाद सरकार की बाघों के प्रति संरक्षण एवं संवर्धन की जो कार्य-योजना लागू की गई, जिसके बाद इसमें हर वर्ष बढ़ोतरी दर्ज की गई। प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत में मात्र नौ संरक्षित टाइगर क्षेत्र आच्छादित थे और लगभग 18000 वर्ग किलोमीटर का वन क्षेत्र आता था। वर्तमान समय में इन संरक्षित क्षेत्र की संख्या 53 और क्षेत्रफल 75000 वर्ग किलोमीटर हो गया है। निश्चय ही इसके सुखद परिणाम प्राप्त हुए और 2022 की गणना के अनुसार भारत में 3167 बाघ पाए गए, जो कि हर वर्ष 6 प्रतिशत की दर से बढ़ते जा रहे हैं। 50 वर्ष की यह यात्रा प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता को इंगित कर रही है। हर वर्ष 180 नए बाघ इस संख्या में जुड़ रहे हैं। जहां उनकी बढ़ती हुई संख्या एक खुशी प्रदान कर रही है, वहीं एक गंभीर भविष्य की चिंता भी पैदा हो रही है।



डॉ.जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

आने वाले समय में जंगल के सीमित दायरे के साथ बाघों की यह बढ़ती संख्या गंभीर खतरे के रूप में उभर कर आ रही है। तराई क्षेत्र में पाए जाने वाले बाघों का ही उदाहरण लें, तो पिछले एक वर्ष में 28 से ज्यादा इंसानों और बाघों का संघर्ष सामने आ चुका है, जिसमें कई इंसानों और बाघों को अपने प्राण देने पड़े। बाघों में नित्यप्रति इंसानों के प्रति आक्रामक व्यवहार देखने को मिल रहा है, जो वन्य-जीवन के दृष्टिकोण से बिल्कुल अच्छा नहीं है। वर्तमान समय में भारत के संपूर्ण टाइगर रिजर्व क्षेत्र की क्षमता का अगर आकलन किया जाए तो वह मात्र 5000 है, अर्थात संरक्षित टाइगर रिजर्व में सिर्फ इतने ही बाघ रह सकते हैं। अगर इनके वन्य क्षेत्र का दायरा नहीं बढ़ाया गया, तो बाघों और इंसानों का संघर्ष एक सतत प्रक्रिया बन जाएगी, जिसमें नुकसान बाघों का ही होना है।

# रोजगार के मोर्चे पर कदम उठाने की जरूरत

आजादी से लेकर वर्तमान समय तक जिन बीमारियों और समस्याओं ने हमारा पीछा नहीं छोड़ा या ये कहें कि जिन समस्याओं का हम ठोस हल खोज नहीं पाए, उस सूची में बेरोजगारी भी शामिल है। केंद्र में लगभग छह दशक कांग्रेस की सरकार ने शासन किया। बाकी समय में अन्य दलों और पिछले दस सालों से भाजपानीत एनडीए की सरकार सत्ता में है, लेकिन बेरोजगारी का मुद्दा हर सरकार के सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़ा रहता है। सरकारें आश्वसान देती हैं, अपने-अपने हिसाब से रोजगार का प्रबंध करती है, लेकिन जितनी नौकरियां दी जाती हैं, उससे दस गुणा ज्यादा नौकरी मांगने वाले लाइन में खड़े दिखाई देते हैं।

आज देश में बेरोजगारी की मार से युवा किस कदर जूझ रहा है इसका अनुमान बीते दिनों मुंबई एयरपोर्ट पर उमड़ी बेरोजगारों की फौज से ही लगाया जा सकता है। एयरपोर्ट पर महज बीस हजार रुपए मासिक वेतन वाली नौकरी के लिए पच्चीस हजार युवा पहुंच गए, जबकि महज 2200 पदों पर भर्ती होनी थी। बीती फरवरी में यूपी पुलिस में कांस्टेबल के 60 हजार 244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए 50 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों ने आवेदन किया। देखा जाए तो बेरोजगारी की भयावहता की ऐसी तस्वीर अकेले मुंबई या यूपी में नहीं है। देशभर में कहीं भी सरकारी महकमों के लिए भर्ती निकाली जाती है तो आवेदन करने वालों की भीड़ 'एक अनार सौ बीमार' की तरह ही उमड़ पड़ती है।

बेरोजगारी की समस्या इतनी गंभीर है कि महज दसवीं पास योग्यता के लिए जो भर्ती निकाली जाती है, उसमें पोस्ट ग्रेजुएट और इंजीनियरिंग व प्रबंधन का अध्ययन करने वाले युवा भी आवेदकों में शामिल होते हैं। इनमें भी कुछ किस्मत वाले ही होते हैं, जो नौकरी पाने में कामयाब होते हैं।



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

**हालत यह है कि बजट घोषणाओं में वाहवाही लूटने के लिए सरकारें युवाओं को रोजगार देने की जो घोषणाएं करती हैं, उन्हें पूरा ही नहीं कर पातीं।**

हालांकि एक पहलू यह भी है कि सरकारी नौकरियों में सीमित अवसर होने लगे हैं, लेकिन उम्मीदवारों की सरकारी नौकरी पाने की चाहत बढ़ने लगी है। खासकर उत्तर भारत में सरकारी नौकरी को लेकर युवाओं में ज्यादा क्रेज है। सरकारी नौकरी के लिए निर्धारित आयु सीमा के पार होने के भी खतरे कम नहीं। निराश-हताश युवा निजी क्षेत्र में काम तलाशता है, पर वहां भी उसे योग्यता के अनुरूप वेतन मिल जाए इसकी कोई गारंटी नहीं।

बेरोजगारों के लिए सरकारें बेरोजगारी भत्ता जैसी योजनाएं भी शुरू करती हैं। हाल ही महाराष्ट्र सरकार ने भी बेरोजगारों को प्रति माह छह से दस हजार रुपए स्टाइपेंड देने का ऐलान किया है, पर यह कोई स्थायी समाधान नहीं कहा जा सकता। हालत यह है कि बजट घोषणाओं में वाहवाही लूटने के लिए सरकारें युवाओं को रोजगार देने की जो घोषणाएं करती हैं, उन्हें पूरा ही नहीं कर पातीं। बाद में सरकारें रोजगार और रोजगार के अवसरों का भेद होने की बात कहते हुए सफाई देने से भी नहीं चूकतीं। भारत की कुल आबादी करीब 143 करोड़ है, लेकिन 2024 तक कुल कार्यबल 64.33 करोड़ है। यह आंकड़ा 2023 में 59.67 करोड़ था। एक साल में 4.67 करोड़ कार्यबल की बढ़ोतरी हुई है। इतने हाथों में नौकरी, रोजगार या दिहाड़ी उपलब्ध है। सरकारी प्रवक्ताओं की ओर से भी यह दावा किया जाता रहा है कि 2017-मार्च 2024 के दौरान 6.2 करोड़ नौकरीपेशा 'कर्मचारी भविष्य निधि संगठन' (ईपीएफओ) से जुड़े हैं। जाहिर है कि इतने लोगों को सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियां मिली होंगी! ईपीएफओ की निरंतरता पर भी सवाल किए जाते रहे हैं। 2021 से अब तक करीब 7.8 करोड़ रोजगार का सृजन किया जा चुका है। रोजगार के आंकड़े तैयार करने में भी भ्रष्टाचार किया जाता है। मसलन कृषि में करीब 6 करोड़ रोजगार ऐसे हैं, जहां महिला अपने पति का हाथ बंटाने खेत पर जाती है। उसे 'स्वतंत्र रोजगार' नहीं मान सकते, क्योंकि उसका कुछ भी मानदेय या वेतन अथवा दिहाड़ी तय नहीं है।

बहरहाल, देश भर में बेकाबू होती बेरोजगारी की समस्या पर नियंत्रण पाना सरकारों के लिए गंभीर चुनौती है। केन्द्र व राज्य की सरकारों को युवाओं को लुभाने के इरादे से की जाने वाली रोजगार देने की घोषणाओं को अमलीजामा तो पहनाना ही होगा, यह भी ध्यान रखना होगा कि पात्र लोगों को समय पर अवसर मिलें। साथ ही युवाओं के कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जाए। इस बार के बजट में सरकार की सबसे प्रमुख प्राथमिकता रोजगार सृजन ही माना जा रहा। केंद्र सरकार को उम्मीद है कि निजी क्षेत्र के रोजगार और नौकरी में इजाफे को लेकर सकारात्मक कदम बजट में उठाए गए हैं। इससे निजी कंपनियां ज्यादा से ज्यादा लोगों को नौकरियां देने के लिए प्रोत्साहित होंगी। हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि रोजगार सृजन के लिए बजट के इस दृष्टिकोण का परिणाम क्या निकलता है?

## सोशल फोरम

# शिक्षा के केंद्र में प्रेम या प्रतियोगिता

मेरा छात्र-जीवन तनावग्रस्त और दुखमय रहा। कारण यह था कि मेरे भीतर महत्वाकांक्षा नामक एक बीमारी प्रवेश करा दी गई थी। वह बीमारी थी कक्षा में प्रथम आने की चाह। यह बात सुनकर लोग कहेंगे कि यह तो बहुत अच्छी बात है। बीमारी कैसे? जी, जो ऐसा कहेंगे उन्हें भी बीमार समझा जाए।

दरअसल पूरा समाज इस बीमारी से ग्रस्त है। प्रत्येक को दूसरों से आगे निकलना है। निश्चित ही दूसरों से आगे निकलने में थोड़ा रस है, लेकिन इस छोटे रस ने बड़े रस का दरवाजा बंद कर रखा है, इसका जरा-सा भी ख्याल हमारे मन में नहीं आता है। ख्याल भी कैसे आए? बड़े रस का स्वाद तो कभी चखा नहीं।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सातवीं, आठवीं और नौवीं में लगातार फर्स्ट करता गया। थोड़ा रस मिलता था, क्योंकि कुछ लोग इशारे से किसी अपने को बतलाते थे-यही है, जो अपनी कक्षा में फर्स्ट करता है। जहां-तहां थोड़ा सम्मान भी मिलता था। इस लालच में जी-तोड़ मेहनत करता था। मन हमेशा आशंकित रहता था कि अगर फर्स्ट नहीं आया तो लोगों के सामने कौन सा मुंह दिखाऊंगा। समाज में ऐसा कोई था ही नहीं जो बता सके कि प्रतियोगी मन को छोड़कर आनंदपूर्वक पढ़ा जा सकता है। दसवीं कक्षा में आते ही मेरे एक विद्वान एवं बेहतरीन शिक्षक ने सलाह दी कि प्री में तुम साइंस छोड़कर आर्ट्स लेना। विषय के रूप में लॉजिक, संस्कृत और गणित रखना। सब में 95-95 नंबर लाना और यूनिवर्सिटी में टॉप कर जाना।

यूनिवर्सिटी में टॉप शब्द ने मेरे भीतर सनसनी फैला दी। मैं मधुर कल्पना में डुबकी लगाने लगा। इसी बीच मेरा हिंदी प्रेम बढ़ा और एक द्वंद्व छिड़ गया। हिंदी अगर रखूंगा तो टॉप की आशा छोड़नी पड़ेगी, क्योंकि इसमें अधिक अंक नहीं आते हैं। अब क्या करूं? बहुत दिनों तक बड़ी दुविधा में रहा। दुविधा दुःख है। यह दुख टॉप की प्रबल इच्छा नामक बीमारी से पैदा हुआ था। वरना दुख का कोई कारण नहीं था। मजे में हिंदी पढ़ता और झूमता। इस परीक्षा ने झूमकर पढ़ने का आनंद ही छीन लिया है। अंत में हिंदी प्रेम की विजय हुई।

**-फेसबुक वॉल से**

# पर्यटन स्थलों में अनियंत्रित विकास के नकारात्मक नतीजे

उत्तराखंड के सभी शांत कहे जाने वाले पर्यटन स्थल आज भू-कानून तथा एक मजबूत पर्यटन नीति न होने के कारण अनियंत्रित और अनियोजित विकास का दंश झेल रहे हैं, जिसके नतीजे इन स्थानों की भौगोलिक संरचना तथा वहां के जनजीवन को नष्ट कर रही हैं। पर्यटन स्थलों में इस अंधाधुंध कथित विकास के नतीजे प्रायः अराजक ही देखे गए हैं, जिसके कारण कभी शांत कहलाए जाने वाले यह तमाम स्थल आज बाहरी लोगों की आवाजाही तथा बसासत के चलते कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं।

कुमाऊं के नैनीताल जनपद के दो ही स्थानों की बात करें तो स्थिति की सत्यता को आसानी से समझा जा सकता है। बात रामगढ़ व मुक्तेश्वर की हो रही है। ठंडे व पहाड़ी स्थल होने के कारण ब्रिटिश काल में ये अंग्रेजों के पसंदीदा स्थल रहे हैं। मुक्तेश्वर व रामगढ़ जाने का रास्ता एक ही है तथा दोनों ही जगह अंग्रेजों द्वारा विकसित किए गए, इसलिए यहां अंग्रेजों के जमाने के कुछ पुराने बंगले देखें जा सकते है। रामगढ़ 4980 फीट की ऊंचाई पर स्थित एक सुंदर गांव है, जो कभी अपने स्वादिष्ट सेबों के लिए प्रसिद्ध था। सेबों की खेती में अब वह बात नहीं रही, क्योंकि एक तो सेबों के खेतों के स्थान पर कंक्रीट के जंगल उग आए हैं, दूसरा इस बढ़ते सीमेंट के जंगल, गाड़ियों के धुएं से उत्पन्न जलवायु परिवर्तन की मार भी सेबों की खेती में पड़ रही है। कभी रामगढ़ बेहद कम रिहाईश वाला शांत जगह थी। यही कारण है कि गीतांजलि के रचयिता गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर तथा महादेवी वर्मा ने अपनी साहित्य साधना के लिए इस जगह को चुना था। रामगढ़ दो भागों में विभाजित है-मल्ला रामगढ़ तथा तल्ला रामगढ़। पिछले 30 सालों में रामगढ़ व मुक्तेश्वर की तस्वीर काफी बदल गई है। जाड़ों में यहां पर्याप्त बर्फबारी होती है तथा यहां से हिमालय की पंचाचुली श्रृंखलाएं साफ देखी जा सकती हैं।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

**एक कटु सत्य यह भी है कि पहाड़ के लोगों को अपनी जमीन बेचना एक मजबूरी भी है, क्योंकि यहां न तो रोजगार उपलब्ध हैं और न ही पहले जैसी खेती-बाड़ी।**

यही कारण है कि पर्यटकों को यह दोनों स्थान काफी भातें हैं। नतीजन उत्तराखंड बनने के बाद यहां रिसोर्ट, होटल, गेस्ट हाउस तथा बंगलों कि जैसे बाढ़ आ गई है। जमीन बेचने खरीदे में कोई रोक-टोक है नहीं तो दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों के पूंजीपतियों ने जमीनें खरीद कर यहां की पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया है। ऐसा ही हाल मुक्तेश्वर का है, जो समुद्र सतह से 7500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। भगवान शिव के नाम पर स्थापित इस गांव में अंग्रेजों ने 1889 में इंडियन वेटरिनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईवीआरआई) की स्थापना की। इसे पशुओं को रोगों से बचाने के लिए टीके तैयार करने तथा उन पर शोध करने के उद्देश्य से बनाया गया। यहां भी गांव के लोगों की जमीनें बिक गईं और अब सड़क किनारे रिसोर्ट व होटल ही नजर आते हैं। 24 साल बाद भी उत्तराखंड में पड़ोसी राज्य हिमाचल की तरह सशक्त भू कानून न होने से यहां घरों से ज्यादा होटल व बंगले नजर आते हैं। पहाड़ की सर्पिली सड़कों पर वाहनों का दबाव पहले से कहीं ज्यादा है।

कमोबेश यही स्थिति उत्तराखंड के सभी पर्यटन स्थलों में देखी जा सकती है। इसके लिए इनमें पर्यटन स्थलों के मूल निवासी भी जिम्मेदार हैं, जो पैसों के लालच में अपनी बहुमूल्य जमीनों को बाहरी लोगों को बेच रहे हैं और इस बेचने-खरीदने के खेल में गांव के चंद लोग ही काम करते हैं। दूसरे शब्दों में कहे तो पहाड़ के लोगों ने ही पहाड़ की बर्बादी की कहानी लिखने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। बिकी हुई जमीन पर नियमों को ताक पर रखकर सड़के बना दी जाती हैं। बाहरी लोगों के अतिक्रमण से रामगढ़ व मुक्तेश्वर जैसी पहाड़ी जगहों पर वहां के मूल निवासियों के समक्ष पेयजल का संकट पैदा हो गया है। पहाड़ में वैसे ही पानी की कमी है। यहां एक कहावत प्रसिद्ध हैं कि पहाड़ का पानी और जवानी पहाड़ में नहीं टिकता। अवैध निर्माण के कारण अधिकांश जल स्रोत सूख चुके हैं, जो पानी बचा है उसे जिम्मेदार विभागों से गठजोड़ कर रिसॉर्ट व होटल मालिक अपने वहां खींच लाते हैं। सरकारी स्कूलों में भी बच्चों के मिड डे मील के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। पहाड़ में अब कई जगह टैंकरों से पानी सप्लाई किया जाता है। सीधे-साधे गांव वाले करें भी तो क्या करें, क्योंकि पैसे व रसूख के सामने उनकी बात कोई नहीं सुनता। एक कटु सत्य यह भी है कि पहाड़ के लोगों को अपनी जमीन बेचना एक मजबूरी भी है, क्योंकि यहां न तो रोजगार उपलब्ध हैं और न ही पहले जैसी खेती-बाड़ी। अलग राज्य बन जाने के बाद भी बीते दो दशक में विकास के पहिए देहरादून व हल्द्वानी से आगे नहीं बढ़ सके हैं। थोड़ी बहुत जो खेती होती भी है, उसका अधिकांश हिस्सा जंगली जानवरों द्वारा नष्ट कर दिया जाता है। घर के जवान या तो फौज में भर्ती हैं या फिर रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन कर गए हैं।

बीते वर्षों में उत्तराखंड में पलायन बहुत बढ़ा है और गांव के गांव खाली होते जा रहे हैं। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार 2018 से 2022 तक तीन लाख लोग गांव छोड़कर पलायन कर चुके हैं। राज्य में वीरान गांवों की संख्या 1792 तक पहुंच गई है। सालों से भू-कानून बनाने की मांग उत्तराखंड के पर्यावरण प्रेमी व संगठन लगातार कर रहे हैं। हजारों लोग सड़कों पर उतरे, धरना -प्रदर्शन हुए, लेकिन राज्य गठन के चौबीस साल बाद भी उत्तराखंड की सरकार एक सशक्त भू-कानून नहीं बना पाई है।

# लाठी

हमारे घर में सांप निकला था, तो एक पुरातन शस्त्र 'लाठी' की याद आई, जो हमारे घर में उपलब्ध नहीं थी। सर्प समस्या तो किसी तरह हल हुई, पर एक गंभीर विचार छोड़ गई कि यह अति महत्वपूर्ण प्राचीन शस्त्र हमारे यहां क्यों नहीं है? अब माल संस्कृति में तो इसका उपलब्ध होना भी कठिन है। खैर! ध्यान दौड़ाया तो मस्तिष्क में इसका महत्व पर्त दर पर्त खुलता गया।

हमारे गृह जनपद कानपुर में तो एक मोहल्ले का ही नाम है 'लाठी मोहाल' है और गुजरात के 'अमरेली' जिले में 'लाठी' नामक तहसील है। हमसे एक पीढ़ी ऊपर के कवि अवधेश, बैसवारे के थे और ब्राह्मण भी। उन्होंने अपने क्षेत्र के ब्राह्मणों की तारीफ करते हुए लिखा है कि 'यहां के विप्र केवल वेदपाठी ही नहीं हैं, वे लाठी चलाने में भी पारंगत हैं'। साहित्यकारों ने इस आदि शस्त्र के साथ समुचित न्याय नहीं किया है। अलबत्ता गिरधर कवि ने एक कुंडलिया में इसकी महत्ता पर अवश्य प्रकाश डाला है। लाठी में गुन बहुत हैं सदा राखिए संग।/ गहरी नदि नारा जहां, तहां बचावै अंग।।/ तहां बचावै अंग, झपटि कुत्ता कूं मारै।/ दुश्मन दावागीर होय, तिनहूं को झारै।। /कह गिरधर कविराय सुनो हो धूर के बाठी।/सब हथियारन छांड़ि, हाथ मा राखिय लाठी।। अब देखिए। भगवान शंकर के पुत्र कार्तिकेय देवताओं के सेनापति हैं। उनके पास भला कौन सा हथियार नहीं होगा, किंतु वे 'दंडपाणि' कहे गए हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यमराज सबसे बड़े नियामक हैं, वे भी 'दंडपाणि' हैं। 'दंड युद्ध' एक प्राचीन युद्धकला है, जिसके प्रवर्तक अगस्त्य मुनि हैं। उन्होंने इस पर एक पुस्तक "कंपू सूत्रम्" भी लिखी है। विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के गणवेष का हिस्सा भी लाठी है, जिसे वे दंड कहते हैं। लाठी को संस्कृत में यष्टि कहते हैं। कहीं-कहीं छड़ी भी कहा गया है, जो लाठी का छोटा रूप है, यथा 'कनक छरी सी कामिनी काहे कूं कटि छीन। कटि को कंचन काटि विधि कुचन मध्य धरि दीन"। इस तरह लाठी की प्रासंगिकता बहुआयामी है।

## एक नजर

### कर्बला का जिक्र सुनकर अजादार रोये

**सैदनगली, अमृत विचार :** मुहल्ला दक्षिण के अजाखाना मीर मुजाहिद हुसैन में हो रहे अशरे की 5वीं मजलिस का आयोजन हुआ। देर रात मजलिस का आगाज मर्सिया ख्वानी से अहमद रजा और हमनवा ने किया। मजलिस को डॉ. अहमद मुर्तजा ने खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह के रसूल ने फरमाया था कि मेरा नवासा हुसैन मुझसे है और मै हुसैन से हूं। कर्बला की घटना से पहले मौला हुसैन की पहचान नाना रसूले खुदा से थी, कर्बला के बाद रसूले खुदा की पहचान हजरत हुसैन से है, क्योंकि कर्बला में इमाम हुसैन ने कुर्बानी देकर दीन को बचाया। जिक्रे कर्बला सुनकर अजादार तड़प कर रोये और मातम हुआ। नोहे काशिफ मुर्तजा, मिसाल अब्बास, सलमान अब्बास आदि ने पढ़े।

### दुकान में आग से नुकसान

**आदमपुर, अमृत विचार :** आदमपुर निवासी अनमारा पत्नी अबरार की टायर पंचर की दुकान है। पीड़िता का आरोप है कि शनिवार रात करीब एक बजे गांव के ही व्यक्तियों द्वारा उसकी दुकान में आग लगा दी गई है। जिसमें उसका हजारों का नुकसान हुआ है। जिसकी तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

# झोलाछाप के इलाज से महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

## रहरा के गांव पथरा का मामला, पुलिस ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

संवाददाता, रहरा



सुमरो देवी।

**अमृत विचार :** झोलाछाप के इलाज से महिला की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने मौके पर हंगामा किया। पुलिस ने झोलाछाप को हिरासत में ले लिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

मामला रविवार सुबह करीब 10 बजे का है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव पथरा निवासी सुमरो देवी पत्नी स्व. मान सिंह 55 को बुखार तथा सिर दर्द की शिकायत थी। वह गांव स्थित न्यू पलक मेडिकल के संचालक सोनू कुमार उर्फ सुशील से दवाई लेकर ई-रिक्शा से अपने घर लौटी थी। ई रिक्शा से उतरते ही वह चक्कर खाकर जमीन पर गिर पडी। जैसे ही परिजन उनके पास तक पहुंचे तब तक सुमरो देवी दम तोड़ चुकी थी। इसके बाद परिजनों ने झोलाछाप के यहां पहुंचकर हंगामा किया। सूचना पाकर पहुंची रहरा पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



महिला की मौत के मामले में जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

- झोलाछाप से दवा लेकर लौटी महिला घर पहुंच कर गिर पड़ी
- परिजनों ने झोलाछाप की दुकान पर पहुंचकर किया हंगामा

## जंगल में सांड के हमले में वृद्धा की गई जान

**रहरा, अमृत विचार :** शौच के लिए जंगल गई वृद्ध महिला पर सांड ने हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गई। जंगल से घर आते समय महिला ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

सिरसा कलां में रविवार सुबह आठ बजे गांव निवासी वृद्ध महिला बूधा देवी पत्नी नन्नू सिंह जंगल में गंगा तटबंध किनारे शौच के लिए जा रही थी। रास्ते में उस पर एक सांड ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक सांड का सींग महिला के पेट में अंदर जा घुसा। जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गयी। घायल महिला को घर ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। बताते चलें कि महिला के कोई संतान भी नहीं है। करीब 20 वर्ष पहले उसके पति नन्नू सिंह की मौत हो चुकी है। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के महिला के शव अंतिम संस्कार कर दिया। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

# गोबर की खाद में मिले पशुओं के अवशेष

संवाददाता, ढबारसी

**अमृत विचार :** सांथलपुर गोशाला में मृत पशुओं को दफनाने में कर्मचारियों की लापरवाही का मामला सामने आया है। मृत पशुओं के ऊपर गोबर डालकर उन्हें दबा दिया गया था। पुलिस ने खेत में फैले अवशेषों को एकत्र कर गड्ढे में दबवा दिया। गोवंश पशुओं के अवशेष देखकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

सांथलपुर गोशाला के निकटवर्ती खेत स्वामी तेजा ने गोशाला से गोबर का खाद खरीदा था। शनिवार रात को ट्रैक्टर ट्रालियों से खाद को खेत में बिखरवाया था। रविवार सुबह ग्रामीणों ने देखा तो खेत में कई पशुओं के अवशेष पड़े थे। बाबा नौमी दास ने अधिकारियों से शिकायत कर मामले की जांचकर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। बाबा नौमी दास का आरोप है कि गोशाला में तैनात कर्मचारियों द्वारा लापरवाही की जा रही है तथा वरिष्ठ अधिकारी भी गोशाला की ओर ध्यान नहीं दे रहे। लापरवाही से गोशाला में पशुओं की मौत हो रही है और उनके शवों को चोरी छिपे गोबर में दबा दिया जाता है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष आदमपुर शौकेंद्र सिंह बालियान मौके पर पहुंचे तथा खेत में बिखरे अवशेषों को एकत्र कराकर खेत में गड्ढा खोदवाकर दबवा दिया।



ढबारसी क्षेत्र में खेत में पड़े गोवंशीय पशुओं के अवशेष। ● अमृत विचार



बाबा नौमी दास।

### दो वर्ष पहले हुई थी 61 पशुओं की मौत

**ढबारसी, अमृत विचार :** सांथलपुर गोशाला में दो वर्ष पहले 61 पशुओं की मौत हुई थी। मामले में दो लोगों के विरुद्ध रासुका के तहत कार्रवाई की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि गोशाला में दो वर्ष पहले हुई घटना से सबक नहीं लिया गया। 61 पशुओं की मौत का संज्ञान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया था। मामले में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने गोशाला पहुंचकर निरीक्षण कर शासन को रिपोर्ट सौंपी थी।

# नर्सरी संचालक समेत तीन घरों से लाखों की चोरी

संवाददाता, हसनपुर

- पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

**अमृत विचार :** चोरों ने नर्सरी संचालक समेत तीन घरों से जेवर सहित लाखों का माल चोरी कर दहशत फैला दी। पुलिस को मामले में तहरीर दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई में शनिवार रात चोरों ने तीन घरों से जेवर और नकदी चोरी की। चोर नर्सरी संचालक आरिफ पुत्र फैज अहमद खान के घर की बाहरी दीवार से चढ़कर मकान के भीतर प्रवेश कर गये। चोर अलमारी से जेवर व एक लाख की नकदी सहित नौ लाख से अधिक का माल ले गए। आरिफ को सुबह चोरी के बारे में पता चला। चोरों ने रामकेश पुत्र बलबीर सिंह के घर की दीवार को फांदकर भीतर प्रवेश कर लिया। चोरों ने डबल बेड के गद्दे के नीचे रखी चाबी को निकाल कर अलमारी को खोला और वहां से जेवर, नकदी सहित तीन लाख की चोरी की। परिजनों को सुबह चोरी का पता लगा। रामकेश टेलर है और कपड़ा भी बेचता है। चोरों ने किसान इंद्रपाल पुत्र छोटे के फाटक से घर में प्रवेश किया और अलमारी से जेवर और 10 हजार रुपये की नकदी चोरी की। पीड़ित इंद्रपाल ने बताया कि चोरों ने उसके घर से चार लाख के माल को चोरी कर लिया है। चोर तीनों घरों में चोरी करने के बाद वहां से जो बैग उठाकर ले गये थे। उनको जंगल में फेंक गए। सूचना मिलने पर चौकी में तैनात सिपाहियों ने मौका मुआयना किया। एक साथ तीन घरों में चोरी होने से गांव में दहशत है। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया चोरी होने की सूचना मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# मचान से लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, मुबारिजपुर



जसपाल।

**अमृत विचार :** शनिवार को जमीन को लेकर दो भाइयों में मारपीट हुई थी। डायल 112 ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया था। जिसके बाद रात को आठ बजे गांव से करीब 500 मीटर दूर अपने ही खेत में बने मचान से युवक का शव लटका मिला। पुलिस ने मौका मुआयना किया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

मामला थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव देहरी खादर का है। गांव निवासी जसपाल पुत्र भागवत का शव गांव से करीब 500 मीटर दूर शनिवार रात आठ बजे अपने खेत में मचान से लटका मिला। बताया जाता है कि शनिवार को दिन में दोनों भाइयों में जमीन को लेकर विवाद हुआ था। शाम के समय जसपाल घर से खेत जाने को कहकर निकला था और रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बेटी काजल ने जाकर देखा तो खेत में बने मचान पर पिता का शव लटका मिला। सूचना मिलते ही मौके पर भी लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। मारपीट में दोनों भाइयों की पत्नी भी घायल हैं। मृतक के बेटे रिंकू ने तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी शोकेंद्र ने बताया है कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



गांव देहरी खादर में विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

- जमीन को लेकर दो भाइयों में हुई थी मारपीट

### पेड़ से लटका मिला नलकूप मिस्त्री का शव

**सैदनगली, अमृत विचार :** गांव निवासी नलकूप मिस्त्री का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव नीचे उतारकर बिना कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया। थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव में शनिवार शाम खेतों से लौट रहे किसानों ने गांव से कुछ दूरी पर जंगल में पेड़ से करीब 25 वर्षीय नलकूप मिस्त्री का शव लटका हुआ देखा। खबर लगते ही परिवार व गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। शव को नीचे उतारकर आनन फानन में गांव लाया गया। बाद में बिना किसी कानूनी कार्रवाई अंतिम संस्कार कर दिया गया। युवक की अभी शादी नहीं हुई थी। परिजन मान रहे हैं कि युवक ने आत्महत्या की है। बताया जा रहा है कि वह घरेलू कलह के चलते परेशान था। पुलिस ने मामले की जानकारी से इनकार किया है।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद की बैठक

**हसनपुर, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद की बैठक हुई। बैठक में मांग की गई कि रक्षाबंधन पर हसनपुर से हर जगह के लिए रोडवेज बस का संचालन हो। बैठक में अध्यक्ष दीनदयाल यादव ने सचिन गुप्ता को संगठन का जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष अतुल गर्ग ने कहा कि आधार कार्ड अपडेट करने के लिए पोस्ट ऑफिस में सेंटर है। वहां से आधार कार्ड सही करने के लिए दो-तीन महीने बाद की तारीख मिल रही है। नगर में कम से कम पांच सेंटर आधार कार्ड अपडेट करने के लिए होने चाहिए। बैठक में दीनदयाल यादव, अतुल गर्ग, सीमा यादव, नन्हे सिंह सैनी, सचिन गुप्ता, अरुण त्यागी, विजय पारछा आदि मौजूद रहे।



सेमिनार में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### शेयर होल्डर्स को बताए फ्रॉड से बचने के तरीके

**अमरोहा, अमृत विचार :** विशेषज्ञों ने शेयर होल्डर्स को फ्रॉड से बचने के तरीके बताए और सुरक्षित निवेश को लेकर जानकारी दी। शहर के एक होटल में एनएसई के तहत काम करने वाली मल्टीगेन कंपनी के संयोजन में सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें जिले के इन्वेस्टर व ट्रेडर्स ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। सीडीसीएल कंपनी के अधिकारी हरविंद्र सिंह ने स्टॉक मार्केट की जानकारी साझा की। नुकसान और फायदे गिनाते हुए मार्केट की हर गतिविधि से अपडेट रहने की बात कही। मल्टीगेन कंपनी के एमडी मोहम्मद खालिद ने शेयर होल्डर्स को म्युचूअल फंड के अलावा शरई इन्वेस्टमेंट के बारे में विस्तार से समझाया। इस दौरान काशिफ खान, जकी उद्दीन करीन, अहमद रजा, फैज खान, शानू खान, फैज उद्दीन आदि मौजूद रहे।

### हसनपुर मार्ग पर सड़क किनारे मिला वृद्ध का शव

**गजरौला, अमृत विचार :** हसनपुर मार्ग पर रविवार सुबह सड़क किनारे वृद्ध का शव पड़ा मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया। रविवार सुबह हसनपुर मार्ग पर अल्लीपुर भूड़ मोहल्ले में सड़क किनारे वृद्ध का शव पड़ा मिला। जानकारी पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। वृद्ध के शरीर पर चोट के निशान लगे होने पर लोगों ने हादसे में मौत होने की आशंका जताई। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि शव को मोर्चरी भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### सेवानिवृत्त दरोगा से हड़पे चार लाख रुपये

**अमरोहा, अमृत विचार :** जमीन बेचने का झांसा देखकर सेवानिवृत्त दरोगा से चार लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। नगर कोतवाली क्षेत्र के डाक बंगला कॉलोनी निवासी धर्म सिंह गौतम पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं। आरोप है कि संभल जिले के गांव पीलो निवासी संजीव कुमार त्यागी से उनकी जान पहचान थी। इस दौरान सुबोध नगर कॉलोनी के रहने वाले सुभाष कुमार से उनकी मुलाकात हुई। संजीव त्यागी व सुभाष कुमार ने पुष्कर नगर में अपनी तीन बीघा जमीन दिखाकर 19 लाख रुपये बीघा में सौदा तय कर लिया। इसके बाद बीते साल आठ सितंबर को सुभाष कुमार, सुधीर कुमार व संजीव कुमार धर्म सिंह के घर पहुंचे जमीन बेचने का झांसा देकर उनसे पांच लाख रुपये की मांग की। धर्म सिंह ने उन्हें दो लाख रुपये नकद व सुभाष कुमार के नाम से तीन लाख रुपये का चेक दे दिया। लेकिन बाद में जानकारी करने पर आरोपियों का झूठ सामने आया। धोखाधड़ी का एहसास होने पर धर्म सिंह ने अपने रुपए वापस मांगे तो केवल एक लाख रुपये वापस मिले। बाकी रुपए वापसी नहीं किये। इसके बाद पीड़ित ने तहरीर दी। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव में रविवार को गांव से 500 मीटर दूर शहतूत के पेड़ से 23 वर्षीय युवक का शव लटका मिला। युवक के परिजनों के मुताबिक पति पत्नी में किसी बात को लेकर अनबन थी। जिससे तंग आकर युवक ने ये कदम उठाया। मृतक ने अपने पीछे दो बच्चों को छोड़ा है। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी शोकेन्द्र मलिक ने बताया है कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



मंडी धनौरा में चयनित बच्चे व अन्य।

### बीएसडी एकेडमी के 11 छात्र स्पोर्ट्स स्कूल में चयनित

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बीएसडी एकेडमी के प्रबंधक नितिन धारीवाल ने बताया कि स्पोर्ट्स स्कूल राई सोनीपत में बीएसडी एकेडमी के 11 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। जिसमें दित्या, आयुषी, अतुल, अक्षित, रुद्र तेजा, अब्दुल समद, मोहम्मद शान, अरिहंत ओरा, कार्तिक त्यागी, मानव भारद्वाज व गार्विक सिद्धू हैं। रविवार को सभी का ब्लॉक प्रमुख के पति वीरेंद्र धारीवालव निर्देशिका सुशीला धारीवाल ने उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सचिन चौधरी, पिंटू धारीवाल, शशि चड्ढा, नामित, सुमित आदि रहे।

# दुबई को निर्यात हुआ तीन टन आम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** दुबई के लिए निर्यात किये जाने वाले आम और भिंडी के वाहन को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान तीन टन आम और तीन क्विंटल भिंडी विदेश भेजी गई।

अमरोहा से बड़े पैमाने पर आम और भिंडी का निर्यात किया जा रहा है। रविवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने मंडी समिति स्थित मैंगो पैक हाउस से दुबई के लिए निर्यात किये जाने वाले तीन टन आम और भिंडी के वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। निर्यातक शहनवाज एक्सपोर्ट नदीम सिद्दीकी ने बताया कि तीन टन आम और भिंडी दुबई के लिए भेजी जा रही है। जिसमें 2.5 टन चौसा आम व आधा टन अन्य वैरायटी तथा 300 किलो भिंडी भेजी जा रही है। बताया कि दुबई से लगातार तोरई, करेला और भिंडी की मांग की जा रही है।



वाहन को झंडी दिखाते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान देने को कहा

जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कहा कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। यदि आपके उत्पाद उच्च क्वालिटी के होंगे तो अवश्य ही आपके उत्पादों की मांग देश और विदेश में बड़े स्तर पर हो सकेगी।

जिलाधिकारी ने अमरोहा के सभी निर्यातकों से अपील करते हुए कहा कि वह इस मैंगो पैक हाउस का सदुपयोग करें। अपने उत्पादों को अधिक से अधिक निर्यात के लिए तैयार करें और अधिक से अधिक देश और विदेश में अपने उत्पादों को भेजें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, मंडी सचिव निर्यातक नदीम सिद्दीकी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## गर्भवती की हत्या में पति और ससुर पर रिपोर्ट दर्ज

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव से दहेज की मांग के लिए गर्भवती की हत्या का मामला सामने आया है।

पुलिस ने मामले में न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। अपराध निरीक्षक दिनेश चंद शर्मा ने बताया कि चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव झारपुरा नाईपुरा निवासी हरिया पुत्र हरदेवा का आरोप है कि उन्होंने तीन साल पहले अपनी बेटी नीलम की शादी थाना क्षेत्र के गांव मलंगपुरा निवासी कावेंद्र पुत्र करन सिंह के साथ की थी। घटना बीते मई माह की है। आरोप है कि ससुराल के लोगों ने तीन माह की गर्भवती नीलम की हत्या कर अंतिम संस्कार कर दिया। अपराध निरीक्षक दिनेश शर्मा ने बताया न्यायालय के आदेश पर कावेंद्र पुत्र करन सिंह, जसपाल पुत्र करन सिंह, करन पुत्र नामालूम, चरन पुत्र दिलीप व एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# लापरवाह ग्राम पंचायत सहायकों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और यूजर चार्ज वसूली की समीक्षा

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए धनराशि मिलने वाली ग्राम पंचायत के सचिवों तथा कंसलटेंट इंजीनियर के साथ मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। सीडीओ ने सचिवों से जुलाई अंत तक समस्त धनराशि का उपयोग करने, आरआरसी सेंटर्स को क्रियाशील करने तथा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करवाने और यूजर चार्ज वसूली आदि की समीक्षा की है। सचिवों को ग्राम पंचायत में जलभराव का निदान करने, सरकारी भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने इसके अलावा सचिवों को पंचायत सहायकों की ग्राम पंचायत सचिवालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने व अपने रोस्टर के अनुसार पंचायत सचिवालय में उपस्थित, ग्राम पंचायत के समुचित अभिलेखीकारण, सामुदायिक शौचालय में पानी और साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे गांव में अधूरे काम को जल्द पूरा किया जाए। रिक्त पंचायतों में पंचायत सहायक का 30 जुलाई तक प्रस्ताव का परीक्षण करके रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। ऐसे पंचायत सहायक जो नियमित रूप से पंचायत घर में बैठकर काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें चिह्नित करके उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश जारी कर दी है। इस दौरान जिला पंचायत अधिकारी पारुल सिसोदिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



हसनपुर में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुनते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# प्रधानमंत्री ने तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने को कहा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** चेयरमैन के कैंप कार्यालय पर भाजपाईयों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुना।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने बताया कि लोगों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इंदौर में एक दिन में दो लाख से ज्यादा पौधे लगाए गए। आप भी इस अभियान से जुड़ें। 15 अगस्त पर लोग तिरंगा लगाकर उत्साहित होते हैं। कुछ लोग तिरंगा बांटते हैं। इस साल भी लोग तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करें। कहा कि इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक छाया है। ओलंपिक हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, प्रशांत सैनी, सौरभ गुप्ता, विक्रम महंत, अजय पाल, धर्मेंद्र ठाकुर, शिवकुमार, दिनेश चौहान, राहुल दक्ष, सौरभ सैनी आदि रहे।

## दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच पर रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** ससुराल में महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया और मारपीट कर उसको घर से निकाल दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

नौगांवा थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी रोहतास सिंह ने अपनी बेटी की शादी 6 मार्च 2018 को बिजनौर जिले के धामपुर थाना क्षेत्र के गांव शंकर नंद के योगेश कुमार के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उसको प्रताड़ित करने लगे और 5,00,000 रुपये की मांग कर रहे थे। जब उनकी मांग को पूरा नहीं किया तो ससुराल वालों ने प्राची को बच्चों समेत घर से निकाल दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि महिला के पति सुमित समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मनोनयन** महबूब अली बने अधिष्ठाता मंडल, कमाल अख्तर पार्टी के मुख्य सचेतक

# महबूब और कमाल को मिली बड़ी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सदर विधायक महबूब अली को अधिष्ठाता मंडल बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश द्वारा महबूब अली को अधिष्ठाता मंडल बनाने की घोषणा होते ही समर्थकों में खुशी की लहर है। महबूब अली ने बताया कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है वह उसे बखूबी निभाएंगे। उधर, हसनपुर के रहने वाले कांठ विधायक कमाल अख्तर को भी विधानसभा का मुख्य सचेतक बनाया गया है।

रविवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य पदों पर नियुक्ति की घोषणा की है। माता प्रसाद पांडे को नेता प्रतिपक्ष, विधायक महबूब अली को विधानसभा की अधिष्ठाता मंडल की जिम्मेदारी दी गई है।





विधायक महबूब अली एवं कमाल अख्तर।

वहीं, कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक पद की जिम्मेदारी सौंपी है। महबूब अली कई बार अमरोहा सदर विधानसभा सीट से विधायक हैं। इससे पहले वह सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री व उससे पहले राज्यमंत्री भी रह चुके हैं। वहीं अब विधायक महबूब अली उत्तर प्रदेश की लोक लेखा समिति के सभापति भी है। अब उन्हें विधानसभा में अधिष्ठाता मंडल की जिम्मेदारी मिलते ही उनका कद बढ़ गया है। जिससे शहर व अन्य जगहों पर रहने वाले उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली ने बताया कि विधानसभा का अधिष्ठाता मंडल एक अहम पद है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उसे बखूभी निभाएंगे। उधर, कमाल अख्तर के मुख्य सचेतक बनने पर उनके उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। 2012 में कमाल अख्तर जनपद अमरोहा की हसनपुर विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे और पंचायत राज्य मंत्री अखिलेश सरकार में बने थे। सन 2022 में सपा ने मुरादाबाद की कांठ विधानसभा सीट से कमाल अख्तर को टिकट दिया था और वह जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। इसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें पार्टी का मुख्य सचेतक बनाया था। पार्टी का मुख्य सचेतक बनने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है।

## एक नजर

### कुत्तों के झुंड ने बुजुर्ग पर हमला कर किया घायल

**बरेली, अमृत विचार :** खेत पर गए बुजुर्ग पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाफिजगंज क्षेत्र के गांव मुल्लापुर निवासी गफूर खां (50) रविवार सुबह खेत पर गए। काम करने के बाद वह खेत के बाहर पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर आराम कर रहे थे। तभी अचानक कुत्तों के झुंड ने हमला कर उनके दोनों हाथों को जख्मी कर दिया। चीख पुकार सुनकर खेत पर मौजूद अन्य लोगों ने कुत्तों को भगाकर उन्हें बचाया। शहर से लेकर देहात तक कुत्तों का आतंक है। आए दिन कुत्ते लोगों पर हमला कर रहे हैं। शिकायत के बाद भी कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया जा रहा है।

### लिफ्ट देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर, अमृत विचार :** टांडा चौराहे से लिफ्ट का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। काशीपुर निवासी एक व्यक्ति ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया कि उसकी बेटी एक फैक्ट्री में काम करती है, 25 जुलाई की सुबह लगभग आठ बजे वह ड्यूटी जाने के लिए टांडा तिराहा पर ऑटो का इंतजार कर रही थी। वहीं दूसरी फैक्ट्री में काम करने वाला धीरज बाइक से वहां पहुंचा। उनसे बाइक से फैक्ट्री छोड़ने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी धीरज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का संबंधित धाराओं में चालान कर कोर्ट में पेश किया है।

### चेक बाउंस के मामले में सजा के खिलाफ याचिका निरस्त

**काशीपुर, अमृत विचार :** प्रथम एडीजे की अदालत ने चेक बाउंस के मामले में सजा के खिलाफ दायर याचिका सुनवाई के बाद खारिज कर दी है। मोहल्ला काजीबाग निवासी मो .उमर ने अपने अधिवक्ता धर्मेंद्र तुली के माध्यम से कोर्ट में परिवाद दायर किया था कि हरिद्वार ज्वालापुर स्थित एमएम इंटरप्राइजेज का पार्टनर शौकीन अहमद टूर एंड ट्रेवल्स का कार्य करता है। अप्रैल 2018 में उसने अपने परिवार के तीन लोगों को हज यात्रा पर भेजने के लिए नौ लाख रुपये उसके खाते में जमा कराए थे, लेकिन आरोपी ने उनका टिकट वीजा आदि नहीं कराया। रुपये वापस मांगने पर शौकीन ने उन्हें सात लाख की राशि का चेक दिया, जो खाते में लगाने पर बाउंस हो गया।

## नालियों में मिल रहा लार्वा, सप्ताह में 60 से ज्यादा मलेरिया रोगी

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में मलेरिया- डेंगू की रोकथाम के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है। गांवों में नालियों में मच्छरों का लार्वा मिल रहा है। एक सप्ताह में 60 से ज्यादा नए मरीज सामने आ चुके हैं।

कमिश्नर और डीएम भी अभियान की निगरानी कर रहे हैं। शनिवार को सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने फतेहगंज पश्चमी ब्लॉक के गांव गोहना का भ्रमण किया। इस दौरान सीएमओ ने ग्रामीणों से जानकारी ली। पूछ कि स्वास्थ्य विभाग की टीम आपके घर आई तो लोगों ने सहमति जताई। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह के अनुसार जिले में जनवरी से अब तक 570 मलेरिया रोगी सामने आ चुके हैं। टीमों से नियमित रिपोर्ट ली जा रही है। मीरगंज के हल्दीकला समेत कुछ गांवों में नालियों में लार्वा मिला था, जिसे नष्ट करा दिया गया।

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में बलिदान हुए थे इस्लामनगर क्षेत्र के मोहित कुमार, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसमूह

# सैनिक सम्मान के साथ बलिदानी मोहित का अंतिम संस्कार

संवाददाता, इस्लामनगर (बदायूं)

**अमृत विचार :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में शहीद हुए सैनिक मोहित कुमार का शव रविवार सुबह गांव पहुंचा। एक तरफ देश पर न्यौछावर होने पर फक्र था तो वहीं परिवार के इकलौता बेटे की मौत होने के चलते आंखें नम थीं। सेना के अधिकारी और पुलिस ने राजकीय सम्मान के साथ बलिदानी मोहित का अंतिम संस्कार किया। शहीद के पिता ने मुखाग्नि दी। सैनिक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सेना के अधिकारियों ने शोक शस्त्र की रस्म अदा की और शहीद को सलामी दी।

इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सभानगर निवासी नत्थू सिंह खेतीबाड़ी करके अपने इकलौते बेटे मोहित कुमार राठौर, बेटी रजनी, नीतू व पूजा की परवरिश करते थे। साल 2017 में मोहित कुमार सेना में भर्ती हुए थे। वह दो साल से मदर यूनिट 17 राज राइफल यूनिट में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में तैनात थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान मोहित कुमार राठौर को सात गोलियां लगीं। वह देश पर बलिदान हो गए। शनिवार को शव बरेली में रखा गया। बदायूं प्रशासन ने नत्थू सिंह के खेत पर अंतिम संस्कार की तैयारी कराई। रविवार सुबह मोहित का शव बिल्सी की ओर से इस्लामनगर मार्ग पर गुजरा। जगह-जगह लोग पार्थिव शरीर के आने का इंतजार कर रहे थे। सेना की गाड़ी से



बलिदानी के पार्थिव शरीर पर बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

**अंतिम विदाई**

- विलाप के समय कई बार बेसुध हो गई पत्नी, पिता ने दी मुखाग्नि

तिरंगा में लिपटा शहीद का पार्थिव शरीर आया तो लोगों ने सेल्यूट किया और तिरंगा लेकर साथ चल पड़े। शव गांव पहुंचा तो परिजन ही नहीं बल्कि पूरा गांव और जिले का सीना चौड़ा था और आंखों नम थीं। पत्नी रुचि की चीख निकल पड़ी। शव के अंतिम दर्शन को हजारों की भीड़ गांव में मौजूद थी। डीएम निधि श्रीवास्तव और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने परिजनों को ढांढस बंधाया। डीएम ने एमओआइसी डॉ. रोहित कुमार को बुलाकर शहीद मोहित कुमार की पत्नी रुचि के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी की। रोते हुए कई बार रुचि बेसुध हो गईं।

### लेफ्टिनेंट जनरल ने तिरंगा के साथ भेजा पत्र

शहीद मोहित सिंह राठौर के शव के साथ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने शहीद की पत्नी को एक पत्र भेजा है। जो सेना के अधिकारियों ने रुचि को तिरंगे के साथ दिया। जिसमें लिखा है रुचि जी, हमें आपके पति राइफल मैन मोहित राठौर का 27 जुलाई 2024 को सैन्यकर्तव्य का निर्वाहन करते हुए वीरगति प्राप्त होने पर गहरा दु:ख है। रायफल मैन मोहित राठौर बहुत हिम्मत वाले एवं कर्तव्यनिष्ठ सैनिक थे। उन्होंने देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह आपको तथा आपके परिवार को कठिन समय में हिम्मत दे। दु:ख की इस घड़ी में अकेला महसूस न करें।

## जुलूस-ए-मोहम्मदी में डीजे पर लगाई पाबंदी

**बरेली, अमृत विचार :** ईद मिलादुन्नबी पर निकलने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी में डीजे पर पाबंदी लगा दी गई है। अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लिमीन की बैठक में यह फैसला लिया गया कि जिस अंजुमन के पास डीजे या अधिक आवाज वाला साउंड होगा, उसे जुलूस में शामिल नहीं किया जाएगा।

महासचिव अंजुम शमीम ने कहा कि किसी भी ऐसी अंजुमन, जिसके पास हैवी साउंड या डीजे होगा, उसे जुलूस में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। डीजे वाली अंजुमन को जुलूस के आगे-पीछे चलने की अनुमति भी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि डीजे से होने वाले शोर से जुलूस मार्ग में रहने वाले लोगों के साथ जुलूस में शामिल अन्य लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शोर से बूढ़े, बीमार लोग घरों को छोड़कर दूसरे स्थान पर चले जाते हैं। बैठक में मोहम्मद उस्मान, अनवर हसन, यामीन अहमद, हाजी जफर आदि रहे।

# शोहदे के डर से छात्रा ने कॉलेज छोड़ा

### अब कोचिंग आते-जाते समय करता है छेड़खानी, पीड़िता परिजनों से आत्महत्या करने की बात कह रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में रहने वाली बीएससी की छात्रा को शोहदे ने इस कदर परेशान किया कि उसने कॉलेज जाना छोड़ दिया। छात्रा ने कोचिंग जाना शुरू किया तो आते-जाते समय आरोपी छेड़खानी करने लगा। पीड़िता की मां की शिकायत पर अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक महिला के अनुसार उनकी बेटी रिठौरा स्थित एक कॉलेज में बीएससी की छात्रा है। इसी कॉलेज में गांव तुलसीपुर हाफिजगंज का रहने वाला यशवीर बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। आरोप है कि वह आए दिन उनकी बेटी के साथ छेड़खानी करता है। रोजाना अश्लील इशारे कर परेशान करता है। इसकी शिकायत बेटी ने कई बार कॉलेज प्रशासन से की। साथ ही उसे कई बार समझाया गया, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। परेशान होकर छात्रा ने कॉलेज जाना बंद कर दिया। इस बीच छात्रा ने पुलिस भर्ती की तैयारी करने के लिए राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर में प्रवेश लिया। राजेंद्र नगर में ही किराये पर कमरा लेकर उसने तैयारी शुरू कर दी। आरोप है कि यशवीर कोचिंग आते जाते समय उसके साथ छेड़खानी करता है। इस बीच आरोपी ने उसके फोटो मोबाइल से खींचकर एडिट कर उसके सगे संबंधियों को भेजने शुरू कर दिए। उसने उसपर शादी करने का दबाव बनाया। ऐसा न करने पर समाज में बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी छात्रा के परिवार वालों को भी ब्लैकमेल करता रहता है। इसकी वजह से छात्रा की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं छात्रा मानिसक रूप से दबाव में है और वह परिजनों से आत्महत्या करने की बात कह रही है। मामले में पीड़िता की मां ने अपर पुलिस महानिदेशक से शिकायत की।

## स्कूल में बच्चियों से छेड़खानी... विभागीय कार्रवाई में निपटा दिया आपराधिक मामला

शब्या सिंह तोमर, बरेली

**अमृत विचार :** सरकारी प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाली आठ से 10 साल की कई बच्चियों से अश्लील हरकतें करने के आरोपी शिक्षक को गुपचुप ढंग से निलंबित कर बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरों ने मामला निपटा दिया।

एक पीड़ित बच्ची के पिता ने समझौते के लिए दबाव बनाए जाने का आरोप लगाया, फिर भी इस मामले में कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस को सूचना देने के बजाय मामला लीक न होने देने के लिए पूरी ताकत लगा दी गई।

आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के गांव कैमुआ स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षक के बच्चियों से छेड़खानी करने का मामला पिछले महीने सामने आया था। इस मामले में चार बच्चियों के अभिभावकों ने स्कूल की प्रधानाध्यापक सुमन से शिकायत की थी।

**कार्रवाई**

- शिक्षक के खिलाफ चार अभिभावकों ने की थी शिकायत
- प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाली आठ से 10 साल की हैं पीड़ित बच्चियां

प्रधानाध्यापक के मुताबिक उन्होंने अपने उच्चाधिकारियों को लिखित रूप से सूचना भेजी तो जांच का सिलसिला शुरू हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी ने खुद स्कूल पहुंचकर पीड़ित बच्चियों और उनके अभिभावकों से पूछताछ करने के साथ छानबीन की। इसमें प्रारंभिक तौर पर आरोपों की पुष्टि होने के बाद अपनी रिपोर्ट बीएसए को भेज दी।

## नदी में कूदा लखनऊ का अधेड़, तलाश जारी

**बागेश्वर, अमृत विचार :** यहां बागनाथ मंदिर के पास एक व्यक्ति ने सरयू नदी में छलांग लगा दी। घटना शनिवार रात लगभग 10 बजे की है। अंधेरा होने के कारण रात में रेस्क्यू नहीं किया जा सका। पुलिस व अग्निशमन दल ने रविवार को उसकी तलाश की।

शनिवार रात लगभग दस बजे एक व्यक्ति घूमते हुए बागनाथ मंदिर पहुंचा तथा उसने उफनती सरयू नदी में छलांग लगा दी। वहां तैनात पुलिस कर्मियों व कुछ लोगों ने उसे छलांग लगाते देखा तथा अग्निशमन दल व उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद अग्निशमन दल के जवान वहां पहुंचे तथा कुछ दूरी तक नदी में उसकी तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। रविवार सुबह फिर से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इधर पुलिस का कहना है कि नदी में कूदने वाला व्यक्ति ठाकुरगंज लखनऊ निवासी 50 वर्षीय राजू वर्मा पुत्र राधाकृष्ण वर्मा है। इन दिनों वह यहां तहसील रोड में रहता है।

### चारा मशीन में आकर महिला का हाथ कटा

**काशीपुर, अमृत विचार :** पशुओं के लिए चारा काटने के दौरान एक महिला का हाथ मशीन में चला गया। इस दौरान महिला का हाथ कट गया, जिसके बाद महिला को आनन फानन में सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद महिला को घर भेज दिया। रविवार की सुबह कुमाऊं कॉलोनी कचनालगाजी निवासी माया 55 घर पर चारा काट रही थी। इस दौरान महिला का हाथ मशीन में चला गया। महिला की चीख पुकार सुनकर परिजनों ने मशीन को रोक कर बामुश्किल हाथ को मशीन से बाहर निकाला, जिसके बाद परिजनों ने घायल महिला को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी।

### उच्च शिक्षण संस्थानों के भवनों में लगेंगे सोलर पैनल

**देहरादून, अमृत विचार :** राज्य के सभी राजकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं उनके परिसरों के भवनों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। प्रवेश प्रक्रिया में समस्याओं को देखते हुये महाविद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएंगी। वहीं विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को एनएसी (NAC) एवं एनआईआरएफ (नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) रैंकिंग के लिए अनिवार्य रूप से आवेदन करना अनिवार्य होगा। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने आवास पर उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने ग्रीन कैंपस की अवधारणा को धरातल पर उतारने के लिए सभी राजकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं उनके परिसरों में सोलर पैनल लगाने पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थानों का शीघ्र सर्वे कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। डॉ. रावत ने समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश को लेकर आ रही व्यवहारिक दिक्कतों को शीघ्र दूर करने की बात कही। उनका कहना था कि छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में कोई दिक्कतें नहीं आने दी जाएंगी, इसके लिए महाविद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया जाएगा।

# हाथी दांत के साथ पकड़े तीन तस्कर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** कुमाऊं एसटीएफ और केंद्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर की संयुक्त टीम ने वन्य जीव तस्करों पर बड़ी कार्रवाई कर हरिद्वार के श्यामपुर इलाके से तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हाथी के दो दांत बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया है।

कुमाऊं एसटीएफ के सीओ आरबी चमोला ने बताया कि कुछ दिनों पहले हरिद्वार के श्यामपुर में वन्यजीव अंगों के तस्करों की आवाजाही की खबर मिली थी। जिस आधार पर कुमाऊं एसटीएफ प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह और केंद्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर की संयुक्त टीम का गठन किया गया। संयुक्त टीम जांच में जुटी थी कि शनिवार को सूचना मिली कि हरिद्वार के पास श्यामपुर क्षेत्र में वन्य तस्करों को देखा गया है।



पकड़े गए हाथी दांत तस्करों के साथ मौजूद एसटीएफ व वन विभाग की संयुक्त टीम।

- कुमाऊं एसटीएफ और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई

संयुक्त टीम ने हरिद्वार के थाना श्यामपुर पहुंचकर गौतम सिंह और चंदन सिंह निवासी कामगारपुर थाना मंडावली (बिजनौर) को दबोच लिया। उनके कब्जे से सात-सात किलो वजनी दो हाथी दांत बरामद किए गए। पूछताछ में पता चला कि वन तस्कर ग्राम नौरंगाबाद, श्यामपुर निवासी जितेंद्र सिंह भी तस्करी में अहम भूमिका निभाता है। टीम ने शनिवार की देर रात्रि उसे भी दबोच लिया। एसटीएफ के मुताबिक तीनों आरोपी हाथी दांतों को किसी बड़े तस्कर को बेचने की फिराक में थे, हाथीदांत का सौदा भी हो चुका था, लेकिन ऐन वक्त पर टीम ने दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## पत्नी पर हमला करने वाला पति गिरफ्तार

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** पत्नी पर 13 जुलाई को कुल्हाड़ी से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोपी पति गिरफ्तार हो गया।

थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि 18 जुलाई को शिमला बहादुर निवासी रामभरोसे ने तहरीर देकर सूचना दी थी कि 13 जुलाई को उसके दामाद ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जब बेटी को जिला अस्पताल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने हल्द्वानी और हल्द्वानी से बरेली रेफर कर दिया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। बताया कि 28 जुलाई की दोपहर को सूचना मिली कि आरोपी गोपनीय तरीके से घर पर आया है, जिस पर पुलिस ने दबिश देकर हमलावर ग्राम खंदौली थाना शाहाबाद यूपी को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली।

# तीन युवकों ने सोती युवती को चाकुओं से गोदा, गंभीर

संवाददाता, रुद्रपुर

- थाना ट्रांजिट कैंप इलाके की है दुस्साहिक वारदात

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए तीन हमलावरों ने सोती युवती पर चाकुओं से गोद कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चाकूओं के प्रहार से खुली आं ख के बाद चीख पुकार सुनकर लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और हमलावर फरार हो गए। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं पुलिस ने तहरीर आने के बाद मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी।

जनपथ रोड स्थित बनखंडी कॉलोनी निवासी काजल किराए के मकान में रहती है। बताया जा रहा कि शनिवार की रात्रि युवती खाना खाकर सो रही थी कि रात्रि 12 बजे के करीब तीन युवक दबे कदमों से घर में घुसे और सोती युवती पर चाकुओं से ताबड़तोड़ प्रहार करना शुरू कर दिया। चाकू के प्रहार पड़ते ही जब युवती की आंख खुली तो उसने चीख पुकार मचाना शुरू कर दिया और लहूलुहान हालत में गिर गई।

घायल युवती का कहना था कि भागते वक्त एक हमलावर को उसने पहचान लिया था। जिस का नाम विक्की मंडल निवासी पीलीभीत है। उधर, थाना प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं संदिग्ध नामजद युवक की तलाश की जा रही है। जल्द ही हत्या के प्रयास प्रकरण का खुलासा किया जाएगा।

## ससुराल पक्ष पर पत्नी को बंधक बनाने का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

- बुजुर्ग माता-पिता से हाथापाई करवाई, एसएसपी से शिकायत

**अमृत विचार :** कोतवाली में एक युवक ने ससुराल पक्ष पर पत्नी को बंधक बनाने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर पत्नी को मुक्त कराने की गुहार लगाई। साथ ही आरोप लगाया कि ससुरालियों ने एक व्यक्ति भेजकर बुजुर्ग माता-पिता से भी हाथापाई करवाई।

सिंह कॉलोनी निवासी अंकुर त्रिपाठी ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका प्रेम विवाह 25 अक्टूबर 2023 को स्वार रामपुर यूपी निवासी गुरलीन कौर से हुई था। एक धार्मिक स्थल में शादी करने के बाद वह पत्नी के साथ सिंह कॉलोनी आकर रहने लगा और घर में जब पूजा पाठ का आयोजन करवाया तो उसमें पत्नी के मायके वाले नहीं आए और वह लगातार ससुराल पक्ष से आपसी संबंध बनाने का प्रयास करता रहा। आरोप था कि तीन जुलाई को सास व साले ने कॉल कर बताया कि उनका एक्सीडेंट हो गया, जिसकी सूचना मिलते ही उसकी पत्नी मायके गई और एक सप्ताह तक लगातार फोन पर बात भी करती रही, लेकिन उसके बाद मोबाइल बंद कर दिया। साथ ही सास ने धमकी दी कि यदि पत्नी को दोबारा कॉल किया तो जान से हाथ धो बैठेगा और जल्द तलाक देने का भी दबाव बनाया। आरोप था कि 21 जुलाई की दोपहर जब घर पर उसके बुजुर्ग माता-पिता अकेले थे, तो गोकुल नगरी बिलासपुर यूपी का रहने वाला एक व्यक्ति आता है और बुजुर्ग माता-पिता से दुर्व्यवहार कर हाथापाई की।

# प्रेमी से मिलने को परिवार को किया था बेहोश

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** चार दिन पूर्व परिवार के 10 सदस्यों को बेहोश कर घर में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। प्रेम-प्रसंग के चलते घर की महिला ने ही परिजनों और मेहमानों को नींद की गोलियां खिलाकर बेहोश कर रात को प्रेमी से मिलने की योजना बनाई थी। इस दौरान महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर चोरी दर्शाने तथा परिजनों को गुमराह करने के लिए घर में रखी नगदी तथा गहने भी चोरी कर लिए थे। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो पूरी घटना का खुलासा हो गया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी महिला तथा उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया।

ज्ञात हो कि 24 जुलाई की सुबह कोतवाली अंतर्गत कोलकाता चौकी क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर निवासी लाभ सिंह के परिवार के 10 सदस्यों को बेहोश कर चोरी की वारदात को अंजाम देने की घटना होने की पुलिस को सूचना मिली थी। ग्रामीणों के अनुसार सुबह जब पड़ोसी लाभ सिंह के घर पहुंचे तो परिवार के सभी सदस्य बेहोशी की हालत में गहरी नींद में सो रहे थे। ग्रामीणों द्वारा बेहोशी की हालत में एंबुलेंस के माध्यम से परिवार के सभी सदस्यों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए जांच शुरू कर दी। पता चला कि रात्रि से सो रहे परिवार के सदस्य अगले दिन दोपहर तक भी गहरी नींद में सोते रहे। अन्य परिजनों ने बताया कि अज्ञात कारणों के चलते अचानक घर के सदस्य और घर में आए मेहमान गहरी नींद में चले गए तथा अज्ञात लोगों ने घर में रखी करीब 8000 रुपये एवं सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। पुलिस ने बारीकी से जांच शुरू की तो पूरा मामला खुलता चला गया। पुलिस जांच में सामने आया कि ग्राम भगवानपुर निवासी अमरजीत सिंह की पत्नी सुखविंदर कौर का ग्राम निवासी पड़ोसी अमन सिंह के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है तथा अमन सिंह को पता था कि 24 जुलाई को सुखविंदर कौर का पति अमृतसर गया हुआ है। पति के बाहर होने की जानकारी के बाद प्रेमी अमन सिंह और प्रेमिका सुखविंदर कौर ने घर पर सारी रात मिलने की योजना बनाई, लेकिन सुखविंदर कौर ने घर पर परिवार के सदस्य तथा मेहमान होने की बात कही। योजना के तहत दोनों आरोपियों ने परिवार के सभी सदस्यों को खाने में नींद की गोलियां मिलाकर बेहोश करने की साजिश रची। योजना के तहत सुखविंदर कौर ने घर पर मौजूद सभी लोगों को बेहोशी की दवा खिलाकर गहरी नींद में सुला दिया, ताकि उन दोनों को कोई देख ना सके। साजिश के तहत दोनों ने परिवार तथा गांव वालों को गुमराह करने के उद्देश्य से घर में रखे गहने तथा नगदी चोरी कर ली, ताकि किसी को भी उन पर शक ना हो और ऐसा प्रतीत हो कि अज्ञात लोगों ने सभी को बेहोश करने के बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

**दुस्साहस**

- चार दिन पहले 10 लोगों को खिलाईं थीं नींद की गोलियां
- पुलिस ने किया खुलासा, महिला और प्रेमी गिरफ्तार

प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि शक होने के बाद पुलिस ने जब सुखविंदर कौर तथा उसके प्रेमी अमन सिंह से पूछताछ की तो पूरे मामले से परदा उठता चला गया और पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से चोरी हुए सोने चांदी के गहने तथा नकदी बरामद कर ली।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## विधानसभा सत्र शुरू होने के एक दिन पहले सपा विधायकों की हुई बैठक

# पीडीए के साथ सवर्ण मतदाताओं को साधने की तैयारी में सपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक फार्मूले के जरिये लोकसभा चुनाव में अप्रत्याशित सफलता दर्ज करने वाली सपा ने नेता प्रतिपक्ष पद पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय का चयन कर सवर्ण खासकर ब्राह्मण मतदाताओं का अपने पाले में करने की कोशिश की है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद बन जाने व नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद शिवपाल सिंह यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाने की संभावना बन रही थी, पर विधान परिषद में लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने के बाद शिवपाल के विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाने की संभावना कम हो गई। साथ ही, सपा एक बिरादरी व परिवाद से बचना चाह रही थी। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष के लिए पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज, राम अचल राजभर, मनोज कुमार पारस व तूफानी सरोज के नामों पर कयास लगाये जा रहे थे।

विधानसभा सत्र शुरू होने के एक दिन पहले सपा के विधायकों ने रविवार को हुई बैठक में चर्चा के बाद नेता प्रतिपक्ष के पद का नाम तय करने का फैसला अखिलेश यादव पर छोड़ दिया। इसके बाद अखिलेश यादव ने नेता प्रतिपक्ष के लिए माता प्रसाद पाण्डेय का चयन कर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए सभी को चौका दिया। बताया जा रहा कि प्रदेश में शीघ्र होने जा रहे विधानसभा उप चुनावों व 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा अपने पीडीए फैक्टर के साथ सवर्ण मतदाताओं को विश्वास में लेना चाह रही है। इसी रणनीति के तहत माता प्रसाद पाण्डेय को महत्व दिया गया है।

**हर जाति के नेता को महत्व :** इसके अलावा उप नेता पद पर इंद्रजीत सरोज पर विश्वास बनाए रखने के साथ ही अधिष्ठाता मंडल में महबूब अली, उप सचेतक पद पर राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ.आर के वर्मा को नियुक्त किया है। कार्य मंत्रणा समिति में लखनऊ विधायक रविदास मेहरोत्रा और आजमगढ़ के डॉ. संग्राम सिंह यादव और आशूमलिक को शामिल कर सर्व समाज में अपनी स्वीकार्यता बनाए रखने का काम किया है।

### सपा के कद्दावर नेता है माता प्रसाद पाण्डेय



सात बार विधायक रह चुके माता प्रसाद पाण्डेय सपा के वरिष्ठ नेताओं में शुमार हैं, प्रदेश में सपा की सरकार के दौरान दो बार विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। साल 2002 से 2007 तक और साल 2012 से 2017 तक विधानसभा अध्यक्ष रहें। वह, पहली बार 1980 में विधानसभा का चुनाव जीते थे। इसके बाद 1985 , 1989, 2002, 2007, 2012 और 2022 में विधानसभा पहुंचे। साल 1991 में वह स्वास्थ्य मंत्री थे और 2003 में वह श्रम और रोजगार मंत्री रह चुके हैं।

## बलिया में घर के पास गड्ढे में गिरने से डेढ़ वर्ष के बच्चे की मौत

**बलिया, एजेंसी :** जिले के सिकंदरपुर थाना इलाके के एक गांव में रविवार दोपहर डेढ़ वर्ष के बच्चे की खेलते-खेलते गड्ढे में गिर जाने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के घुरी बाबा के टोला गांव में रविवार दोपहर अव्यांश यादव खेलते समय अचानक घर के पास बने एक गड्ढे में गिर गया। पुलिस ने बताया कि बच्चे की मां अमृता को जब घर के आंगन में अव्यांश नहीं दिखा तो वह उसकी खोजबीन करने लगी और इस दौरान अमृता गड्ढे के पास गई तो बच्चा उसमें पड़ा मिला। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसे जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। जिला चिकित्सालय में चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का कार्यकाल आज पूरा हो जाएगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का कार्यकाल 29 जुलाई को समाप्त होगा। ऐसे में उन्हें विस्तार मिलेगा या उनकी जगह कोई और राज्यपाल नियुक्त होगा, इसको लेकर रविवार को कयास लगाये जाते रहे। फिलहाल प्रदेश विधानमंडल सत्र की शुरुआत को देखते हुए उनके अभी पद पर बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

मूल रूप से गुजरात की रहने वाली आनंदीबेन पटेल ने 29 जुलाई 2019 को प्रदेश के राज्यपाल का पदभार संभाला। इससे पहले वह गुजरात की पहली महिला मुख्यमंत्री रहीं। प्रदेश में सरोजनी नायडू के बाद वह दूसरी महिला राज्यपाल हैं। वह इससे पहले मध्य प्रदेश व छतीसगढ़ की राज्यपाल रह चुकी है। संवैधानिक व्यवस्था के तहत राज्यपाल की नियुक्ति पांच साल के लिए होती है। नये राज्यपाल की नियुक्त न होने पर उनका कार्यकाल नये राज्यपाल की नियुक्ति होने तक स्वतः बना रहता है।

**किसी को दोबारा कार्यकाल नहीं मिला :** प्रदेश राजभवन का इतिहास बताता है कि यहां अभी तक किसी का कार्यकाल नहीं बढ़ाया गया। प्रदेश में अभी तक 24 राज्यपाल बन चुके हैं। आनंदीबेन 25वीं राज्यपाल हैं। मोहम्मद उस्मान आरिफ, टीवी राजेश्वर और राम नाईक समेत अन्य राज्यपाल ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया है। बीएल जोशी ने भी यहां लगभग 4 साल 11 महीने बिताए थे।

# महिला को पेड़ से बांधकर कालिख पोती, बाल काटे

## हिरासत में लिए गए पंचायत में शामिल दर्जन भर से अधिक ग्रामीण

संवाददाता, कुंडा(प्रतापगढ़)

- पंचायत से भागे प्रेमी की सूचना पर पहुंची कई थानों की फोर्स

**अमृत विचार :** हथिगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में पंचायत में ग्रामीणों ने तुगलकी फरमान सुनाया। गांव के लड़के से महिला के प्रेम प्रसंग का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने दोनों को पेड़ से बांधकर उनके मुंह पर कालिख पोतने और बाल काटने का फरमान सुनाया।

प्रेमी मौका पाकर भाग निकला, लेकिन ग्रामीणों ने महिला को पकड़कर पेड़ से बांध दिया। उसके मुंह पर कालिख पोत दी और बाल भी काट दिया। ग्रामीणों के चंगुल से भाग निकले प्रेमी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी तो हड़कंप मच गया। भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पंचायत में शामिल 20 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस दर्जन भर से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हथिगवां थाना क्षेत्र के छोटकी इब्राहिमपुर गांव की एक 40 वर्षीय महिला को तीन संतान हैं। बड़ा बेटा करीब 12 साल का है, दो बेटियां छोटी हैं। महिला का पति मुंबई में रहकर नौकरी करता है। आरोप है कि महिला का प्रेम प्रपंच गांव के ही एक युवक से चल रहा है। यह बात धीरे-धीरे गांव में फैल गई।

ग्रामीणों ने इस पर आपत्ति की, लेकिन युवक का महिला के घर आना जाना बंद नहीं हुआ। गांव का माहौल खराब न हो इस को लेकर लोगों ने इस तरह के प्रेम प्रपंच पर रोक लगाने की बात कही, लेकिन दोनों के बीच संबंध जारी रहा। इसको लेकर कई बार पहले भी पंचायत हो चुकी थी। रविवार को महिला के परिवारीजन व रिश्तेदारों की उपस्थिति में ग्रामीणों की पंचायत हुई। दोनों के प्रेम प्रपंच को गांव के मान सम्मान से जोड़ते हुए दोनों को दंडित करने का फरमान सुनाया गया। पेड़ से बांधकर दोनों के मुंह पर कालिख पोतने और उनके बाल काटने का निर्णय लिया गया। यह सुनकर पंचायत में मौजूद प्रेमी ग्रामीणों के चंगुल से किस तरह भाग निकला।

ग्रामीणों ने विवाहिता को पकड़ लिया और बगीचे में ले जाकर पेड़ से बांध दिया। उसके मुंह पर कालिख पोत दी और बाल भी काट दिया। उधर, ग्रामीणों के चंगुल से छूटकर भागे प्रेमी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी तो हड़कंप मच गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना हथिगवां के अलावा अलग - अलग थानों की पुलिस फोर्स गांव में पहुंच गई।

पंचायत में शामिल 15 लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया, उनसे पूछताछ कर रही है। घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। इसमें महिला के बच्चे यह कहते हुए सुने जा रहे हैं कि उन्होंने ही अपनी मां को पेड़ से बांधा है और मुंह पर कालिख पोती है, लेकिन छोटे-छोटे बच्चे इस घटना को कैसे अंजाम दे सकते हैं इस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से एहतियातन गांव में फोर्स तैनात है।

> हथिगवां थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में 40 वर्षीय महिला का गांव के युवक से प्रेम प्रसंग के मामले में पंचायत हो रही थी। इस दौरान महिला के चेहरे पर कालिख लगाने व बाल काटने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। 20 लोगों को चिन्हित कर मुकदमा दर्ज किया गया है। 15 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
>
> -अजीत सिंह, सीओ कुंडा

## विधान भवन के सामने मांझा से कटी युवक की गर्दन

**लखनऊ, अमृत विचार :** स्कूटी से जा रहे निशातगंज निवासी सोनू उर्फ दिलीप कन्नौजिया (50) की गर्दन रविवार शाम विधान भवन के सामने मांझा से कट गई। एक हाथ से गर्दन के कटे हिस्से को दबाए और दूसरे हाथ से स्कूटी चलाता हुआ वह दारूलशफा चौकी पहुंचा। इंस्पेक्टर ने आनन-फानन सिविल अस्पताल भेजा। डॉक्टर के अनुसार सोनू की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है।

प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि शाम करीब पांच बजे स्कूटी सवार सोनू दारूल शफा चौकी के पास पहुंचा। खून को रोकने के लिए वह दाहिने हाथ से गर्दन को दबाए था। स्कूटी पर धुले कपड़ों के दो गट्ठर लदे थे। सोनू कुछ बोल नहीं पा रहा था, लेकिन किसी तरह इतना बताया कि मांझे से गर्दन कट गई है। दो दरोगा और दो सिपाही के साथ ऑटो से उसे सिविल अस्पताल भेज इलाज की व्यवस्था कराई गई।

## पाकिस्तान में खेलने पर सरकार लेगी फैसला: राजीव शुक्ला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी टी-20 लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी देखने पहुंचे बीसीसीआई उपाध्यक्ष



**अमृत विचार :** पाकिस्तान में आयोजित होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने भारतीय टीम वहां जाएगी या नहीं, इसकी चर्चा इन दिनों जोरों पर है। इस मामले में रविवार को बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने स्पष्ट किया कि इस पर सरकार फैसला लेगी। सरकार जो भी फैसला लेगी, हम उसी के अनुसार कार्य करेंगे। बीसीसीआई इस पर अपनी तरफ से कोई फैसला नहीं ले सकता है। उन्होंने बताया कि 2026 के विश्वकप के दौरान भारत आने को लेकर पाकिस्तान जो चाहे वह कह सकता है, हमें सरकार की स्वीकृति का इंतजार रहेगा।

रविवार को राजीव शुक्ला लखनऊ में यूपी टी-20 क्रिकेट लीग के लिए हुई खिलाड़ियों की नीलामी में हिस्सा लेने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हम देश से बंधे हैं। सरकार जो भी फैसला करेगा, उसका पालन किया जायेगा। यूपी टी-20 लीग के बारे में उन्होंने बताया कि इस बार लीग को भव्य रूप दिया गया है। लीग के सभी मुकाबले लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाएंगे। रोजाना दो मैच खेले जायेंगे। पूरी लीग में 34 मैच खेले जाएंगे। लीग आईपीएल के फॉर्मेट पर खेली जायेगी। यूपी टी-20 लीग का फायदा खिलाड़ियों को मिल रहा है। आईपीएल में एक भी टीम ऐसी नहीं है, जिसमें उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी न हों। पिछली बार यूपी टी-20 लीग में चमकने वाले समीर रिजवी को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स ने मंहगे दामों में खरीदा था।

## बरेली, पीलीभीत में 24 घंटे में अधिक बारिश की संभावना

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में मानसून फिर से सक्रिय हो गया है। अगले 24 घंटे में लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, बहराइच, बरेली, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, रामपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, जालौन, हमीरपुर, झांसी और ललितपुर में बुधवार को भारी वर्षा का अलर्ट है। इसके अलावा बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, गोंडा, बलरामपुर और आसपास जनपदों में अत्यधिक वर्षा की संभावना है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान हरदोई का 37.6 डिग्री रहा। दूसरे स्थान पर बस्ती रहा, यहां का तापमान 37.5 रहा। 36.8 डिग्री पारा प्रयागराज का रहा।

## सार-संक्षेप

### बलात्कार के आरोप में पीएसी का जवान गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी :** मुजफ्फरनगर से सटे शामली जिले में पुलिस ने एक महिला के घर में घुसकर उससे बलात्कार करने के आरोप में रविवार को पीएसी के एक जवान को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थाना भवन क्षेत्र के एक कस्बे में पिंटू नाम के पीएसी जवान ने शनिवार को एक महिला के घर में घुसकर उससे कथित रूप से बलात्कार किया। घटना के दौरान महिला का पति मौके पर आ गया तो आरोपी अपना मोबाइल फोन वहीं छोड़कर भाग गया। पुलिस ने पीएसी जवान के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पीएसी जवान मेरठ में तैनात है और छुट्टी पर अपने घर आया था।

### लखनऊ होकर मुंबई-पंजाब चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**लखनऊ, अमृत विचार :** त्योहारों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए लखनऊ होकर मुंबई और पंजाब के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसके अलावा अयोध्या कैंट-दिल्ली एक्सप्रेस और पद्मावत में कोच बढ़ाए जाएंगे। उत्तर रेलवे की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि ट्रेन नंबर 14207 मां बेलहा देवी धाम प्रतापगढ़-दिल्ली एक्सप्रेस में 2 अगस्त तक, वापसी में 14208 में दिल्ली से 5 अगस्त तक, ट्रेन नंबर 14205 अयोध्या कैंट में 29 जुलाई से 4 अगस्त तक, ट्रेन नंबर 14206 दिल्ली से अयोध्या कैंट में 28 जुलाई से 3 अगस्त तक स्लीपर कोच लगाया जायेगा। इसके अलावा मुंबई और पंजाब के बीच विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। ट्रेन नंबर 09043 बांद्रा टर्मिनस से गोरखपुर के बीच 27 अगस्त तक चलेगी। वापसी में 09044 गोरखपुर से दहानू रोड तक 28 अगस्त तक चलाई जाएगी।

### बलिया कांड: आरोपी एसएचओ ने किया सरेंडर

**लखनऊ, अमृत विचार :** बलिया कांड में फरार एसएचओ पन्नेलाल कन्नौजिया ने रविवार को गोरखपुर में सरेंडर कर दिया। बताया जा रहा है कि सुबह उसकी पत्नी को पुलिस ने उठाया था, जिसपर दबाव में आकर आरोपी एसएचओ सरेंडर कर दिया। हालांकि इस मामले में अभी भी कई आरोपी गिरफ्तार हैं। बतादें कि बलिया के नरही थाना क्षेत्र स्थित उप्र.-बिहार सीमा पर ट्रकों से अवैध वसूली हो रही थी। एडीजी वाराणसी जोन पियूष मोर्डिया एवं आजमगढ़ के डीआईजी वैभव कृष्ण ने पूरे मामले को उजागर किया था। वसूली गैंग में कई पुलिस कर्मियों के अलावा 16 दलाल भी शामिल पाए गए थे। सात पुलिस कर्मियों समेत 23 पर एफआईआर दर्ज हुआ था। एसएचओ नरही थाना पन्नेलाल कनौजिया मौके से फरार हो गए थे, जिसे पुलिस लगातार तलाश रही थी। रविवार को पन्नेलाल ने गोरखपुर गोला थाने में सरेंडर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची बलिया पुलिस पन्नेलाल को बलिया लेकर चली गई।

## सड़क हादसे में सास व दो बहुओं सहित चार की मौत

**इटावा, अमृत विचार :** फिरोजाबाद में हुए सड़क हादसे में थाना जसवंतनगर क्षेत्र के नगला हुलासी गांव निवासी सास व दो बहुओं सहित चार लोगों की मौत हो गई। यह परिवार रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में भाग लेकर लौट रहा था। ऑटो पलटने से हादसा हो गया।

जसवंतनगर थाना क्षेत्र के नगला हुलासी गांव के परिवार के आठ लोग गांव के ही भगवान सिंह के ऑटो में सवार होकर फिरोजाबाद जिले में अपनी बेटी की ससुराल में अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। लौटने के दौरान फिरोजाबाद में थाना मक्खनपुर क्षेत्र में अज्ञात वाहन के कट मारने से ऑटो असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में सास माया देवी व उनकी एक बहू सावित्री की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी बहू अनीता व ऑटो ड्राइवर भगवान सिंह, मातादीन, ज्ञानवती, नन्हूलाल, गुड्डू व 13 वर्षीय परी घायल हो गए। पुलिस ने क्षेत्रीय नागरिकों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान दूसरी बहू अनीता व नन्हूलाल ने भी दम तोड़ दिया।

## व्यवसाय शुरू करने के लिए पति द्वारा वित्तीय अनुरोध दहेज के दायरे में नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महिला द्वारा अपने पति और उसके रिश्तेदारों के खिलाफ दाखिल दहेज क्रूरता के मामले पर विचार करते हुए कहा कि पति और उसके रिश्तेदारों ने मुख्य रूप से व्यवसाय शुरू करने के लिए महिला के माता-पिता से दो लाख रुपए मांगे थे। प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों के अनुसार पति द्वारा अपने ससुराल वालों से व्यवसाय करने के लिए मांगी गई धनराशि दहेज के दायरे में नहीं आती। कोर्ट ने पाया कि महिला द्वारा किए गए अन्य दावे सामान्य, अस्पष्ट और असंगत थे, जिसके आधार पर पति और उसके रिश्तेदारों को परेशान करने की अनुमति नहीं दी जा सकती थी।

उक्त प्रकरण को दुर्भावना पूर्ण प्रयास मानकर न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की एकलपीठ ने देवदत्त और चार अन्य के खिलाफ कानपुर नगर के फजलगंज पुलिस स्टेशन में आईपीसी और दहेज निषेध अधिनियम, 1961 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले की पूरी कार्यवाही को खारिज करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि पति द्वारा इस तरह का वित्तीय अनुरोध भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए या दहेज निषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3/4 के तहत दहेज नहीं माना जाएगा।

मामले के अनुसार याची और शिकायतकर्ता का विवाह वर्ष 2012 में हुआ था। 5 साल बाद महिला ने 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमें उसने आरोप लगाया कि उसके पति और उसके ससुराल वालों द्वारा कम दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जाता है, साथ ही और अधिक पैसे की मांग की जा रही है। शारीरिक प्रताड़ना के कारण एक बार उसका गर्भपात भी हो चुका है, साथ ही शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल वाले उसे मारने की साजिश कर रहे हैं। हालांकि कोर्ट द्वारा इस तरह की यातना और उत्पीड़न के दौरान लगी चोटों के बारे में पूछे जाने पर महिला कोई मेडिकल प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सकी। अंत में कोर्ट ने संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया।

## वर्ग पहेली-145

**बाएं से दाएं**

1. चावल तथा उड़द की दाल को पीसकर बनाया जाने वाला एक प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय व्यंजन, चीला।
2. 1. निवेदन, प्रार्थना, अपील, विनती 2. वस्त्र आदि की चौड़ाई।
4. 1. जो मित्रता आदि का निर्वाह न करे 2. कृतघ्न 3. दगाबाज़ 4. वादाख़िलाफ़ 5. वचन भंग करने वाला 6. जिसमें वफ़ा
7. मन की वेदना, मानसिक दुख।
9. 1. पलाश या महुए के पत्तों का सींक खोंसकर बनाया गया कटोरेनुमा पात्र 2. उक्त पात्र में रखी हुई चीज़ 3. करदौना, पतोखा, संपुट 4. द्रोण।

**ऊपर से नीचे**

2. संसद या विधानमंडल का एक सदन- लोकसभा
3. 1. ऊंचाई, ऊंचा करना 2. छोड़ना, अलग करना, दूर करना, निकालना 3. तरक्की 4. पूरा करना 5. मिटाया हुआ 6. समाप्त करना 7. फ़ैसला करना।
5. अभागा, दुर्भाग्यशाली।
6. 1. हथियार आदि से युक्त 2. किसी भी कार्य के लिए आवश्यक सामग्री लेकर हर तरह से तैयार, कटिबद्ध 3. सजा हुआ, सुसज्जित।
8. 1. अस्तित्व की समाप्ति, मिटना 2. मृत्यु, इंतकाल, मौत 3. विनाश, बरबादी 4. (सूफ़ी मत) परमात्मा और आत्मा में भेद न रहना।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | |
| ■ | ■ | 4 | | | ■ |
| 5 | ■ | ■ | | ■ | 6 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 7 | | | | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 8 |
| | ■ | ■ | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली -144 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 किं | ■ | 2 धा | 3 प |
| ■ | 4 टँ | ग | ड़ी | ■ | शु |
| ■ | ■ | मे | ■ | ■ | पा |
| 5 चा | 6 ल | क | मं | ड | ल |
| ■ | 7 प | र | ■ | ■ | न |
| ■ | टा | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 8 ना | र | द | कुं | ड |

## सुडोकू -58

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| | 9 | | 7 | | | 2 | | |
| 3 | 4 | | 5 | | 8 | | | 7 |
| 9 | 7 | | | 6 | | 3 | | 8 |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| 5 | | 8 | | 3 | | | 7 | 2 |
| 2 | | | 6 | | 4 | | 8 | 1 |
| | | 7 | | | 2 | | 5 | |
| 4 | | | | | 9 | | | |

### सुडोकू -57 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 |
| 7 | 4 | 6 | 5 | 9 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 |
| 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 8 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि- नवमी 17 .55 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 10 .55 तक तत्पश्चात कृत्तिका।


मेष

आज रक्तचाप की समस्या से निजात मिल सकती है। नई संपत्ति खरीदने का विचार कर सकते हैं। आप सभी काम समय पर पूरा कर लेंगे। पुराने मित्रों से अपेक्षित मदद मिलेगी। पति-पत्नी के मध्य आपसी सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा।


वृष

आज किसी पर भी आंख-मूंदकर विश्वास न करें। घर के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो सकते हैं। नींद पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। मानसिक अशांति के कारण एकाग्रता में कमी रहेगी। एक साथ कई काम करने पड़ेंगे। बच्चों के ऊपर गर्व की अनुभूति होगी।


मिथुन

आज जोखिम भरे निवेश लाभकारी सिद्ध होंगे। साझेदारी वाले व्यवसाय में विशेष उन्नति की संभावना बन रही है। युवाओं को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहने वाला है। आपको नई जिम्मेदारियां मिल सकती है।


कर्क

आज आप बहुत सारा समय आत्ममंथन में व्यतीत कर सकते हैं। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कारोबारी में कुछ कमी महसूस हो सकती है। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको सहकर्मियों से मदद मिल सकती है।


सिंह

आज भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं। आपको दूसरों पर ज्यादा निर्भर होने से बचना चाहिए। अपनी आवश्यकताओं से अधिक धन खर्च न करें। आपके भीतर नई ऊर्जा का संचार होगा। कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता मिलेगी।


कन्या

आज प्रेम संबंधों में आपसी विश्वास की भावना कम न होने दें। पिता की सेहत का ध्यान रखें। अपनी वाणी में नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। अनावश्यक कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। ऑनलाइन पेमेंट आदि के दौरान विशेष सावधानी रखें।


तुला

आज का दिन पुराने ऋणों को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। थोक व्यापारियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान दें। घर के विद्युतीय उपकरणों में खराबी आ सकती है। घर के अनुभवी सदस्यों से राय अवश्य लें।


वृश्चिक

आज समाज में आपको मान-सम्मान की चिंता रहेगी। वरिष्ठ अधिकारियों से बहसबाजी न करें। नई व्यापारिक साझेदारी होने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी पूर्वक बयानबाजी करनी चाहिए।


धनु

आज पारिवारिक सदस्यों के साथ हंसी-मजाक भरा समय बिताएंगे। मानसिक तनाव और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। तकनीकी विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं।


मकर

आज किसी दीर्घकालिक लक्ष्य को लेकर आप योजना बना सकते हैं। अपने व्यवहार को लेकर लोगों के बीच केन्द्र बने रहेंगे। आप नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। गले में इंफेक्शन और जुकाम की समस्या हो सकती है।


कुंभ

आज जीवनसाथी की सलाह आपके काफी काम आने वाली है। शाम के समय घर में झगड़ा हो सकता है। किसी का अपमान न करें। आप काफी ज्यादा व्यस्त रहेंगे। कारोबार में आपको अपेक्षाकृत लाभ प्राप्त होगा। किसी को बिना मांगे राय न दें।


मीन

आज आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। तनाव आपके ऊपर हावी हो सकता है। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। पेट खराब होने की संभावना है। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जीवन युद्ध
सुबह : 09 .00
आजाद देश का अंधा कानून
रात : 09 .00

&pictures
पुलिसगिरी
सुबह : 10 .56
रावणासुर
रात : 08 .00

SONY PIX
मैकेनिक : रेज़रेक्शन
सुबह : 11 .28
द रैड 2
रात : 08 .45

ZEE CINEMA
किसी का भाई किसी का जान
सुबह : 11 .40
नं. 1 बिजनेसमैन
शाम : 05 .33

colors CINEPLEX
पद्मावत
सुबह : 10 .32
टाइगर नागेश्वर राव
रात : 07 .56

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 05 .33 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

प्रोपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

# विकसित भारत के लिए विरासत का विकास महत्वपूर्ण : मोदी

## 13 मुख्यमंत्रियों और 15 उप मुख्यमंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के दूसरे दिन के कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी



- देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने पर चर्चा
- कल्याणकारी उपायों में जनता की भागीदारी पर दिया जोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें अधिक मजबूती के साथ लोक कल्याण के लिए संयुक्त प्रयासों में जुट जाती हैं तो विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। भाजपा के सुशासन प्रकोष्ठ के संयोजक विनय सहस्रबुद्धे की ओर से जारी बयान के मुताबिक मोदी ने कहा कि विरासत का विकास और विकास की विरासत का निर्माण करना विकसित भारत की संकल्पना में विशेष महत्व रखता है।

प्रधानमंत्री भाजपा शासित राज्यों के 13 मुख्यमंत्रियों तथा 15 उप मुख्यमंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के दूसरे दिन उन्हें संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के एजेंडे पर विस्तार से बात की और कल्याणकारी उपायों में जनता की भागीदारी पर जोर दिया। सहस्रबुद्धे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विभिन्न समूहों को लक्षित करते हुए सरकारी योजनाओं की अधिकतम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा सहित भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री परिषद में भाग लिया। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति और इसके क्रियान्वयन पर बात की। राज्यों ने अपनी प्रमुख और महत्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रस्तुति दी। प्रधानमंत्री ने कल्याणकारी योजनाओं की कवरेज की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों को सुशासन के उदाहरण के तौर पर देखा जाना चाहिए। भाजपा द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक का उद्देश्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करना है। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, राजस्थान के भजनलाल शर्मा और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी शामिल हुए। मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, हरियाणा, मणिपुर और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों ने भी हिस्सा लिया।

### खादी ग्रामोद्योग पहली बार पहुंचा डेढ़ लाख करोड़ के पार

**मन की बात की 112वीं कड़ी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ के पार पहुंच गया है। खादी एवं हथकरघा की बढ़ती बिक्री रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है। आकाशवाणी पर मन की बात की 112वीं कड़ी में उन्होंने कहा कि जो पहले खादी के उत्पादों का उपयोग नहीं करते थे, वह भी आज गर्व से खादी पहनते हैं। उन्होंने कहा कि खादी की बिक्री 400 प्रतिशत बढ़ी है।

उन्होंने लोगों से भारत को नशा मुक्त बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे के शिकार लोगों के लिए सरकार ने मानस नामक अभियान की शुरुआत की है। इसके लिए हेल्पलाइन और पोर्टल को लांच हुआ है और टोल फ्री नंबर 1933 जारी किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पेरिस ओलंपिक की शुरुआत के साथ खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का मौका मिलता है। प्रधानमंत्री ने उन भारतीय छात्रों से बात की जिन्होंने गणित ओलंपियाड में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसमें भारतीय टीम ने चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। उन्होंने असम के मोइदाम्स को यूनेस्को की विश्व धरोहर में शामिल करने की सराहना की। उन्होंने लाचित बोरफुकन की सबसे ऊंची प्रतिमा के अनावरण का भी स्मरण किया।

# योगी के बाघ मित्र की मोदी ने की तारीफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सोमवार को विश्व बाघ दिवस है। इसके पूर्व रविवार को मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने पीलीभीत के बाघ मित्र कार्यक्रम की तारीफ की। पीलीभीत में पहले मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं होती थीं। इस पर अंकुश के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 2019 में बाघ मित्र कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष अक्टूबर में मुख्यमंत्री ने पीलीभीत में बाघ मित्र ऐप की शुरुआत की थी। वर्तमान में पीलीभीत में 120 से अधिक बाघ मित्र हैं। इनमें चार महिलाओं समेत कई युवा, बुजुर्ग भी हैं। जो व्हाट्सएप ग्रुप पर बाघ या अन्य जानवरों की जानकारी देते हैं। जिस पर वन विभाग की टीम बाघ की लोकेशन लेते हुए आमजन की सुरक्षा में जुट जाती है।

### प्रधानमंत्री की सराहना बाघ मित्रों में उत्साह का संचार करेगी : योगी

प्रधानमंत्री के बाघ मित्र कार्यक्रम की सराहना किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री द्वारा बाघ मित्र कार्यक्रम की सराहना निश्चित रूप से सभी बाघ मित्रों में नवीन उत्साह और ऊर्जा का संचार करेगी।

**8 वर्ष में तीन गुना बढ़े बाघ :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की स्थापना 2014 में हुई थी। उस समय 24 बाघ थे। प्रदेश सरकार के निर्देश पर बाघ के संरक्षण व संवर्धन पर कार्यक्रम शुरू किए गए। दुनिया के 70 फीसदी बाघ भारत में हैं। इसमें प्रदेश का भी अमूल्य योगदान है। 2022 में पीलीभीत में बाघों की गणना हुई थी। 8 वर्ष में यहां तीन गुना बाघ बढ़ गए। उस समय हुई गणना के मुताबिक अभी भी यहां 72 बाघ हैं।

## एक नजर

### फुफेरे भाई सहित 3 के खिलाफ दुष्कर्म केस

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के गांव में बुआ के घर आई नाबालिग से फुफेरे भाई और उसके दो साथियों के सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला अपने पति और पीड़िता के साथ रामगढ़ थाना पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी मई में बुआ के घर गई थी। बुआ के लड़के ने नहाते उसकी फोटो खींच ली। ब्लैकमेल कर उससे दुष्कर्म किया। आरोपी जुलाई में उसके गांव आया और जंगल में ले जाकर दो साथियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

### बसपा नेता की हत्या में तीन और लोग गिरफ्तार

**चेन्नई।** बसपा नेता के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के मामले में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान एन. विजयकुमार (21), वी. मुकिलन (32) और एन. विगनेश (27) के रूप में हुई है। सभी आरोपियों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें 15 दिन की हिरासत में भेज दिया।

### कालिका मंदिर में तंग कपड़ों में प्रवेश वर्जित

**रतलाम (मप्र)।** देवी कालिका मंदिर में तंग पोशाक तथा शॉर्ट्स पहने श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। पुजारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि तंग कपड़े पहने भक्तों को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। मंदिर की देखभाल कोर्ट ऑफ वार्ड्स एक्ट के तहत रतलाम जिला प्रशासन करता है। तहसीलदार ऋषभ ठाकुर ने कहा कि मंदिर प्रबंधन समिति ने प्रतिबंध के बारे में बताया है।

# प्रशिक्षण, बैठकों और नीति-निर्माण से आया बदलाव : सीजेआई

बेंगलुरु, एजेंसी



- विकलांगता के प्रति हमारे दृष्टकोण में आया है बदलाव

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि विकलांगता के प्रति हमारे दृष्टिकोण में बदलाव आया है। बेंगलुरु में शनिवार को इंडिया एक्सेसिबिलिटी समिट एंड स्टेट डिसेबिलिटी कमीशनर्स कॉन्क्लेव के उद्घाटन पर उन्होंने कहा कि यह बदलाव प्रशिक्षण, सार्वजनिक बैठकों और नीति-निर्माण से आया है।

सीजेआई ने कहा कि विकलांगता के प्रति हमारे दृष्टकोण में बदलाव आया है। प्रशासनिक अधिकारियों की प्रशिक्षण अकादमियों में विकलांगता के बारे में संवेदनशीलता पैदा करने वाला समर्पित मॉड्यूल है। कुछ राज्यों में आयुक्त सेवाओं की उपलब्धता में सुधार लाने और लोगों के वास्तविक अनुभवों के आधार पर नीति-निर्माण के लिए सार्वजनिक बैठकें कर रहे हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि निशक्तजनों के लिए पहुंच, स्वायत्तता, समान भागीदारी हासिल करने से पहले लंबा रास्ता तय करना है। हमें अभी भी लैंगिकता, शहरी-ग्रामीण विभाजन और विकलांगता के प्रकारों की विभिन्न अंतर्विभाजक असमानताओं पर विकलांग व्यक्तियों के सटीक आंकड़ों की आवश्यकता है। सीजेआई ने कहा कि सरकारी और निजी संस्थानों में निशक्तजनों की भर्ती तेजी से बढ़ रही है। तकनीकी समाधान महंगे होते हैं और उन लोगों के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं जिन्हें ज्यादा जरूरत होती है। 20 करोड़ लोग मनोसामाजिक विकलांगता में जी रहे हैं, फिर भी हम इसका निदान करने और समायोजित करने के लिए तैयार नहीं हैं।

### जमानत देकर जोखिम नहीं उठाना चाहते न्यायाधीश

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आपराधिक मामलों में संदेह की स्थिति में अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश जमानत देकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने मामले की बारीकियों पर गौर करने के लिए सामान्य समझ और विवेक के इस्तेमाल की आवश्यकता पर बल दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जिन लोगों को निचली अदालतों से जमानत मिलनी चाहिए, उन्हें वहां जमानत नहीं मिल रही है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें हमेशा उच्च न्यायालयों का रुख करना पड़ता है। जिन लोगों को उच्च न्यायालयों से जमानत मिलनी चाहिए, जरूरी नहीं कि उन्हें जमानत मिल जाए और इस कारण उन्हें उच्चतम न्यायालय का रुख करना पड़ता है।

# कर्नाटक की उपेक्षा का आरोप लगाकर झूठा प्रचार कर रही कांग्रेस : सीतारमण

बेंगलुरु, एजेंसी



- कर्नाटक को 50 वर्षों के लिए 10 हजार 041 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण मिलने वाला

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस के इन आरोपों को झूठा प्रचार करार देते हुए खारिज कर दिया कि केंद्र ने कर्नाटक की उपेक्षा की है। सीतारमण ने मीडिया सम्मेलन में कहा कि कर्नाटक को केंद्र सरकार से 50 वर्षों के लिए 10 हजार 041 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण मिलने वाला है।

सीतारमण ने बताया कि कर्नाटक को रेलवे के विकास के लिए 7,559 करोड़ का आवंटन किया गया है, जो उसके समर्थन में नाटकीय वृद्धि दर्शाता है। कलबुर्गी को मित्रा पार्क के लिए 200 करोड़ मिलने वाले हैं। आईआईटी धारवाड़, तुमकुर में पहले औद्योगिक गलियारे और स्मार्ट सिटीज मिशन के लिए 7 शहरों के चयन जैसी परियोजनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल के लिए 6 हजार करोड़ से अधिक आवंटित किए गए। इसके अतिरिक्त, 15 हजार करोड़ की 904 परियोजनाओं को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है और बोइंग इंडिया ने बेंगलुरु में सबसे बड़ा परिसर स्थापित किया है। उड़ान योजना के तहत 4,600 किमी लंबी सड़कों और 7 हवाई अड्डों के निर्माण के साथ बुनियादी ढांचे का विकास भी उतना ही मजबूत है।

# देश को 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

**नीति दस्तावेज**

- प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 18 हजार अमेरिकी डॉलर करने पर जोर

भारत को 2047 तक 18,000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति आय के साथ 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में प्रयास करने की जरूरत है। वर्ष 2047 में विकसित भारत के लिए दृष्टिकोण पत्र में यह बात कही गई है।

नीति आयोग ने 2047 में विकसित भारत के लिए सोच : एक दृष्टिकोण पत्र शीर्षक वाले एक पत्र में कहा कि भारत को मध्यम आय के जाल से बचने और इससे बाहर निकलने की दिशा में सावधानी के साथ काम करने की जरूरत है। इसके मुताबिक, एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमें 2047 तक 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करना होगा, जिसमें प्रति व्यक्ति आय 18,000 अमेरिकी डॉलर सालाना हो। दृष्टिकोण पत्र के मुताबिक, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को आज के 3,360 अरब अमेरिकी डॉलर से नौ गुना और प्रति व्यक्ति आय को आज के 2,392 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष से आठ गुना बढ़ाना होगा। इसमें यह भी कहा गया है कि मध्यम आय से उच्च आय स्तर तक प्रगति करने के लिए 20-30 साल तक 7-10 प्रतिशत की सीमा में लगातार वृद्धि की जरूरत होगी और बहुत कम देश ऐसा करने में सफल रहे हैं। पत्र में कहा गया है कि यह एक ऐसा भारत होगा, जिसमें विकसित देश की विशेषताएं होंगी और जिसकी प्रति व्यक्ति आय उच्च आय वाले देशों के बराबर होगी।

### दुष्कर्म के झूठे मामले में महिला पर कार्रवाई का कोर्ट ने दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कोर्ट ने दुष्कर्म का झूठा मामला दर्ज कराने वाली महिला पर पुलिस को कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि महिलाओं को दिए विशेषाधिकारों का इस्तेमाल व्यक्तिगत बदला लेने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शेफाली बरनाला टंडन ने कहा कि ऐसे झूठे आरोप आरोपी के जीवन और सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाते हैं। अदालत आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कहा कि 14 जुलाई को व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी लेकिन अगले दिन महिला ने मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दिया कि वह स्वेच्छा से आरोपी के साथ होटल में गई थी, जहां उन्होंने सहमति से यौन संबंध बनाए। कोर्ट ने कहा कि आरोपी से झगड़े के बाद महिला ने पुलिस को बुलाया तथा दुष्कर्म का आरोप लगा दिया।

# सभी भारतीयों पर बाल विवाह निषेध अधिनियम लागू होता है : हाईकोर्ट

कोच्चि, एजेंसी

- कोर्ट ने बाल विवाह के खिलाफ पलक्कड़ में 2012 में दर्ज मामले को किया रद

केरल हाईकोर्ट ने व्यवस्था दी कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 सभी भारतीयों पर लागू होता है, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। हर भारतीय पहले एक नागरिक है और फिर किसी धर्म का सदस्य बनता है।

न्यायमूर्ति पीवी कुन्हिकृष्णन ने बाल विवाह के खिलाफ पलक्कड़ में 2012 में दर्ज मामले को रद करने की याचिका पर दिए आदेश में कहा कि चाहे व्यक्ति किसी धर्म का हो, यह अधिनियम सभी पर लागू होता है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट के समक्ष दलील दी कि मुस्लिम होने के नाते लड़की को 15 वर्ष की आयु में शादी करने का धार्मिक अधिकार प्राप्त है। इन याचिकाकर्ताओं में उस समय नाबालिग रही लड़की का पिता भी शामिल था। कोर्ट ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को पहले भारत का नागरिक होना चाहिए, उसके बाद उसका धर्म आता है। मेरा यह मानना है कि व्यक्ति चाहे किसी भी धर्म का हो, चाहे वह हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, पारसी आदि कुछ भी हो, अधिनियम 2006 सभी पर लागू होता है। इसने यह भी कहा कि बाल विवाह के खिलाफ शिकायत मुस्लिम समुदाय के ही एक व्यक्ति ने दायर की थी।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### एनएफआईआर के लिए विधेयक अगले सत्र में होगा पेश : डीईए सचिव

**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा है कि राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री (एनएफआईआर) की स्थापना के लिए विधेयक अंतिम चरण में है और इसे संसद के अगले सत्र में पेश किया जा सकता है। बजट के बाद दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि यह अंतिम चरण में है। यह अंतर-मंत्रालयी परामर्श के अंतिम चरण में है। हम जल्द ही विधेयक को अंतिम रूप देंगे। उन्होंने कहा कि इसे संसद के चालू सत्र में पेश नहीं किया जा सकता है, लेकिन अगले सत्र में पेश किया जा सकता है। एनएफआईआर का मकसद ऋण संबंधी जानकारी के लिए सार्वजनिक अवसंरचना का निर्माण करना और ऋण देने वाली एजेंसियों को सही जानकारी उपलब्ध कराना है

### अल्ट्राटेक 3,954 करोड़ में इंडिया सीमेंट में 32.72% अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदेगी

**नई दिल्ली।** प्रमुख सीमेंट विनिर्माता अल्ट्राटेक 3,954 करोड़ रुपये में इंडिया सीमेंट लिमिटेड में 32.72% अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदेगी। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी के निदेशक मंडल ने रविवार को इंडिया सीमेंट लिमिटेड (आईसीएल) के प्रवर्तकों की 32.72% हिस्सेदारी 390 रुपये प्रति शेयर के भाव पर खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। अल्ट्राटेक ने रविवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, श्रीनिवासन एन और गुरुनाथ की अगुवाई वाले प्रवर्तक परिवार तथा होल्डिंग संस्थाओं से आईसीएल की इक्विटी शेयर पूंजी का 32.72% हिस्सा खरीदने के लिए तीन शेयर खरीद समझौते किए हैं। इस 3,954 करोड़ के सौदे के पूरा होने के बाद, आईसीएल में अल्ट्राटेक की हिस्सेदारी 55% से अधिक होगी। ऐसे में उसे सेबी के नियमों के अनुसार खुली पेशकश लानी होगी।

# 6 कंपनियों की पूंजी 1.85 लाख करोड़

## भारतीय जीवन बीमा निगम और इन्फोसिस सबसे अधिक लाभ में रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1,85,186.51 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और इन्फोसिस रहीं।

गत सप्ताह सेंसेक्स 728.07 अंक या 0.90% चढ़ गया। एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 44,907.49 करोड़ बढ़कर 7,46,602.73 करोड़ रुपये हुआ। इन्फोसिस 35,665.92 करोड़ बढ़कर 7,80,062.35 करोड़ रुपये पहुंचा। आईटीसी 35,363.32 करोड़ चढ़कर 6,28,042.62 करोड़ रुपये बढ़ा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 30,826.1 करोड़ का उछाल लेकर 15,87,598.71 करोड़ रुपये पहुंच गया। भारती एयरटेल 30,282.99 करोड़ बढ़कर 8,62,211.38 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक 8,140.69 करोड़ बढ़कर 12,30,842.03 करोड़ रुपये हो गया।

वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज 62,008.68 करोड़ घटकर 20,41,821.06 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 28,511.07 करोड़ गिराकर 8,50,020.53 करोड़, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) 23,427.1 करोड़ घटकर 7,70,149.39 करोड़ और हिंदुस्तान यूनिलीवर 3,500.89 करोड़ घटकर 6,37,150.41 करोड़ रुपये आ गया।

### फेडरल रिजर्व के ब्याज दर से तय होगी बाजार की दिशा



**नई दिल्ली।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, कंपनियों के तिमाही नतीजे, वृहद आर्थिक आंकड़े और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों का कहना है कि निवेशक आगे के संकेतकों के लिए वैश्विक बाजार के रुझान और कच्चे तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव पर भी नज़र रखेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस सप्ताह सभी का ध्यान वैश्विक संकेतकों विशेषरूप से अमेरिकी बाजारों पर रहेगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व 31 जुलाई को ब्याज दर पर अपने निर्णय की घोषणा करेगा। बाजार इस साल ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कर रहा है। अमेरिका और चीन के आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी। घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजे महत्वपूर्ण रहेंगे। इस सप्ताह गेल, अदाणी पावर, बैंक ऑफ बड़ौदा, बीएचईएल, कोल इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, टाटा स्टील, अदाणी एंटरप्राइजेज और टाटा मोटर्स तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी।

### सभी के लिए कर क्लियरेंस प्रमाणपत्र जरूरी नहीं : विभाग

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने स्पष्ट किया है कि वित्त विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों के मद्देनजर सभी लोगों को विभाग से कर भुगतान प्राप्त करने की जरुरत नहीं है बल्कि कालाधन अधिनियम 2015 में किए गए प्रावधानों के दायरे में आने वालो को यह प्रमाण पत्र हासिल करना होगा।

मीडिया और सोशल मीडिया पर आ रही खबरों के बीच केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने रविवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 230 के अनुसार, हर व्यक्ति को कर क्लियरेंस प्रमाणपत्र प्राप्त करना जरुरत नहीं है। कुछ मामले में जिनके संबंध में ऐसी परिस्थितियाँ मौजूद हैं जो कर क्लियरेंस प्रमाणपत्र प्राप्त करना आवश्यक बनाती हैं, उन्हें ऐसा प्रमाणपत्र प्राप्त करने की जरुरत होगी।

# उत्पादन बढ़ाने को 119 प्रोजेक्ट पर काम कर रही है कोल इंडिया

कोलकाता, एजेंसी



- कंपनी ने 1 अरब टन कोयला उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) 89.6 करोड़ टन सालाना क्षमता और 1,33,576 करोड़ की स्वीकृत पूंजी वाली 119 परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रही है। खनन कंपनी ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि ये परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरण में हैं और उत्पादन क्षमता बढ़ाने व भविष्य की कोयला मांग को पूरा करने के लिए सक्रिय रणनीति का हिस्सा हैं।

कंपनी ने पूंजीगत व्यय के लिए कोई समयसीमा नहीं बताई, लेकिन उसने कहा कि इन परियोजनाओं के विकास में उन्नत खनन प्रौद्योगिकियों और बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश शामिल है, जिसका उद्देश्य उत्पादकता बढ़ाना और टिकाऊ खनन प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करना है। कोलकाता मुख्यालय वाली कंपनी ने देश की कोयला मांग को पूरा करने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य का समर्थन करने के लिए 2025-26 तक 1 अरब टन का उत्पादन हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष (2023-24) में कंपनी का उत्पादन 77.36 करोड़ टन रहा था। सीआईएल ने कहा कि 2023-24 में दो करोड़ टन की स्वीकृत क्षमता और 1,783.09 करोड़ रुपये की स्वीकृत पूंजी वाली एक कोयला खनन परियोजना पूरी हो गई है। यह निर्धारित समयसीमा के भीतर बड़े पैमाने पर परियोजनाओं को निष्पादित करने की हमारी क्षमता को प्रदर्शित करती है।

# व्यापार मुद्दों पर रूस, यूएई के मंत्रियों के साथ की वाणिज्य सचिव ने बैठक

- रूस के साथ 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने द्विपक्षीय व्यापार मुद्दों के शीघ्र समाधान के लिए रूस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। अधिकारी ने रविवार को बताया कि बर्थवाल ने ये बैठकें 26 जुलाई को मास्को में 14वें ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के वाणिज्य मंत्रियों की बैठक से इतर कीं।

सचिव ने रूस के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेत्निकोव, यूरेशियन आर्थिक आयोग के व्यापार बोर्ड के सदस्य (मंत्री) आंद्रेई स्लेपनेव, उद्योग और व्यापार उप मंत्री एलेक्सी ग्रुज़देव, एफएसवीपीएस (पशु चिकित्सा और पादप स्वच्छता पर्यवेक्षण) के प्रमुख सर्गेई डैंकवर्ट के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के व्यापार, उद्योग एवं प्रतिस्पर्धा विभाग के उप मंत्री जुको गोडलिंपी और यूएई के विदेश व्यापार मंत्री थानी बिन अहमद अल जेयौदी से भी मुलाकात की। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि इन बैठकों में द्विपक्षीय व्यापारिक मुद्दों पर उनके शीघ्र समाधान के लिए चर्चा की गई। रूस के साथ बैठकें महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, झींगा और फार्मा जैसे क्षेत्रों में गैर-व्यापार बाधाओं के मुद्दों को उठा रहा है ताकि रूस को निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके और लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ा जा सके।

### एफपीआई ने जुलाई में 33,600 करोड़ किए निवेश

**नई दिल्ली।** नीतिगत सुधार की उम्मीद, सतत आर्थिक वृद्धि और कंपनियों के बेहतर नतीजों के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने भारतीय शेयर बाजार में 33,600 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

बजट में वायदा और विकल्प व्यापार और इक्विटी निवेश से पूंजीगत लाभ पर कर में बढ़ोतरी के बाद एफपीआई ने 3 कारोबारी सत्रों में शेयरों से 7,200 करोड़ से अधिक की निकासी की है। शेयर बाजार इस साल विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 5 गुना बढ़ा

## निवेश जून में समाप्त तिमाही में 94,151 करोड़ रुपये पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी



- निवेशकों का भरोसा और शेयर बाजारों में तेजी से फंड को लेकर बढ़ा आकर्षण

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश जून, में समाप्त तिमाही में पांच गुना बढ़कर 94,151 करोड़ पहुंच गया है। एक साल पहले समान तिमाही में यह आंकड़ा 18,358 करोड़ था। मजबूत आर्थिक माहौल, सरकार की अनुकूल राजकोषीय नीतियां, निवेशकों का भरोसा और शेयर बाजारों में तेजी के बीच इक्विटी म्यूचुअल फंड को लेकर आकर्षण बढ़ा है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के अनुसार, जून में उद्योग के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) 59% बढ़कर 27.68 लाख करोड़ हो गईं, जो एक साल पहले 17.43 लाख करोड़ थीं। परिसंपत्ति आधार में मजबूत वृद्धि के साथ इक्विटी म्यूचुअल फंड के निवेशकों की संख्या भी बढ़ी है। निवेशक आधार 3 करोड़ बढ़ा है और फोलियो की संख्या बढ़कर 13.3 करोड़ हुई है। स्टॉक ट्रेडिंग मंच ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) त्रिवेश डी ने बताया कि इक्विटी फोलियो की संख्या से पता चलता है कि विभिन्न निवेशक खंडों में भागीदारी व्यापक है। इसकी वजह वित्तीय जागरूकता तथा निवेश मंचों तक सुगम पहुंच है। एम्फी के अनुसार, इक्विटी म्यूचुअल फंड में जून 2024 को समाप्त तिमाही में 94,151 करोड़ का निवेश हुआ। अप्रैल में 18,917 करोड़, मई में 34,697 करोड़ और जून में 40,537 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इक्विटी फंड में निवेश जून तिमाही में पांच गुना बढ़कर 94,151 करोड़ रुपये हो गया। यह जून, 2023 को समाप्त तिमाही में 18,358 करोड़ था। मार्च, 2024 की पिछली तिमाही की तुलना में जून तिमाही में निवेश 32% अधिक रहा है।



# पेरिस ओलंपिक 2024



## तीसरे दिन भारत के मुकाबले

**तीरंदाजी :** पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल : तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव – शाम 6 :30 बजे

**बैडमिंटन :** पुरुष युगल ( ग्रुप चरण ) : सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम मार्क लैम्सफस और मार्विन सीडेल ( जर्मनी ) – दोपहर 12 बजे

**महिला युगल ( ग्रुप चरण ) :** अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो बनाम नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा ( जापान ) – दोपहर 12 :50 बजे

**पुरुष एकल ( ग्रुप चरण ) :** लक्ष्य सेन बनाम जूलियन कैरेगी ( बेल्जियम ) – शाम 5 :30 बजे

**निशानेबाजी :** 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन : मनु भाकर और सरबजोत सिंह, रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा – दोपहर 12 :45 बजे

**पुरुष ट्रैप क्वालीफिकेशन :** पृथ्वीराज तोंडईमान– 1 :00 बजे

**10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल :** रमिता जिंदल – दोपहर 1 :00 बजे

**10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल :** अर्जुन बबूता – दोपहर 3 :30 बजे

**हॉकी :** पुरुष पूल बी मैच : भारत बनाम अर्जेन्टीना– शाम 4 :15 बजे

**टेबल टेनिस :** महिला एकल ( राउंड ऑफ 32 ) : श्रीजा अकुला बनाम जियान जेंग ( सिंगापुर )– रात 11 :30 बजे

## खेल डायरी

### सुमित नागल पुरुष एकल के पहले दौर में बाहर

**पेरिस ।** भारत के नंबर एक खिलाड़ी सुमित नागल रविवार को यहां ओलंपिक पुरुष एकल टेनिस प्रतियोगिता के तीन सेट तक चले पहले दौर के मुकाबले में फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से हारकर बाहर हो गए । भारत के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को दो घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 2–6, 6–2, 5–7 से हार मिली । दोनों खिलाड़ियों ने पहले दो सेट 6–2 के समान स्कोर से जीते । पर 65 मिनट तक चले निर्णायक सेट में फ्रांस के खिलाड़ी ने भारतीय खिलाड़ी की चुनौती पस्त कर दी ।

### श्रीहरि , धिनिधि सेमीफाइनल में पहुंचने से चूके

**नांटेरे ( फ्रांस ) ।** पेरिस ओलंपिक की तैराकी स्पर्धा में भारत की चुनौती रविवार को खत्म हो गई जब श्रीहरि नटराज और धिनिधि देसिंघु अपने अपने वर्ग के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सके । नटराज 55 .01 सेकंड की टाइमिंग के साथ 100 मीटर बैकस्ट्रोक में संयुक्त दूसरे और ओवरआल तालिका में 33वें स्थान पर रहे । शीर्ष 16 तैराक ही सेमीफाइनल में पहुंचते हैं । नटराज का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 53 .77 सेकंड का है । पहली बार ओलंपिक में उतरी भारतीय दल की सबसे युवा सदस्य 14 वर्ष की देसिंघु 200 मीटर महिला फ्रीस्टाइल हीट में अव्वल रही । पहली हीट में उन्होंने 2 :06 .96 का समय निकाला लेकिन 30 प्रतियोगियों में वह 23वें स्थान पर रहीं ।

### भारतीय महिला तीरंदाजी टीम क्वार्टर फाइनल में हारी

**पेरिस ।** भारतीय महिला तीरंदाजी टीम पेरिस ओलंपिक में रविवार को क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से 0–6 से हार गई । अपना चौथा ओलंपिक खेल रही दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और भजन कौर की तिकड़ी 51–52, 49–54, 48–53 से हार गई । अंकिता और दीपिका ने बेहद खराब जबकि भजन ने अच्छा स्कोर बनाया । भारत ने क्वालीफिकेशन में चौथे स्थान पर रहने के बाद क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाई थी ।

# मनु भाकर ने टोक्यो के आंसुओं को जश्न में बदला

## पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक के साथ भारत का खाता भी खोला , 0.1 अंक से रजत पदक से चूकीं

शेटराउ (फ्रांस), एजेंसी

- दक्षिण कोरियाई खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण और रजत पदक
- लंदन ओलंपिक 2012 के बाद निशानेबाजी में पहला पदक



तीन बरस पहले टोक्यो में अपने पहले ओलंपिक में पिस्टल में खराबी आने के कारण निशानेबाजी रेंज से रोते हुए निकलीं मनु भाकर ने जुझारूपन और जीवट की नई परिभाषा लिखते हुए पेरिस में पदक के साथ उन सभी जख्मों पर मरहम लगाया और हर खिलाड़ी के लिये एक नजीर भी बन गईं। टोक्यो ओलंपिक के बाद कुछ दिन अवसाद में रही मनु ने करीब एक महीने तक पिस्टल नहीं उठाई। लेकिन फिर उस बुरे अनुभव को ही अपनी प्रेरणा बनाया और पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल में कांसे के साथ भारत का खाता भी खोला। वह ओलंपिक के इतिहास में भारत के लिए पदक जीतने वाली पहली महिला निशानेबाज बन गईं।

मनु का टोक्यो ओलंपिक में इसी स्पर्धा के क्वालिफिकेशन के दौरान पिस्टल में खराबी के कारण आंसुओं के साथ अभियान समाप्त हो गया था लेकिन आज उनके चेहरे पर मुस्कान थी। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद भारत का निशानेबाजी में यह पहला ओलंपिक पदक है। हरियाणा के झज्जर की रहने वाली 22 साल की मनु ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 221.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज जब बाहर हुईं तो दक्षिण कोरिया की येजी किम से सिर्फ 0.1 अंक पीछे थीं, जिन्होंने अंततः 241.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। किम की हमवतन ये जिन ओह ने 243.2 अंक से फाइनल के ओलंपिक रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

कांटे के फाइनल में जब तीसरे स्थान के लिए उनके नाम का ऐलान हुआ तो उनके चेहरे पर सुकून की एक मुस्कान थी और एक कसक भी कि 0.1 अंक और होते तो पदक का रंग कुछ और होता। लेकिन ओलंपिक पदक तो ओलंपिक पदक है। इसलिये भी अहम है क्योंकि पिछले 12 साल से भारतीय निशानेबाज ओलंपिक से खाली हाथ लौट रहे थे। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में दर्जनों पदक जीत चुके पिस्टल निशानेबाजी के लीजेंड जसपाल राणा के साथ मनु का खट्टा मीठा रिश्ता रहा है। वह 2018 एशियाई खेलों से पहले मनु के कोच बने और उनके मार्गदर्शन में मनु ने सीनियर विश्व कप के दस पदक (2018 से 2021) जीते। टोक्यो ओलंपिक से पहले मार्च 2021 में मनमुटाव के कारण दोनों अलग हो गए थे। पिछले साल मनु ने एक बार फिर द्रोणाचार्य सम्मानित कोच राणा के साथ जुड़ने का फैसला किया।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2 | 0 | 6 |
| कोरिया | 3 | 2 | 1 | 6 |
| चीन | 3 | 1 | 1 | 5 |
| जापान | 3 | 1 | 1 | 5 |
| फ्रांस | 2 | 2 | 2 | 6 |
| अमेरिका | 1 | 3 | 2 | 6 |
| कजाखस्तान | 1 | 0 | 2 | 3 |
| बेल्जियम | 1 | 0 | 1 | 2 |
| जर्मनी | 1 | 0 | 0 | 1 |
| हांगकांग | 1 | 0 | 0 | 1 |
| उज्बेकिस्तान | 1 | 0 | 0 | 1 |
| इटली | 0 | 2 | 3 | 5 |
| भारत | 0 | 0 | 1 | 1 |

### प्रणय ने रोथ को हराकर जीत से किया आगाज

**पेरिस।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय ने रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप के मैच में जर्मनी के फैबियन रोथ खिलाफ सीधे गेमों में जीत से की। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज प्रणय ने 45 मिनट तक चले इस मैच को 12-18, 21-12 से अपने नाम किया। जर्मनी के खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में प्रणय को कड़ी टक्कर दी लेकिन दूसरे गेम में आसानी से मुकाबला अपने नाम किया।

### अर्जुन और रमिता 10 मी. एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में



**शेटराउ ( फ्रांस ) ।** भारतीय निशानेबाज अर्जुन बबूता ने रविवार को यहां क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई । 25 साल के बबूता ने 105 .7, 104 .9, 105 .5, 105 .4, 104 .0 और 104 .6 अंक की सीरीज के साथ कुल 630 .1 अंक जुटाए । बबूता सोमवार को आठ निशानेबाजों के फाइनल में पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे । वहीं रमिता जिंदल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में फाइनल में जगह बना ली हैं । रमिता 60 शॉट के क्वालीफाइंग राउंड में 631 .5 का स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की । रमिता ने पहली सीरीज में 104 .3, दूसरी में 106 .0, तीसरी में 104 .9, चौथी में 105 .3, पांचवीं में भी 105 .3 और छठी सीरीज में 105 .7 अंक हासिल किए । रमिता की हमवतन इलावेनिल वलारिवन ने कड़ी टक्कर दी लेकिन वह बहुत कम अंतर से पीछे रह गईं । 630 .7 के स्कोर के साथ वलारिवन की उम्मीदें अंतिम सीरीज में धराशायी हो गईं ।

### पीवी सिंधु ने पहला मुकाबला जीता



**पेरिस ।** भारतीय बैडमिंटन स्टार और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए मालदीव की फतिमाथ अब्दुल रज्जाक पर मात्र 29 मिनट में जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की । सिंधु ने आज यहां ग्रुप एम के मुकाबले में फतिमाथ अब्दुल रज्जाक को 21–9, 21–6 से हराया । सिंधु ने पहले गेम में दबदबा बनाते हुए शुरुआती बढ़त हासिल की और पूरे समय मैच पर नियंत्रण बनाए रखा । फ़तिमाथ को सिंधु की गति और सटीकता का सामना करने में संघर्ष करना पड़ा । सिंधु ने पहला सेट 21–9 से आसानी से जीत लिया । इसके बाद दूसरे गेम में भी सिंधु ने शानदार खेल मुजाहिरा करते हुए मध्य–खेल अंतराल पर 11–3 की बढ़त हासिल की और दूसरा सेट 21–6 से जीतकर मुकाबला भी जीत लिया । सिंधु बुधवार को अपने दूसरे ग्रुप मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा से भिड़ेंगी ।

### निकहत जरीन मुक्केबाजी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं



**पेरिस ।** दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने रविवार को यहां जर्मनी की मैक्सी करीना क्लोएट्जर पर जीत के साथ महिलाओं के 50 किग्रा ओलंपिक के प्री–क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया । इस 28 साल की गैरवरीय मुक्केबाज ने यहां नॉर्थ पेरिस एरेना अंतिम 32 दौर के मुकाबले में जर्मनी की मुक्केबाजी के खिलाफ 5–0 से जीत हासिल की । निकहत के सामने गुरुवार को खेल जाने वाले प्री–क्वार्टर फाइनल में एशियाई खेलों और मौजूदा फ्लाईवेट विश्व चैंपियन चीन की वू यू की चुनौती होगी । शीर्ष वरीयता प्राप्त वू यू को पहले दौर में बाई मिली है । ओलंपिक में पदार्पण कर रही निकहत पदक की मजबूत दावेदार है । क्लोएट्जर के खिलाफ अपने मुकाबले में वह अच्छी शुरुआत करने में विफल रही । जर्मनी की मुक्केबाज ने शुरुआत में आक्रामक रुख अपनाकर निकहत को चौंकाया । इस दौरान दोनों मुक्केबाजों ने एक–दूसरे को कुछ सटीक पंच लगाये ।

## नौकायन: पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में बलराज

पेरिस, एजेंसी

- रेपेचेज से शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल के लिए करते हैं क्वालीफाई

भारत के बलराज पंवार रविवार को पेरिस ओलंपिक में रेपेचेज दो में दूसरे स्थान पर रहते हुए नौकायन की पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। बलराज ने सात मिनट 12.41 सेकेंड का समय लिया और मानाको के क्वेंटिन एंटोगनेली से पीछे रहे जो सात मिनट 10:00 सेकेंड के समय से शीर्ष पर रहे।

प्रत्येक रेपेचेज से शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। पंवार पूरी रेस के दौरान दूसरे स्थान पर बने रहे। उन्होंने 500 मीटर की दूरी को एक मिनट 44:13 सेकेंड, 1000 मीटर की दूरी को तीन मिनट 33:94 सेकेंड और फिर 1500 मीटर की दूरी को पांच मिनट 23:22 सेकेंड में पार किया। इसके बाद उन्होंने 2000 मीटर की दूरी की रेस सात मिनट 12.41 सेकेंड में पूरी की। शनिवार को बलराज इसी स्पर्धा में सात मिनट 07:11 सेकेंड के समय से चौथे स्थान पर रहे थे। रेपेचेज एक में स्लोवेनिया के इवान इसाक जवेगेल्ज और पैराग्वे के जेवियन इन्सफ्रान क्रमशः सात मिनट 6.90 सेकेंड और सात मिनट 8.29 सेकेंड से शीर्ष दो स्थान पर रहे।

## मनिका व श्रीजा राउंड 32 में पहुंचीं

पेरिस, एजेंसी





- शरत कमल हारकर पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल प्रतियोगिता से बाहर हो गए

भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल प्रतियोगिता से बाहर हो गए जबकि स्टार महिला खिलाड़ी मनिका बत्रा ने राउंड 64 में अपनी प्रतिद्वंद्वी को 4-1 से हराकर अपना अभियान शुरू किया। अपना पांचवा ओलंपिक खेल रहे 42 वर्षीय शरत को 53 मिनट तक चले मैच में अपने से 86 पायदान नीचे के प्रतिद्वंद्वी स्लोवेनिया के डेनी कोजुल से 2-4 ( 12-10 9-11 6-11 7-11 11-8 10-12 ) से हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज शरत ने पहला गेम जीता लेकिन इसके बाद अगले तीन गेम में उन्हें हार झेलनी पड़ी। यह भारतीय खिलाड़ी जब पीछे चल रहा था, तब उन्होंने पांचवा गेम जीत कर स्कोर 2-3 किया लेकिन आखिर में वह विश्व में 126वें नंबर के खिलाड़ी को जीत से नहीं रोक सके।

महिला एकल मैच में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की चैम्पियन और 18वीं वरीय मनिका ने 41 मिनट में हर्से को 11-8 12-10 11-9 9-11 11-5 से मात दी। अब मनिका का सामना 31 जुलाई को राउंड 32 मैच में फ्रांस की 12वीं वरीय प्रीथिका पवाडे से होगा। इससे पहले श्रीजा अकुला ने स्वीडन की क्रिस्टीना कल्बर्ग पर 4-0 की शानदार जीत के साथ राउंड ऑफ 32 में प्रवेश किया। डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रचने वाली श्रीजा ने स्वीडन की खिलाड़ी को 30 मिनट में 11-4, 11-9, 11-7, 11-8 से पराजित किया।

## नडाल एकल के पहले दौर में जीते

**पेरिस।** स्पेनिश स्टार राफेल नडाल ने पेरिस ओलंपिक में अंतिम मिनट में एकल में खेलने का फैसला करते हुए रविवार को पहले दौर के मैच में मार्टन फुकसोविक्स पर जीत दर्ज की और अब उनका सामना सर्बिया नोवाक जोकोविच से होगा। नडाल ने यहां 14 बार रोलां गैरों की लाल बजरी पर रिकॉर्ड फ्रेंच ओपन खिताब जीते हैं। उन्होंने फुकसोविक्स पर 6-1, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की। नडाल और अल्काराज की जोड़ी ने युगल के पहले दौर में शनिवार को अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी को 7-6, 6-4 से मात दी थी और साढ़े 18 घंटे बाद नडाल फिर से एकल खेलने कोर्ट पर थे, जिसमें खेलने को लेकर पहले स्पष्टता नहीं थी।

## जीत की लय कायम रखने उतरेगी हॉकी टीम

पेरिस, एजेंसी

जीत के साथ शुरुआत करने वाली भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक पुरुष हॉकी स्पर्धा के दूसरे मैच में रियो ओलंपिक 2016 चैम्पियन अर्जेंटीना के खिलाफ इस लय को कायम रखने उतरेगी। भारत ने रोमांचक पहले मैच में शनिवार को आखिरी सीटी बजने से डेढ मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर न्यूजीलैंड को हराया।

अर्जेंटीना की टीम मैन टू मैन मार्किंग में मुस्तैद है और भारत को इसमें सेंध लगानी होगी। भारत को ओलंपिक में कठिन पूल बी मिला है जिसमें मौजूदा चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड हैं। भारत के लिए न्यूजीलैंड, अर्जेंटीना और आयरलैंड के खिलाफ पहले तीनों मैच काफी अहम है, जिसके बाद सामना बेल्जियम और आस्ट्रेलिया से होगा। अर्जेंटीना को हराने पर क्वार्टर फाइनल की राह पक्की हो जायेगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश एक बार फिर दीवार की तरह गोल के सामने खड़े रहे। श्रीजेश का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट है। भारत अभी पूल बी में बेल्जियम के बाद दूसरे स्थान पर है लेकिन अभी सभी टीमों ने एक एक मैच ही खेला है।

## नाइजीरिया की मुक्केबाज डोपिंग के कारण निलंबित


**पेरिस।** नाइजीरिया की मुक्केबाज सिंथिया ओगुनसेमिलोर को प्रतिबंधित डोपिंग पदार्थ के सेवन का दोषी पाए जाने के बाद पेरिस ओलंपिक खेलों से बाहर कर दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के अनुसार अफ्रीकी खेलों की लाइटवेट चैंपियन ओगुनसेमिलोर का गुरुवार को परीक्षण किया गया था और उनके मूत्र में फ़्यूरोसेमाइड पाया गया है। फ़्यूरोसेमाइड एक मास्किंग एजेंट है जो अन्य दवाओं की उपस्थिति को छिपा सकता है। एजेंसी के अनुसार ओगुनसेमिलोर को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है और वह ओलंपिक में भाग नहीं ले सकती हैं। इस 22 वर्षीय मुक्केबाज को 60 किग्रा भार वर्ग में चौथी वरीयता दी गई थी तथा उन्हें अपना पहला मुकाबला सोमवार को खेलना था। ओगुनसेमिलोर ने पिछले साल अफ्रीकी खेलों का खिताब जीता था।

## श्रीलंका बना एशिया का चैंपियन

**महिला टी20 एशिया कप**

दाम्बुला, एजेंसी

- समरविक्रमा और चमारी अटापट्टू की पारी से आठ विकेट से जीता
- लचर क्षेत्ररक्षण व खराब प्रदर्शन बना भारत की हार का कारण



हर्षिता समरविक्रमा
चमारी अटापट्टू

हर्षिता समरविक्रमा और कप्तान चमारी अटापट्टू की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 63 गेंद में 87 रन की साझेदारी के दम पर श्रीलंका ने महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में रविवार को यहां भारत को आठ विकेट से हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया। भारत को छह विकेट पर 165 रन पर रोकने के बाद श्रीलंका ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 167 रन बनाकर यादगार जीत दर्ज की।

भारतीय टीम की इस हार में खराब गेंदबाजी के साथ बेहद लचर क्षेत्ररक्षण का भी हाथ रहा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने समरविक्रमा का आसान कैच टपकाया जिन्होंने 51 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और दो छक्के की मदद से 69 रन बनाये। चमारी ने 43 गेंद में नौ चौके और दो छक्के की मदद से 61 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों को हावी होने का मौका नहीं दिया। कप्तान के आउट होने के बाद समरविक्रमा ने कविशा दिलहारी के साथ तीसरे विकेट के लिए 40 गेंद में 73 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। विजयी छक्का लगाने वाली दिलहारी ने 16 गेंद की नाबाद पारी में 30 रन बनाये। दिलहारी ने इससे पहले गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए 36 रन देकर दो विकेट चटकाये थे। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 47 गेंद की अपनी पारी 10 चौके की मदद से 60 रन की पारी खेल बड़े स्कोर की नींव रखी। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा ( 16 ) के साथ 44 रन की साझेदारी कर टीम को सधी शुरुआत दिलाई जबकि जेमिमा रोड्रिग्स के साथ चौथे विकेट के लिए तेजी से 41 रन रन जोड़े।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर श्रृंखला क्लीन स्वीप की

**बर्मिंघम (इंग्लैंड)।** बेन स्टोक्स के अपने देश के लिए सबसे तेज अर्धशतक और मार्क वुड के पांच विकेट से इंग्लैंड ने रविवार को यहां तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की। इंग्लैंड के कप्तान ने 28 गेंद में 57 रन बनाए और क्रेग ब्रैथवेट की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। बेन डकेट ने 16 गेंद में 25 रन का योगदान दिया। इस सलामी जोड़ी ने लगभग 12 के रन रेट से रन जुटाये जिससे इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 7.2 ओवर में बिना विकेट गंवाये 87 रन बनाकर जीत हासिल की। वेस्टइंडीज ने दो विकेट पर 33 रन से खेलना शुरू किया लेकिन वुड की गेंदबाजी के सामने पूरी टीम 175 रन पर ढेर हो गई जिन्होंने 40 रन देकर पांच विकेट झटके। इससे इंग्लैंड को जीत के लिए 82 रन का लक्ष्य मिला।

## वर्षा बाधित मैच में भारत की जीत

पल्लेकेले, एजेंसी

- डकवर्थ लुईस नियम से श्रीलंका को सात विकेट से रौंदा
- भारत की ओर से गेंदबाज रवि विश्नोई ने तीन विकेट झटके



रवि विश्नोई

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद यशस्वी, सूर्या और हार्दिक की तूफानी पारियों की बदौलत भारत ने रविवार को वर्षा बाधित दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को सात विकेट से हरा दिया है। इसी के भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के स्कोर छह रन था कि बारिश ने दोबारा शुरु हो गई। इसके बाद डकवर्थ लुईस नियम के तहत बारिश से बाधित मुकाबले में भारतीय टीम को आठ ओवर में 78 रन का लक्ष्य मिला। जिसे उसने 6.3 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 81 रन बनाकर हासिल कर लिया।

यशस्वी ने 15 गेंदों में 30 रन बनाए जबकि कप्तान सूर्याकुमार ने 12 गेंदों पर ताबड़तोड़ 26 रन की पारी खेली। हार्दिक पंड्या नौ गेंदों में 22 रन और ऋषभ पंत दो रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका की ओर से महीश तीक्षणा, वानिंदु हसरंगा और मतीशा पतिराना ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां भारत ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। श्रीलंका ने कुशल परेरा के शानदार अर्द्धशतक (53) और पतुम निसंका के (32) रनों की बदौलत भारत को जीत के लिए 162 रनों का लक्ष्य दिया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। इसके बाद पतुम निसंका एवं कुसल परेरा ने दूसरे विकेट के लिए 80 रन जोड़े। भारत की ओर से रवि विश्नोई ने तीन विकेट झटके वहीं अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल, हार्दिक पांडया ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली ( उत्तर प्रदेश ) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद ( उत्तर प्रदेश ) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

